*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
13 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 202
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही




## झारखंड में आज होगा लोकसभा चुनाव का आगाज

# खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम और पलामू में वोटिंग आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण और झारखंड में पहले चरण की वोटिंग सोमवार को होगी। खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम और पलामू संसदीय सीटों पर कुल 7595 बूथों पर 64 लाख मतदाता 45 प्रत्याशियों की राजनीतिक किस्मत तय करेंगे। इन चार में से तीन सीट, खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम अनुसूचित जनजाति के आरक्षित है, जबकि पलामू सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इन सीटों पर मतदान कराने के लिए मतदान कर्मियों को रविवार को जीपीएस लगे वाहनों से रवाना किया गया। रांची के मोरहाबादी मैदान से भी खूंटी के तमाड़ और लोहरदगा के मांडर के लिए मतदानकर्मी रवाना हुए। मांडर में 403 और तमाड़ में 303 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। चुनाव में सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के अलावा दूसरे राज्यों के पुलिस बलों के करीब 37 सौ जवानों की तैनाती की गयी है। इनके अलावा 3225 मतदान कर्मी और 436 पदाधिकारी भी तैनात हैं। इन्हें 350 बस और छोटी गाड़ियों से रवाना किया गया। झारखंड की चार सीटों में 23 विधानसभा क्षेत्र आते हैं।

- 64 लाख वोटर तय करेंगे 45 प्रत्याशियों की किस्मत
- चार सुरक्षित लोकसभा क्षेत्रों में 7595 मतदान केंद्र
- जीपीएस लगे वाहनों से मतदानकर्मी हुए रवाना
- आसमान में बादल, तो बूथ पर वोट की बारिश के आसार



### ग्रामीण वोटरों पर टिकी निगाहें

झारखंड में पहले चरण के चुनाव के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक मतदान केंद्र हैं। इन चार लोकसभा क्षेत्रों में कुल 7595 मतदान केंद्र हैं, जिसमें से 639 शहरी और 6956 ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। चुनाव आयोग इन मतदान केंद्रों से वेब कास्टिंग के जरिये मतदान पर नजर रखेगा। सिंहभूम क्षेत्र में 1716 मतदान केंद्र, खूंटी में 1705 मतदान केंद्र, लोहरदगा में 1748 और पलामू लोकसभा में 2427 मतदान केंद्र बनाये गये हैं।

### देश भर में 92 सीटों पर भी डाले जायेंगे वोट

झारखंड की चार लोकसभा सीटों के अलावा देश के नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 92 सीटों के लिए भी सोमवार को मतदान होगा। इसमें मतदाता चुनावी दंगल में उतरे 1678 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, उनमें आंध्र प्रदेश की सभी 25 सीटें, तेलंगाना की 17 सीटें, यूपी की 13 और महाराष्ट्र की 11 सीटें शामिल हैं। इसके साथ ही मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल की आठ-आठ, बिहार की पांच, ओड़िशा की चार और जम्मू कश्मीर की एक सीट पर वोट डाले जायेंगे। इसके अलावा आंध्रप्रदेश में विधानसभा की सभी 175 सीटों पर भी वोट डाले जायेंगे।

### अर्जुन, गीता, वीडी राम और समीर उरांव की प्रतिष्ठा दांव पर

पहले चरण में भाजपा से खूंटी से अर्जुन मुंडा, पलामू से वीडी राम, लोहरदगा से समीर उरांव और गीता कोड़ा की प्रतिष्ठा दांव पर है। इंडी अलायंस की ओर से खूंटी सीट पर कालीचरण मुंडा, पलामू से ममता भुइयां, लोहरदगा से सुखदेव भगत और सिंहभूम से जोबा मांझी मैदान में हैं। अब ऐसे में रोमांचक मुकाबला भी इन सीटों पर दिखने की उम्मीद है। सोमवार सुबह 5.30 बजे मॉक पोल होगा। सुबह 9.30 बजे से निर्धारित एप पर वोट प्रतिशत आने लगेंगे। शाम पांच बजे तक वोटिंग की रिपोर्ट 5.30 बजे तक आ जायेगी। अंतिम रिपोर्ट रात 12 बजे तक आयेगी।

## पीएम मोदी के रोड शो में उमड़े पटना के लोग

# दो किलोमीटर की दूरी ढाई घंटे में नापी

**आजाद सिपाही टीम**

**पटना/कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पटना में अपना पहला रोड शो किया। करीब दो किलोमीटर के इस रोड शो के दौरान पूरा पटना भगवामय रहा। लोग पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे। पीएम मोदी एयरपोर्ट से सीधे भट्टाचार्य मोड़ पहुंचे। वहां से रोड शो शुरू हुआ और एसपी वर्मा रोड, एग्जीबिशन रोड, भट्टाचार्य रोड, पीर मुहानी बुद्ध मूर्ति, कदमकुआं, बारी पथ और बाकरगंज होते हुए गांधी मैदान के पास उद्योग भवन तक पहुंच कर समाप्त हुआ। पहले रोड शो की शुरुआत डाकबंगला से होनी थी, मगर आखिरी घंटों में सुरक्षा कारणों से रूट में बदलाव किया गया। यह रोड शो करीब दो किलोमीटर लंबा था और इसे पूरा होने में करीब ढाई घंटे लगे। पीएम मोदी के साथ सीएम नीतीश कुमार और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी और अन्य नेता थे। जगह-जगह प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए मंच लगाये गये थे।

**शहजादे को उनकी उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी :** इससे पहले पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के बैरकपुर, हुगली, आरामबाग और हावड़ा में धुआंधार रैली-सभाएं की। इस दौरान उन्होंने तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस पर जम कर हमला बोला। प्रधानमंत्री ने कहा कि संदेशखाली की बहनों को डराया-धमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इस बार उनके शहजादे (राहुल गांधी) की उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी।



### रैली में मां की तस्वीर देख कर पीएम के चेहरे पर आयी मुस्कान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए हुगली में एक भावुक पल उनके समक्ष आया। भाषण के दौरान उनकी नजर दो युवकों पर पड़ी, जो पीएम मोदी की मां की तस्वीर लहरा रहे थे। यह देखते ही प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर अनायास ही एक भावुक मुस्कान आ गयी। उन्होंने तुरंत एसपीजी के जवान से दोनों तस्वीरें अपने पास मंगायीं। मातृ दिवस के मौके पर यह तोहफा पाकर प्रधानमंत्री मोदी भाव-विभोर दिखाई दिये। इनमें से एक तस्वीर में पीएम मोदी अपनी मां के चरणों में बैठे दिखाई दे रहे हैं और उनकी मां उन्हें कुछ बातें बतातीं दिख रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में पीएम मोदी की मां हीराबेन उनके कंधे पर हाथ रख कर उन्हें दुलार करतीं दिख रही हैं।

# देश में खत्म हो गयी है मोदी लहर: चंपाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का दावा है कि देश में मोदी लहर खत्म हो गयी है। उन्होंने ट्वीटर पर एक पोस्ट कर कहा है कि झारखंड समेत पूरे देश की जनता यह देख रही है कि गांव से लेकर शहर तक और मोहल्लों से लेकर बाजारों तक, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जनता का स्नेह, सहयोग और समर्थन मिल रहा है। उन्होंने लिखा है कि झारखंड में पिछले चार वर्षों में हर जरूरतमंद परिवार तक सरकार पहुंची और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया। रोटी, कपड़ा, मकान, पेंशन समेत शिक्षा के माध्यम से सामाजिक बदलाव लाने में हमारी सरकार काफी हद तक सफल रही। उन्होंने आगे लिखा कि इन लाखों परिवारों के आशीर्वाद एवं आप सभी के सहयोग से, झारखंड की आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का हमारा अभियान जारी रहेगा।



# मंत्री आलमगीर आलम को इडी ने कल बुलाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

- ओएसडी संजीव लाल के कबूलनामे के बाद भेजा गया समन
- खुलासा : टेंडर के एवज में कमीशन का बड़ा हिस्सा मंत्री का था

**रांची।** राज्य सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम को इडी ने मंगलवार 14 मई को पूछताछ के लिए बुलाया है। मंत्री को यह समन उनके ओएसडी रहे संजीव लाल के कबूलनामे के बाद किया गया है। अब मंत्री कमीशन के इस खेल के लपेटे में आ गये हैं। अगर आरोपों की पुष्टि हुई, तो मंत्री की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ओएसडी ने इडी के अधिकारियों के सामने यह कबूल किया है कि कमीशन का बड़ा हिस्सा मंत्री को मिलता था। पिछले सोमवार को ओएसडी के नौकर जहांगीर आलम के घर से करीब 32 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। इसमें से आधी से अधिक राशि मंत्री की थी। मंत्री को पता था कि कमीशन का पैसा कहां रखा जा रहा है। जहांगीर आलम का मंत्री आलमगीर आलम के घर भी आना-जाना था।

संजीव लाल ने इडी के सामने कबूला है कि विभाग में टेंडर मैनेज करने के लिए कमीशन का रेट तीन फीसदी से लेकर 15 फीसदी तक था। मंत्री के चहेते ठेकेदारों का कमीशन कम था। मंत्री के अलावा इडी जल्द ही विभाग में सचिव रह चुके दो आइएएस अधिकारियों को भी समन करेगा। इसके अलावा कम से कम चार अभियंता और दो बिचौलियों, राजीव कुमार सिंह और मुन्ना सिंह को समन किया जा सकता है। संजीव लाल ने स्वीकारा है कि विभाग में कोई ठेका बिना मैनेज के नहीं दिया जाता था। फिलहाल संजीव लाल और उनका नौकर इडी की रिमांड पर हैं।

**छापेमारी के बाद बहुत लोगों ने मंत्री से किया किनारा :** इधर जब से इडी ने जहांगीर और संजीव लाल के यहां छापेमारी की है, तभी से मंत्री के यहां आने-जाने वाले लोग उनसे कन्नी काटने लगे हैं। इन दिनों उनके आवास पर भीड़ भी नहीं दिख रही है। आवास की रौनक एक तरह से खत्म हो गयी है। जो लोग वहां हैं, उनके चेहरों की भी हवाइयां उड़ी हुई हैं।






### संपत्तियों के बारे में भी हो सकती है पूछताछ

इधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आलमगीर आलम की संपत्ति के बारे में भी बहुत सारी जानकारी सामने आयी है। इनमें रांची, कोलकाता, साहिबगंज, मुर्शिदाबाद और अन्य जगहों पर संपत्ति होने की जानकारी मिल रही है। संभव है कि इन संपत्तियों के बारे में भी इडी पूछताछ करे। हालांकि अभी इडी ने इस बारे में कुछ खुलासा नहीं किया है।

### आफिस भी जाऊंगा और इडी के सवालों का जवाब दूंगा

पाकुड़ (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश ही नहीं, बल्कि हमारे क्षेत्र की जनता और गैर-कांग्रेसी दल के लोग भी मेरे चरित्र से वाकिफ हैं। मेरे पीएस और उनके नौकर के यहां इडी की छापेमारी में करोड़ों रुपये मिले हैं। मेरा विभाग रहने के कारण स्वाभाविक है कि इडी मुझे भी पूछताछ के लिए तलब करेगी और ऐसा ही किया गया है। हमें दो दिन का समय मिला है और इस दौरान आवश्यक कागजात तैयार करेंगे। इडी कार्यालय भी पहुंचेंगे और समन का जवाब भी दिया जायेगा। ये बातें पाकुड़ में कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहीं।

# बम फटने से तीन बच्चे समेत चार की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के मनातू थाना क्षेत्र अंतर्गत नौडीहा में बम फटने से तीन बच्चे समेत चार की मौत हो गयी। मरनेवालों में बाप-बेटे भी शामिल हैं। तीन लोग जख्मी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया है। उनके शरीर पर कई जगह जख्म हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। बच्चों की मौत से उनके परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है। मृतकों में इश्तियाक अंसारी और उसका बेटा मजीद अंसारी, हजरत अंसारी का पुत्र शाहिद अंसारी, अकबर अंसारी का पुत्र वारिस अंसारी शामिल है। इश्तियाक अंसारी का पुत्र शहादत, पुत्री अफसाना एवं रुखसाना दोनों जख्मी है।

नौडीहा गांव से आये ग्रामीणों ने बताया कि इश्तियाक अंसारी कबाड़ खरीदने का काम करता था। रविवार को भी उसने कई जगह से कबाड़ खरीदा था और अपने घर लाया था। सामान लाने के बाद घर पर उतार रहा था। इसी क्रम में अचानक धमाका हुआ और इश्तियाक के चिथड़े उड़ गये, जबकि उसके बच्चों समेत आसपास के बच्चे जख्मी हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि फाइबर प्लास्टिक के कनेक्शन पाइप में बम था। इसकी जानकारी इश्तेयाक को नहीं थी। इश्तियाक को कबाड़ किसने बेचा इसके बारे में जानकारी स्पष्ट नहीं हो पायी है।



## न्यूज रील्स

### आज सुप्रीम कोर्ट में होगी हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई

रांची। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग 13 मई यानि सोमवार को होनी है। इसी दिन सुप्रीम कोर्ट में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका की सुनवाई होगी। यह सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की अदालत में होगी। हेमंत सोरेन ने कथित भूमि घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। इससे पहले झारखंड हाइकोर्ट ने हेमंत सोरेन की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। इस आदेश के खिलाफ हेमंत सोरेन सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। हेमंत सोरेन ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत भी मांगी थी। उन्होंने कहा था कि उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर अदालत की ओर से जब तक फैसला नहीं आ जाता, तब तक उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने की अनुमति दी जाये। वहीं इडी ने हेमंत सोरेन पर आरोप लगाया है कि उन्होंने करोड़ों रुपये की जमीन हासिल करने के लिए फर्जीवाड़ा का सहारा लिया।


### मेट्रो स्टेशनों पर लिखे मिले खालिस्तानी नारे

नई दिल्ली । लोकसभा चुनाव के बीच अलगाववादी समर्थकों ने एक बार फिर दिल्ली का माहौल खराब करने की कोशिश की है। रविवार दोपहर दिल्ली के दो मेट्रो स्टेशनों पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिख दिए गए। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की। किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेट्रो स्टेशन की दीवार पर नारे लिखे हुए थे। छानबीन और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नारों को मिटा दिया गया। मेट्रो पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।









# मोदी के दौरे से बदला चतरा, कोडरमा और हजारीबाग का माहौल

## ■ सिमरिया की सभा ने इन तीनों सीटों पर पैदा कर दी है अजीब सी लहर

## ■ भाजपा की राह हो गयी आसान, बढ़ गयीं इंडी अलायंस की चुनौतियां

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की अपनी दूसरी चुनावी यात्रा में शनिवार को चतरा के सिमरिया में एक रैली को संबोधित किया। इस रैली में कितने लोग शामिल हुए और उनका वोट भाजपा को मिलेगा या नहीं, इस पर विवाद होता रहेगा, लेकिन इस रैली के बाद एक बात साफ हो गयी कि पीएम मोदी की इस यात्रा ने राज्य की तीन संसदीय सीटों, चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में होनेवाले चुनाव का माहौल पूरी तरह बदल दिया है। झारखंड की 14 संसदीय सीटों में से चार पर 13 मई को, जबकि तीन सीटों पर 20 मई को मतदान होना है। चतरा संसदीय क्षेत्र के सिमरिया में पीएम मोदी ने चुनावी रैली में जो कुछ कहा, उसकी गूंज उनके जाने के बाद कोडरमा और हजारीबाग संसदीय सीटों पर सुनाई दे रही है। इन तीनों संसदीय सीटों का चुनाव प्रचार अभियान अचानक से तेज हो गया है और खास कर भाजपा खेमे में नयी ऊर्जा का संचार हुआ है। इन तीनों संसदीय सीटों के भाजपा प्रत्याशी, चतरा से कालीचरण सिंह, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी और हजारीबाग से मनीष जायसवाल पीएम मोदी की यात्रा के बाद से बेहद उत्साहित नजर आने लगे हैं। यह उत्साह पीएम मोदी की यात्रा के एक दिन बाद ही इनके चुनाव कार्यालयों में साफ देखा जा सकता है। इतना ही नहीं, इन तीनों क्षेत्रों में भाजपा का हर नेता और कार्यकर्ता पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। इन तीनों संसदीय क्षेत्रों में जो माहौल बदला है, उससे तो यही नतीजा निकलता है कि यहां भाजपा की राह आसान हो गयी है और इंडी गठबंधन के सामने नये किस्म की चुनौतियां खड़ी हो गयी हैं। क्या है इन तीनों संसदीय सीटों का माहौल और पीएम मोदी के दौरे ने इन सीटों पर कैसे 'जादू की छड़ी' फेर दी है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

झारखंड के चतरा संसदीय क्षेत्र के सिमरिया से इटखोरी होते हुए पदमा के रास्ते हजारीबाग आने के दौरान सिंदूर के लोगों की बातचीत का विषय बदल चुका है। इस गांव से करीब एक हजार लोग शनिवार को सिमरिया गये थे, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी सभा को संबोधित किया था। उस सभा से लौटने के बाद यहां के लोगों में अब एक बदलाव नजर आने लगा है। ये लोग अब भ्रष्टाचार और आदिवासी हितों की बात करने लगे हैं। हालांकि वोट किसे देते हैं या देंगे, इस सवाल पर लोग चुप्पी साध लेते हैं, लेकिन तीन दिन पहले तक जहां लोग वोट के प्रति नकारात्मक नजरिया रख रहे थे, वहीं अब वे वोट डालने के लिए उत्सुक नजर आने लगे हैं। वे मानते हैं कि उनके रुख में यह बदलाव पीएम मोदी को सामने से देखने और उनकी बातें सुनने के बाद आया है।

लगभग यही हाल कोडरमा संसदीय क्षेत्र के बरकट्ठा इलाके का है, जहां के लोग बड़ी संख्या में पीएम मोदी को सुनने सिमरिया गये थे। यहां के लोगों ने स्वीकार किया कि भाजपा के प्रति उनका नजरिया पीएम मोदी का भाषण सुनने के बाद पूरी तरह बदल गया है। ये लोग झारखंड के पिछड़ेपन पर चिंता जताते हैं और कहते हैं कि देश के साथ-साथ राज्य का विकास भी बेहद जरूरी है।

### चतरा संसदीय सीट पर बदला माहौल

पीएम मोदी ने सिमरिया में चुनावी रैली को संबोधित किया और दो दिन बाद वह फिर गिरिडीह आनेवाले हैं। चतरा संसदीय सीट से भाजपा ने इस बार बड़ा दांव खेला है और एक स्थानीय प्रत्याशी कालीचरण सिंह को मुकाबले में उतारा है। उनके मुकाबले इंडी गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने कृष्णानंद त्रिपाठी को उतारा है, जो पलामू के रहनेवाले हैं। पीएम मोदी की सभा के बाद जब लोगों से बात की गयी, तो यह साफ हो गया कि अब लड़ाई 'मोदी बनाम एंटी मोदी' की हो गयी है। पीएम मोदी की सभा में उमड़ी भीड़ में शामिल लोग घर लौटते हुए एक ही बात कहते नजर आये कि उनकी आंखें अब खुल गयी हैं। अब वे किसी भुलावे में नहीं रहेंगे। लोगों की बात सुन कर ऐसा लगा कि चतरा संसदीय क्षेत्र का माहौल इस एक सभा ने पूरी तरह बदल दिया है और पीएम मोदी ने एक अजीब सी लहर पैदा कर दी है।



### हजारीबाग में भी नजर आयी लहर

जहां तक हजारीबाग संसदीय क्षेत्र का सवाल है, तो पीएम मोदी की सिमरिया यात्रा का असर यहां भी खूब पड़ा है। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल हालांकि कांग्रेस के जयप्रकाश भाई पटेल के साथ मुकाबले में फंसे हैं, लेकिन पीएम मोदी की सभा ने उनकी राह कुछ आसान बना दी है। हजारीबाग के ग्रामीण इलाकों में, जहां अब तक भाजपा कमजोर नजर आ रही थी, अचानक से एक बदलाव नजर आने लगा है।

चाहे बड़कागांव हो या गोला, मांडू हो या कुजू, लोग भाजपा की बात करने लगे हैं और पीएम मोदी की बातें सुनने के बाद अपना मन बदल रहे हैं। हजारीबाग के बाहर डेमोटांड़ में चाय की एक दुकान पर कुछ युवा मिले, जो पीएम की सभा में शामिल होने बाइक से सिमरिया गये थे। इनकी बाइक पर पहले कोई झंडा नहीं लगा होता था, लेकिन अब भाजपा का झंडा बंध गया है। इतना ही नहीं, दुकानों पर भी चर्चा होने लगी है।

### कोडरमा में बड़ी हुई इंडी अलायंस की चुनौती

कोडरमा संसदीय क्षेत्र में पीएम मोदी की यात्रा का सीधा असर भले ही जमीन पर नहीं दिखता हो, सभा में कही गयी उनकी बातों की गूंज जरूर सुनाई देती है। कोडरमा से गिरिडीह जानेवाले रास्ते पर पहले भाकपा माले के साथ-साथ झामुमो और कांग्रेस के समर्थकों से मुलाकात होती थी, अब लगता है स्थिति बदल गयी है। लोग अब अन्नपूर्णा देवी को लेकर सकारात्मक बातें करने लगे हैं। पीएम मोदी की सिमरिया यात्रा के बाद इलाके के लोग उनके गिरिडीह आने का इंतजार कर रहे हैं। वह 14 मई को गिरिडीह आ रहे हैं।

ऐसे में कोडरमा में इस बार राजनीतिक परिवर्तन बड़ा रूप ले चुका है। लोग कहते हैं कि अन्नपूर्णा देवी ने अपनी पूरी क्षमता से काम तो किया, हालांकि जितना विकास होना चाहिए था, नहीं हुआ, तो इसके लिए राज्य सरकार भी बराबर की जिम्मेवार है। लेकिन भाजपा के लोग स्वीकार करते हैं कि तमाम अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अन्नपूर्णा देवी के सामने भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं।

इन तीनों संसदीय क्षेत्रों में एक बात साफ तौर पर नजर आयी और वह यह कि पीएम मोदी की सिमरिया यात्रा ने यहां एक अजीब किस्म की लहर पैदा की है, जिससे भाजपा खेमे में उत्साह नजर आने लगा है। दूसरी तरफ इंडी गठबंधन के किसी बड़े नेता के नहीं आने से वहां एक किस्म की मायूसी दिखने लगी है।

---

## हजारीबाग संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी से खास बातचीत

# मैं मुद्दों की राजनीति करता हूं, जनसेवा ही मेरा धर्म है : जयप्रकाश भाई पटेल

जयप्रकाश भाई पटेल बहुत ही मिलनसार और सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं। वह मांडू से विधायक हैं। फिलहाल वह हजारीबाग लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर अपना भाग्य आजमा रहे हैं। आजाद सिपाही की टीम उनके आवास पर सुबह पांच बजे पहुंच गयी। उद्देश्य था जयप्रकाश भाई पटेल से साक्षात्कार। जेपी पटेल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में खूब पसीना बहा रहे हैं। धुआंधार प्रचार कर रहे हैं। जनसंपर्क कर रहे हैं और सभाएं भी कर रहे हैं। देखा जाये, तो प्रचार करने और लोगों के बीच अपनी उपस्थिति और दावेदारी को लेकर जेपी पटेल को पर्याप्त समय नहीं मिल पाया, चूंकि भाजपा प्रत्याशियों के चयन में आगे रही और कांग्रेस ने प्रत्याशियों का नाम देर से तय किया।

**आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह ने जेपी पटेल से खास बातचीत की।**

**सवाल:** लोकसभा का चुनाव अब नजदीक है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है। आप क्षेत्र में खूब पसीना बहा रहे हैं। भाजपा के उम्मीदवार केंद्रीय योजनाओं को लेकर मैदान में हैं। आप किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं।

**जवाब:** देखिये इस बार पूरे देश की जनता इंडिया गठबंधन के पक्ष में है। दस साल से देश में भाजपा की सरकार है। भाजपा ने कहा था कि दो करोड़ लोगों को नौकरी देंगे, किसानों की आय को दोगुनी कर देंगे। लेकिन यह सब हुआ नहीं। और तो और महंगाई बढ़ी। रोजगार सृजन तो हुआ नहीं। भाजपा ने कहा था कि जब देश में उसकी सरकार आयेगी, तब वह भ्रष्टाचार का सफाया कर देगी। पीएम ने कहा था, न खाऊंगा न खाने दूंगा, लेकिन जब इलेक्टोरल बांड का मामला गरमाया, तब लोगों के बीच एक संदेश गया कि एक गरीब का बेटा, जो प्रधानमंत्री बना, जनता ने जिसे दो-दो बार स्पष्ट जनादेश दिया, लेकिन उसी बेटे ने पूंजीपतियों के हाथ में देश की संपत्तियों को दे दिया। इसका सुप्रीम कोर्ट ने जो खुलासा किया, वह किसी से छिपा नहीं है।

**सवाल:** हजारीबाग लोकसभा की जनता को अपने होने वाले सांसद से बहुत उम्मीद है। उनका मानना है कि जो प्रत्याशी उनके क्षेत्र की समस्याओं को सुलझायेगा, उन्हें ही वे अपना मत देंगे। हजारीबाग लोकसभा प्रदूषण, विस्थापन, पलायन, शिक्षा, स्वास्थ्य, ट्रैफिक व्यवस्था और कई अन्य बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है। हजारीबाग को लेकर आपका विजन क्या है। इन समस्याओं को कैसे सुलझायेंगे आप।

**जवाब:** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को देखियेगा, तो जैसे मांडू, बड़कागांव, केरेडारी, रामगढ़ का कुछ हिस्सा जहां खनन हो रहा है, जहां फैक्टरियां लगी हुई हैं, भारत सरकार के कई उपक्रम संचालित हैं, उन जगहों पर लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। रैयतों को न्याय नहीं मिल रहा है। विस्थापित, जिन्होंने अपनी जमीन दे दी, उन्हें भी सही हक और न्याय नहीं मिला। कंपनियां खनन कर रही हैं। उससे जलस्तर प्रभावित हो रहा है। ट्रांसपोर्टिंग के कारण प्रदूषण फैल रहा है, रोड एक्सीडेंट बढ़ गये हैं। प्रदूषण से लोगों की आयु काम हो रही है। लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।



देखिये कुछ चीजें हैं, जो केंद्र सरकार के नियंत्रण में हैं, लेकिन एक विधायक होने के नाते जहां-जहां मुझे बात रखनी होती है, मैं रखता हूं। आप विष्णुगढ़ चले जाइये, चौपारण चले जाइये, बरही चले जाइये, यहां के लोग कृषि पर निर्भर हैं। लेकिन यहां सिंचाई की व्यवस्था ठीक नहीं है। मैंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को नजदीक से देखा है और मैं इसे उचित प्लेटफॉर्म पर उचित तरीके से रखूंगा। जब मैं बड़कागांव गया, तो पाया कि विस्थापन को लेकर वहां के लोगों में आक्रोश है, क्योंकि जो बेघर होने जा रहे हैं और उन्हें रहने के लिए जो व्यवस्था मिल रही है, उससे वे नाखुश हैं। ये लोग हमेशा एक कम्युनिटी की तरह रहे हैं। एक साथ गांव-मोहल्ला अपनापन में जीता रहा है। हर त्योहार में साथ रहे, सुख-दुख में साथ रहे, लेकिन जैसे ही ये लोग विस्थापित होंगे, उनकी पूरी दुनिया ही बदल जायेगी। देखिये, कई पीढ़ियों से रैयत यहां रह रहा है, लेकिन जैसे ही उसके हिस्से की जमीन उसे देनी पड़ती है, तो वह किस मानसिक अवस्था से गुजरता है, उसे सिर्फ वे लोग ही समझ सकते हैं। कंपनी को चाहिए कि उस विस्थापित को वह सही हक दे और उसे न्याय मिले। कंपनी तो एक बार मुआवजा देकर निकल जाती है, लेकिन अगर वह जमीन रैयत के पास रहती, तो वह जीवन भर उस पर खेती करता और उसकी आजीविका चलती। मैंने देखा कि इन सबको लेकर क्षेत्र में बहुत आक्रोश है, लेकिन वह आक्रोश मेरे प्रति नहीं है। वह कंपनियों के प्रति है। लोग यह भी जानते हैं कि जयप्रकाश भाई पटेल खुद एक आंदोलनकारी का बेटा है। लोगों को विश्वास है कि उनके जो जनमुद्दे हैं, समस्याएं हैं, उनका निराकरण जेपी भाई पटेल करेगा।

**सवाल:** आप एक पॉलिटिकल फैमिली से रहे हैं। आपके पिता झारखंड मुक्ति मोर्चा के फाउंडर मेंबर में से एक रहे हैं। वह कई बार सांसद और विधायक भी रहे। आज वह इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी विरासत को आप आगे बढ़ा रहे हैं। आप भी मांडू से विधायक हैं, लेकिन आप पहली बार सांसदी का चुनाव लड़ रहे हैं। किस तरह से उनके अनुभव को आप इस चुनाव मैदान में ताकत बना रहे हैं। कितना समर्थन है जनता का आपके प्रति आपके पिता द्वारा किये गये कार्यों को लेकर।

**जवाब:** पिताजी के साथ रहने का अनुभव यह रहा कि पिताजी खुद जिम्मेदारी समय-समय पर हमें देते जा रहे थे कि आगे संभालना है। जो भी पिताजी के विश्वासी थे, उनके सुख-दुख के साथी थे, जिन्हें अनुभव था कि टेकलाल महतो की विरासत को जेपी भाई पटेल आगे ले जा सकते हैं, तो उनका पूरा समर्थन आज भी मेरे साथ है। उनके अनुभव का लाभ सदा मिलता रहता है। लेकिन पहले की राजनीति और आज की राजनीति में बहुत बदलाव आ गया है। पहले के राजनेता कम संसाधन में बहुत कुछ कर लेते थे, लेकिन अब बहुत कुछ बदल गया है। आज राजनीति का भी आधुनिकीकरण हो गया है। बहुत कुछ प्रोफेशनल हो गया है। राजनीति सेवा भाव से ही होनी चाहिए। राजनीति का भाव शुरू से सेवा ही रहा है। आज जब मैं अपने क्षेत्र में जाता हूं, तो मुझे लेकर जनता के बीच अलग सा उत्साह है। मैं खुद की तारीफ नहीं कर रहा हूं, लेकिन लोगों के मन में यही भाव है कि उनके बीच का आदमी आ गया है। मैं जितना हो सके, जनता के बीच जा रहा हूं, समय का अभाव भी लगता है, लेकिन मैं यही चाहता हूं कि मैं अपने क्षेत्र की जनता की हर समस्या को सुन सकूं, अपनी बातों को भी रख सकूं। आज इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं में एक अलग सी ऊर्जा का सृजन हो रहा है। उनका पूरा प्रयास है कि किसी भी हाल में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन का उम्मीदवार जीते। मैं बहुत लोगों से मिल नहीं पा रहा हूं, लेकिन लोग खुद मेरे प्रचार अभियान में जुट गये हैं। मैं तो लोगों को संसाधन भी नहीं दे पा रहा हूं, लेकिन लोग इतने उत्साहित हैं कि वे अपना खुद का संसाधन जुटा कर मेरा प्रचार कर रहे हैं। लोगों के बीच में यह मैसेज है कि एक तरफ आंदोलनकारी का बेटा है, तो दूसरी तरफ पूंजीपति है, जो आर्थिक संसाधनों से संपन्न है। लेकिन मेरे साथ जनता का प्रेम है, उत्साह है। जेपी पटेल किसी का कुछ बिगाड़ता नहीं है। वह किसी को नुकसान नहीं पहुंचाता। वह जनता की सेवा में सिर्फ विश्वास रखता है।

**सवाल:** आप पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा में थे, फिर भाजपा में शामिल हुए। अब आप कांग्रेस में हैं और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी हैं। आपको महागठबंधन के कार्यकर्ताओं का कितना सपोर्ट मिल रहा है।

**जवाब:** इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता मजबूती के साथ मेरे साथ खड़े हैं। देखिये राजनीति में अगर आप चाहियेगा की शत-प्रतिशत सब आपके हिसाब से चले, तो ऐसा नहीं होता है। लेकिन यह बात मैं जरूर बोलना चाहूंगा कि कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकर झोंक रहे हैं। उसका परिणाम यह होगा कि जयप्रकाश भाई पटेल 4 जून को जीत रहा है। यह इसलिए, क्योंकि मुझे जनता और अपने कार्यकर्ताओं पर पूरा विश्वास है और जनता भी मुझ पर विश्वास करती है।

# पीएम मोदी के नामांकन में 12 सीएम-20 मंत्री शामिल होंगे

**रोड शो में दिखेगी मिनी भारत की झलक**

**एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार 14 मई को तीसरी बार वाराणसी से नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा इसमें एकजुटता दिखाने की कोशिश करेगी। इस दौरान एनडीए में शामिल सभी पार्टियों के लीडर मौजूद रहेंगे। 12 राज्यों के मुख्यमंत्री और 20 केंद्रीय मंत्री, यूपी सरकार के मंत्री और कई सांसद और विधायक भी शामिल होंगे।

नामांकन से एक दिन पहले सोमवार को पीएम मोदी बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से काशी विश्वनाथ मंदिर तक रोड शो करेंगे। भाजपा इस रोड शो में मिनी भारत की झलक दिखायेगी। गंगा किनारे बसे विभिन्न समाज के लोग अपनी संस्कृति के साथ पीएम का स्वागत करेंगे। रोड शो के जरिए पीएम मोदी देश-दुनिया को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का संदेश देंगे।

पीएम मोदी काशी में पिछले 2 चुनावों में भी नामांकन के समय 2 रोड शो कर चुके हैं। यह तीसरा रोड-शो होगा, जिसे भाजपा मेगा रोड शो बनाने में जुटी है। नामांकन से पहले मोदी काशी विश्वनाथ धाम में षोडशोपचार विधि से पूजन करेंगे। फिर काल भैरव मंदिर में विशेष पूजा कर जीत का आशीर्वाद लेंगे।

**6 किमी का रोड शो:** प्रधानमंत्री के लगभग 6 किलोमीटर लंबे रोड शो की शुरूआत शाम 4 बजे होगी। प्रधानमंत्री बीएलडब्ल्यू गेस्ट हाउस से बीएचयू गेट पर पहुंचेंगे। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के बाहर महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद रोड शो शुरू होगा।

पीएम लंका चौराहे से सोनारपुरा, जंगमबाड़ी, गोदौलिया, बांसफाटक से होते हुए काशी विश्वनाथ धाम पहुंचेंगे। पीएम काशी विश्वनाथ मंदिर से चौक और मैदागिन पहुंचेंगे, जहां काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। वापसी में मलदहिया स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।

पीएम के रोड शो के दौरान वाराणसी के प्रमुख मार्ग वाराणसी कैंट, शहर दक्षिणी और उत्तरी विधानसभा के क्षेत्र पड़ेंगे।



**मिनी भारत में दिखेगी तमिल-तेलुगु, मराठी-बंगाली झलक**

रोड शो के दौरान पीएम का मराठी, गुजराती, बंगाली, माहेश्वरी, मारवाड़ी, तमिल-तेलुगु और पंजाबी आदि समाज के लोग परंपरागत वेशभूषा में स्वागत करेंगे। इन पॉइंट्स पर ढोल-नगाड़े बजाने के साथ ही फूल बरसाए जाएंगे। शहनाई, शंखनाद, डमरू दल, लोक नृत्य, लोकगीत का आयोजन होगा। बनारस के कलाकार और बटुक वैदिक मंत्रोच्चार से पीएम का स्वागत करेंगे। मदनपुरा में मुस्लिम समाज के लोगों को भी बुलाया गया है।

### 500 बाइक सवार रोड शो में आगे-आगे चलेंगे

प्रधानमंत्री के रोड शो को मेगा बनाने के लिए राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेताओं की जिम्मेदारी तय की गयी है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल और गुजरात के वरिष्ठ नेता जगदीश पटेल काशी पहुंच चुके हैं। रोड शो में 500 से ज्यादा बाइक सवार भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की गयी है। ये कार्यकर्ता जुलूस के आगे-आगे चलेंगे। फिर जैमर और सुरक्षा वाहन होगा। इसके पीछे कार पर पीएम सवार रहेंगे। पीछे चल रहे वाहनों में सीएम योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के सीनियर लीडर्स शामिल रहेंगे।

### 12 जगह होगा स्वागत द्वार बनाये गये

लंका से लेकर विश्वनाथ मंदिर तक प्रधानमंत्री के रोड शो पर जगह-जगह पुष्पवर्षा की जायेगी। भाजपा की ओर से कई क्विंटल फूल रास्ते में पड़ने वाले घरों तक पहुंचाए जायेंगे। फूलों से 12 जगह स्वागत द्वार बनाये जायेंगे। इन सभी घरों और जगहों को चिह्नित कर लिया गया है।

### 110 प्वाइंट पर सभी समाज के लोग जुटेंगे

राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने बताया- रोड शो के लिए मालवीय प्रतिमा से लेकर काशी विश्वनाथ धाम तक 11 बीट बनाये गये हैं। इन 11 बीट की जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों और सीनियर भाजपा पदाधिकारियों को सौंपी गयी है। इन 11 बीट में 10 -10 प्वाइंट यानी लगभग 110 स्थान तय किये गये हैं, जहां सर्व समाज के लोग जुटेंगे।

### मंच पर पारंपरिक परिधान में दिखेंगे

काशी तमिल संगमम समिति, काशी तेलुगु समिति और कर्नाटक संघ पंच द्रविड़ समाज में भाजपा से जुड़े लोगों को रोड शो में संस्कृति प्रस्तुत करने का जिम्मा दिया गया है। वीवी सुंदरम शास्त्री के नेतृत्व में सोनारपुरा, पांडेय हवेली मार्ग पर मंच बनेगा और महिलाएं भरतनाट्यम की प्रस्तुति देंगी। मराठी समाज की महिलाएं बांसफाटक पर 9 गज की साड़ी में होंगी, तो पुरुष तिलक टोपी में दिखेंगे। वैदिक मंत्रों का उच्चारण और 1001 गणेशजी का पाठ होगा। युवतियां फोगड़ी नृत्य करेंगी। काशी महाराष्ट्र सेवा समिति गणेश जी की विशेष पूजा करेगी। राजस्थान के मारवाड़ी, खंडेलवाल, ब्राह्मण, जैन, माहेश्वरी समाज के संगठनों के बैनर तले महिलाएं और पुरुष लंका पर रहेंगे तो दिगंबर जैन समाज काशी के उपाध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में सोनारपुरा में नमोकार मंत्रों के साथ स्वागत करेगा। बंगीय समाज के सचिव देवाशीष दास काली बाड़ी और पांडेय हवेली पर स्वागत मंच पर बंगाली समाज धोती कुर्ता में पुरुष होंगे। महिलाएं लालपाड़ साड़ी में धुनकी, शंखनाद और ढाक से अगवानी करेंगी। सिंधी समाज सहित अन्य समाज के लोगों की टोलियां जगह-जगह स्वागत करेंगी।

### महिला मोर्चा और संस्थाओं की भागीदारी

प्रधानमंत्री के रोड शो को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा की क्षेत्रीय, जिला और महानगर इकाई ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। रूट के स्वागत स्थलों पर सामाजिक संगठन, समाज विशेष और संस्थाओं के सदस्य स्वागत करेंगे। संगठन की मीटिंग में इन सभी का नाम फाइनल कर सबकी जिम्मेदारी भी तय कर दी गयी है।

# झारखंडियों के हित के लिए गठबंधन को करें वोट: चंपाई

## मुख्यमंत्री ने पोटका में की जनसभा



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा महंगाई को खत्म करने के वादे पर सरकार में आयी थी। चुनाव जीतने के बाद महंगाई को भूल गयी। नरेंद्र मोदी सरकार ने चार सौ के सिलेंडर को 1100 में पहुंचा दिया। कालाधन भी वापस नहीं आया। इस सरकार ने बेरोजगार युवाओं को ठगा। प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन दस वर्ष में भी वादा पूरा नहीं किया। मुख्यमंत्री पोटका के नुननूनी टांड़ मैदान में रविवार को इंडी गठबंधन की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड को भाजपा ने सबसे ज्यादा ठगा है। झारखंड के आठ लाख पीएम आवास की सूची को रोक दिया। 2022 तक सभी को पक्का मकान देने का वादा भी जुमला साबित हुआ। गठबंधन की सरकार ने आबुआ आवास योजना शुरू की, जिसमें वंचित लोगों को पक्का मकान दिया जा रहा है।

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि 2019 से सरकार बनने के बाद से ही भाजपा सरकार को गिराने का षडयंत्र कर रही है। हेमंत सोरेन को झूठे केस में जेल में डाल दिया। पूर्व की रघुवर सरकार पर गरीबों का 11 लाख राशनकार्ड रद्द करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार वंचित 20 लाख परिवारों का हरा राशनकार्ड बनाकर राशन दे रही है। सभी ग्रामीणों को पेंशन दिया जा रहा है। चंपाई सोरेन ने जमशेदपुर से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती को वोट देकर जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की जीत से झारखंडवासियों को भाजपा के लूट से मुक्ति मिलेगी। झारखंड की खनिज संपदा को लूटने से बचाना है, अन्यथा झारखंड धनी राज्य होने के बावजूद झारखंडवासी धनी नहीं बन पायेंगे। स्थानीय भाषा ओड़िया, बंगला, संथाली, हो, कुड़माली समेत अन्य स्थानीय भाषाओं के शिक्षकों की बहाली जून माह से शुरू करने की बात कही।

**भाजपा केवल हिंदू-मुस्लिम को लड़ाना जानती है: स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता**

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि समीर मोहंती गरीबों के हित के लिए संघर्षरत रहते हैं। भाजपा केवल हिंदू-मुस्लिम को लड़ाकर जीत हासिल करना चाहती है। बन्ना गुप्ता ने समीर कुमार मोहंती को जीत दिलाने की अपील की। पोटका विधायक संजीव सरदार ने कहा कि जनता की सेवा में दिन-रात जुटे रहते हैं। पोटका विधानसभा क्षेत्र में अनेक प्रकार की विकास योजनाओं को शुरू कराया। पोटका में डिग्री कॉलेज निर्माण की स्वीकृति मिली। संजीव सरदार ने कहा कि यदि समीर कुमार मोहंती को जीत मिलती है, तो पूरे क्षेत्र में दोगुने रफ्तार से विकास कार्य करेंगे।

# चौथे चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग कल से शुरू होने वाले आम चुनाव के चौथे चरण के लिए पूरी तरह तैयार है। चौथे चरण में, 10 राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों के 96 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के साथ आंध्र प्रदेश की राज्य विधान सभा की सभी 175 सीटें और ओड़िशा की राज्य विधानसभा की 28 सीटों के लिए मतदान होगा। मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा तेलंगाना के 17 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का समय (सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक) बढ़ा दिया गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार चौथे चरण में मतदान के लिए गर्म मौसम की स्थिति के बारे में कोई महत्वपूर्ण चिंता की बात नहीं है। मौसम पूर्वानुमान से संकेत मिलता है कि मतदान वाले संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के दिन सामान्य से लेकर सामान्य से नीचे (±2 डिग्री) तापमान रहने की संभावना है और इन इलाकों में लू जैसी स्थिति नहीं रहेगी। हालांकि, मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर पानी, शामियाना और पंखे जैसी सुविधाओं सहित चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी है।

- **विस्तृत विवरण: 96 लोकसभा सीट, 17.7 करोड़ मतदाता, 1.92 लाख मतदान केंद्र, 10 राज्य/केंद्र-शासित प्रदेश**
- **इस चरण में आंध्र प्रदेश की 175 विधान सभा सीटों और ओड़िशा की 28 विधान सभा सीटों पर भी मतदान**
- **मतदान के दिन लू चलने का कोई पूर्वानुमान नहीं; सामान्य से लेकर सामान्य से कम तापमान का पूर्वानुमान**
- **मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए तेलंगाना में मतदान का समय बढ़ाया गया**



अब तक, आम चुनाव 2024 के तीसरे चरण तक, 20 राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों के 283 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान सुचारु और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया है। वोटों की गिनती 4 जून को होनी है।

### चौथे चरण से जुड़े तथ्य

आम चुनाव 2024 के चौथे चरण के लिए मतदान 13 मई, 2024 को 10 राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों के 96 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों (सामान्य-64; अनुसूचित जनजाति-12; अनुसूचित जाति-20) के लिए होगा। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होता है और शाम 6 बजे समाप्त होता है (मतदान बंद होने का समय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (पीसी) के अनुसार भिन्न हो सकता है)

आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों (सामान्य-139; अनुसूचित जनजाति-7; अनुसूचित जाति-29) और ओडिशा विधानसभा की 28 सीटों (सामान्य-11; अनुसूचित जनजाति-14; अनुसूचित जाति-3) के लिए भी 13 मई को चौथे चरण में एक साथ मतदान होंगे।

लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में 10 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों से 1717 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। चौथे चरण के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है।

मतदान और सुरक्षा अधिकारियों को पहुंचाने के लिए चौथे चरण में तीन राज्यों (आंध्र प्रदेश -02, झारखंड- 108; ओड़िशा-12) में 122 हवाई उड़ानें संचालित की गयीं।

19 लाख से अधिक मतदान अधिकारी 1.92 लाख मतदान केंद्रों पर 17.7 करोड़ से अधिक मतदाताओं का स्वागत करेंगे।

8.97 करोड़ पुरुष सहित 17.70 करोड़ से अधिक मतदाता; 8.73 करोड़ महिला मतदाता।

चौथे चरण के लिए 85 वर्ष से अधिक उम्र के 12.49 लाख से अधिक पंजीकृत और 19.99 लाख दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें अपने घर से आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया है। वैकल्पिक होम वोटिंग सुविधा को पहले से ही काफी सराहना और प्रतिक्रिया मिल रही है।

आम चुनाव 2024 के चरण 4 के लिए 364 पर्यवेक्षक (126 सामान्य पर्यवेक्षक, 70 पुलिस पर्यवेक्षक, 168 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। वे अत्यधिक सतर्कता बरतने के लिए आयोग की आंख और कान के रूप में कार्य करते हैं।

इसके अतिरिक्त, कुछ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है।

# चंपाई सोरेन नाम मात्र के सीएम कल्पना सुपर सीएम: सीता सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन ने फिर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को निशाने पर लिया है। सोशल मीडिया के जरिये सीएम चंपाई सोरेन के लिए भी चिंता जाहिर की है। अपने और अपने परिवार की झामुमो में उपेक्षा किये जाने का आरोप भी दोहराया। कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को बस नाममात्र का मुख्यमंत्री बना कर रखा गया है। उनकी बजाय कल्पना सोरेन को अधिक महत्व है। कल्पना का झामुमो पार्टी में भी कोई पद या स्थान नहीं है। बावजूद इसके उनको मुख्यमंत्री से बड़ा प्रोजेक्ट किया जा रहा है।

**झामुमो में सिर्फ सांत्वना :** पूर्व में झामुमो पार्टी की सेवा के दौरान अपने अनुभव को साझा करते हुए सीता सोरेन ने कहा कि जिस पार्टी की नींव को उनके पति स्वर्गीय दुर्गा सोरेन ने अपने खून से सींच कर मजबूत किया, जिस झारखंड के विकास और उत्थान के लिए उन्होंने अपनी जान तक को न्योछावर कर दिया। उस पार्टी में उन्हें मिलने वाले अधिकारों के नाम पर सिर्फ और सिर्फ सांत्वना और चुप रहने की हिदायत दी गयी। 14 साल तक एक पार्टी में समर्पित भाव से रहने के बाद भी पहले तो जनता के बीच जाने और काम करने से रोका गया, फिर हमें खतरा मान कर आगे बढ़ने से रोकने के लिए अनेकों षड्यंत्र रचे गये।



**भाजपा से चुनाव लड़ रहीं सीता सोरेन**

सीता सोरेन जामा से झामुमो की विधायक हैं। पिछले दिनों जब जमीन घोटाले मामले में इडी ने तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन को जेल भेजा, तो उनकी पत्नी कल्पना सोरेन फ्रंटफुट पर आ गयीं। झामुमो में भी उन्हें महत्व अधिक मिलने लगा। इन सबके बीच सीता नाराज होती रहीं और अंततः उन्होंने झामुमो को अलविदा कह कर भाजपा का दामन थाम लिया।

# राज्य में मौजूदा राजनीतिक हालात बदलना जरूरी, आगे आयें युवा: सुदेश महतो

**गठबंधन सरकार के पास युवाओं की बेहतरी के लिए कोई प्लान नहीं है**

**सरकार की गलत नीतियों और वादाखिलाफी के चलते युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे**

**गोमिया में विधानसभा स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** सरकार की विकास विरोधी नीतियों के चलते राज्य के युवा बेरोजगारी और पलायन का दंश झेल रहे हैं। हमारा झारखंड लेबर स्टेट बनकर रह गया है। लाखों युवा जीवनयापन के लिए दूसरों प्रदेशों में पलायन को मजबूर हैं। युवा राज्य में आवश्यक राजनीतिक परिवर्तन के वाहक हैं। उक्त बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने तेनुघाट गेस्ट हाउस में आयोजित गोमिया विधानसभा स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम में कहीं।



सुदेश महतो ने कहा कि सरकार के पास युवाओं की बेहतरी के लिए कोई प्लान नहीं है। साल में पांच लाख नौकरी का वादा कर सत्ता में आने वाले लोग पिछले पांच सालों में दस हजार नौकरियों का आंकड़ा पार नहीं कर पाये हैं।

उन्होंने युवाओं को छला है। रोजगार के नये अवसर उत्पन्न करने की दिशा में भी इन पांच सालों में कोई कदम नहीं उठाये गये हैं। झारखंड आंदोलन को मुकाम तक पहुंचाने में आजसू के युवा साथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। गिरिडीह लोकसभा समेत सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने में युवाओं की भूमिका सबसे जरूरी है।

**इनकी रही उपस्थिति :** युवा आजसू के राज्य संयोजक टिकैत महतो, राज्य संयोजक अमित कुमार, बोकारो जिला सह प्रभारी तापस मेहता समेत अन्य उपस्थित थे।

**मिलकर झारखंड को संवारेंगे: लंबोदर**



विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और दृष्टि को संवारना किसी भी राज्य की प्रगति और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। उनकी क्षमता को निखारने और बेहतर नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए सशक्त मंच है आजसू। हम सभी को मिलकर राज्य को बेहतर बनाने के लिए कार्य करना है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 मई, 2024
www.azadsipahi.in



## जेपी पटेल के पक्ष में कांग्रेस का चुनाव प्रचार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विकास और सामाजिक समृद्धि के लिए लोगों के साथ जुड़ने का संकल्प लेते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ और उजार्वान नेता मुन्ना सिंह कटकमसांडी के कांण्डसार गांव और बरगड्डा पंचायत के बरगड्डा गांव में जनसंवाद और जन संपर्क चलाया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को सुना। उन्होंने स्थानीय जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया और एक सशक्त, समृद्ध और संवादात्मक समाज के लिए एकजुट होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा की हमारी सरकार लोगों के हर सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है मुझे विश्वास है कि आप सभी हमें अपना समर्थन देंगे। मौके पर कांग्रेस प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, राजद जिलाध्यक्ष चरका यादव, कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, संजय सिंह,सोनू कुमार, तुफानी दिनेश यादव, सुजीत सिंह, विक्की कुमार धान,अशोक राम, विक्रम राय, अंकुश सिंह, मोहम्मद रब्बानी, गणेश कुमार, मनोज कुमार, सोबरन राम, राजेश कुमार, संतोष प्रजापति, विकास कुमार, संतोष कुमार राम, पंकज कुमार सिंह, अमरनाथ यादव, निशांत कुमार सिंह, सुरेंद्र मिश्रा, मोहम्मद इरफान अंसारी, संतोष कुमार, विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

## भाजपा ने मंगरपट्टा में की पथ सभा



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी टाटीझरिया मंडल कमिटी ने बेड़म पंचायत के मंगरपट्टा में रविवार को पाठ सभा किया। जिसका नेतृत्व मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह ने किया। कार्यक्रम को प्रभारी सुरेश प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा मिथलेश पाठक, प्रमुख संतोष मंडल, आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुशवाहा, जगन्नाथ राम, परमेश्वर यादव ने संबोधित किया। उन्होंने मतदाताओं के समक्ष केंद्र सरकार की उपलब्धियां को विस्तार से बताया। कहा कि गावों तक सड़क पहुंचाने की बात हो, किसानों को पीएम किसान से जोड़ने की बात हो, आयुष्मान योजना से मुफ्त इलाज की बात हो, उज्जवला योजना से गैस सिलेंडर, चूल्हा देने की बात हो, पीएम आवास योजना देने की बात हो, देश की सुरक्षा की बात हो सबमें मोदी जी का अहम योगदान है। इस अवसर पर प्रभु यादव,मनोज यादव, विजय यादव, नंदू यादव, सोनी देवी समेत काफी संख्या में मतदाताएं उपस्थित थे।

## बक्सपुरा में इंडिया गठबंधन की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बकसपुरा में इंडिया गठबंधन की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया नन्हकू महतो और संचालन महेंद्र महतो ने किया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों के बीच कांग्रेस का गारंटी पत्र का वितरण किया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय को कांग्रेस टिकट देकर हजारीबाग का मान सम्मान बढ़ाया है। कांग्रेस ने देश की आजादी से लेकर अब तक कई जनकल्याणकारी कार्य किया है। हेमंत सोरेन की सरकार ने जरूरतमंदों को आवास देकर जनहित में बेहतर कार्य किया है।कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल हमेशा सुलभ रहते हैं। जनता के हर सुख दुख में पहुंचते है। इसलिए जयप्रकाश भाई पटेल को हाथ छाप में वोट देकर उन्हें लोकसभा चुनाव में विजय बनाकर दिल्ली भेजना है। महेंद्र राम ने कहा कि दलित वर्गों के लिए एकमात्र संगठन इंडिया गठबंधन है। हमें इंडिया गठबंधन को जिताना है। बैठक में मुख्य रूप से महादेव महतो, मनोअर आलम, मजलूम अंसारी, तूफानी अंसारी, अजमत अंसारी, ?सोबरन महतो, प्रीतलाल महतो, मुकेश कुमार, कुलदीप कुमार, इस्माइल अंसारी, गुरदयाल महतो सरजू महतो, सुकरी देवी, शीला देवी, मालती देवी, अर्जुन महतो, चेतलाल कुमार, भोला महतो, कामेश्वर रविदास आदि उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में सतत विकास प्रक्रिया के अंतर्गत कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा दूसरी के बीच ऑनलाइन सलाद सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया। निर्णायक की भूमिका में अपूर्वा सरकार ने अपनी निष्पक्ष भूमिका निभाई। कक्षा तीसरी से पांचवी के बीच सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीसरी की सानवी सिंह, वेहांत राज, उज्जवल भारती, कक्षा पांचवी के सक्षम सिंह, निशांत गुप्ता प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान कक्षा चौथी की आयुषी वर्णवाल ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान कक्षा तीसरी के दिवित भदानी, कक्षा चतुर्थ की आराध्या दास, भव्या और पांचवी की आरोही गुप्ता ने प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका विद्यालय की शिक्षिका विदिशा ने निभायी। कक्षा छठी से आठवीं के बीच हुई शीतल पेय पदार्थ निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रामकृष्ण सदन की नंदनी कुमारी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान विवेकानंद सदन के उपांशु राज और राजा राममोहन सदन की प्रत्यूषा कुमारी ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर दयानंद सदन की समृद्धि वर्मा और रामकृष्ण सदन की आराध्या सिंह रहीं। निर्णायक की भूमिका ज्योति कुमारी ने निभाई। कक्षा नौवीं से बारहवीं के बीच टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### मनीष जायसवाल के पक्ष में भाजपाइयों ने चलाया जनसंपर्क अभियान

# मोदी की कोई भी योजना का पैसा अब सीधे खाते में आता है : मूलचंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पश्चिमी मंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी जी के नेतृत्व में कांडतरी पंचायत के ग्राम मिजार्पुर में पथ सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कांडतरी पंचायत के मुखिया पारसनाथ प्रसाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि भाजपा जिला मंत्री मूलचंद साव उपस्थित रहें। आदित्य साहू सोनी और मुख्य अतिथि मूलचंद साव ने कहा की मोदी जी के द्वारा चलाए गये कोई भी योजना का अब सीधे जनता के खाते में आता है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री विदेशों में



भी बाज रहा है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। न ही उनके पास कोई नीति है। और न कोई मुद्दा है। इस लिए इस बार 20 मई को जब चुनाव होगा उस दिन सभी को अपने मत का प्रयोग कर मनीष जयसवाल को भारी मतों से विजय बनाये और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री को मजबूत करें। उपस्थित ग्रामीणों ने हजारीबाग भाजपा लोकसभा प्रत्याशी माननीय मनीष जयसवाल जी को को भरी मतों से विजय दिलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित उपप्रमुख बचनदेव कुमार, पूर्व प्रमुख सह भाजपा नेता टुकेशवर प्रसाद, कामेश्वर महतो, भवानी प्रसाद, लालदेव महतो, रविकांत महतो, सुधीर कु. चौबे, रामचरण महतो, भोला प्रसाद दांगी, देवनारायण महतो, राजू सोनी, जिला सोसल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ. शिबू मेहता, उदय मेहता, सत्यजीत विद्या अलंकार, प्रवीण कुमार, शिव शंकर कुमार, केशर महतो, तुलेश्वर महतो, मुनेश्वर कुमार, प्रभाकर निराला, नंदलाल महतो, बिनोद प्रसाद दांगी, सीताराम राणा, संजय पासवान, रामस्वरूप नारायण, प्रदीप महतो, नीतीश नारायण, अनिल कुमार, महेश्वर कुमार, लक्ष्मण कुमार, रवि महतो, के साथ साथ दर्जनों कार्यकर्ता के साथ साथ सैकड़ों ग्रामीणों उपस्थित रहें।

# पीएम मोदी ने मनीष जयसवाल को दिया जीत का मंत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरबे मैदान में शनिवार को पहुंचे थे। यहां मंच पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को उनके करीब बैठे हुए देखा गया। इस चुनावी सभा के दौरान नरेंद्र मोदी लगातार मनीष जायसवाल से बात करते हुए देखे गये। कयास यह लगाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने



मनीष जायसवाल से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुनावी स्थति का जायजा लिया और उन्हें चुनाव में जीत के कई गुरुमंत्र भी दिये। पीएम मोदी का आशीर्वाद पाकर सभा के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल नये उत्साह से लबरेज दिखे और उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सबसे लोकप्रिय नेता का आगमन ही हमारे मनोबल को बढ़ाता है लेकिन उनके इस सभा में लाखों की संख्या में उमड़े भीड़ ने यह जता दिया है की देश मोदीमय है और तीसरी बार प्रचंड मतों से मोदी सरकार बनेगी।

उन्होंने कहा की जनता का यह असीम प्रेम, स्नेह, आशिर्वाद और समर्थन से ही देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी ।

# विनोद सिंह के पक्ष में गठबंधन के नेता बहा रहे पसीना, गांव में घूम कर मांग रहे वोट

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** इंडिया गठबंधन इचाक प्रखंड पूर्वी जोन करियातपुर में बैठक विकास कुमार की अध्यक्षता में हुई। मौके पर बरकट्ठा विधानसभा संयोजक दिगंबर कुमार मेहता, 20सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, झारखंड मुक्ति मोर्चा के दिगंबर मेहता, रामप्रवेश सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मेहता, बसंत नारायण मेहता, माले के बीएन सिंह, लोकनाथ मेहता, देवेंदर सिंह, सुनील शर्मा, कांग्रेस जिला सचिव कृष्णा कुशवाहा, मनोज मेहता, अशोक ठाकुर, सुनील मेहता, अजय यादव आदि उपस्थित हुए। सबों ने गठबंधन



प्रत्याशी बिनोद सिंह को भारी मतों से जिताने का संकल्प लेकर लोगों से इस बार बदलाव के लिए झंडे पर तीन तारा छाप पर वोट देने की अपील की। मौके पर करियातपुर कमल साव उर्फ बढ़ो, राहुल कुमार, अनिल कुमार, अनिल कुमार, बसंत प्रसाद मेहता, नरेश प्रसाद मेहता, केदार प्रसाद मेहता, द्वारिका राम, प्रकाश कुमार, नवलेश प्रसाद मेहता, नेमचंद मेहता, सहदेव मेहता, सौरभ कुमार, अर्जुन पासवान, रितिक कुमार, विक्की कुमार आदि उपस्थित थे। सर्व समिति से कमल साव उर्फ बढ़ो को संयोजक बनाया गया एवं बसंत मेहता, नरेश मेहता सहसंयोजक बनाया गया।

### टाटीझरिया में गर्मी में खूब पसीना बहा रहे हैं भाजपा कार्यकर्ता

# अन्नपूर्णा देवी को जितायें और मोदी के हाथों को मजबूत करें : रामप्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** लोकसभा चुनाव में मात्र अब दस दिन बचे हुए हैं 20 मई को चुनाव होना है कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता इस चिलचिलाती गर्मी और कड़ाके की धूप में भी खूब पसीना बहा रहे हैं। कार्यकर्ता पुनाई पंचायत के जरगा, खैरा पंचायत अंतर्गत बेडमक्का, नारायणपुर, झरपो, भराजों, टटगांवा में एक-एक घर चौक चौराहे पर जाकर कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में मतदान करने के लिए जन संपर्क कर नरेंद्र मोदी के कार्य को जनता तक पहुंचाने का काम कर रहे है।



उपप्रमुख रवि वर्नवाल ने कहा की अन्नपूर्णा देवी कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा का एक अंग है अंग को बरकरार रखना है आगामी 4 जून को कमल फूल ही कमल फूल निकले यही जनता से अपील करते है देनाजनसंपर्क अभियान में जिला परिषद सदस्य राम प्रसाद, उपप्रमुख रवि वर्नवाल, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल रामप्रसाद कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय बसंत सिंह, दशरथ नारायण सिंह प्रबील प्रसाद, ज्योतिष पंडा, सुरेंद्र राणा, संतोष कुमार सुरेश पांडेय, दिलीप शर्मा, शानू पंडा, सोबरन प्रसाद, सुरेश प्रसाद, शंकर प्रसाद, विनोद महतो, निर्मल भुइंया, बंद्री भुइंया, लक्ष्मी सोनी, धर्मेंद्र सिंह, गणेश सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री आज बरही में सभा को करेंगे संबोधित

**बरही (आजाद सिपाही)।** भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रदेश नेत्री कल्पना सोरेन, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का बरही प्रखंड मैदान में होने वाले सभा को तैयारी पूरी कर ली गयी है। साथ ही 15 मई बुधवार को बिहार सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का बरही प्रखंड में होने वाला आम सभा की तैयारी के लिए रविवार को बरही प्रखंड मैदान में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव और तैयारी समिति के सदस्यों के साथ एक बैठक की गयी। तैयारी समिति के सदस्यों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश दिया गया। उक्त जानकारी कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने दी।

## अन्नपूर्णा देवी के लिए चलाया जनसंपर्क अभियान



**इचाक (आजाद सिपाही)।** भाजपा पूर्वी मंडल के भाजपा कार्यकर्ता अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के माध्यम से इस क्षेत्र के मतदाताओं से अनुरोध किया की एक बार फिर मोदी सरकार और उसके लिए एक-एक कीमती वोट कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी को देकर भारी मतों से जीताए। जनसंपर्क अभियान मुख्य रूप से ग्राम बरवा, अलौंजा कला, अलौजाखुर्द, असिया, मननपुर, करियातपुर, मुक्तमा, मंगुरा, जमूआरी समेत कई गांव में डोर टु डोर जनसंपर्क किया गया। अभियान में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार मेहता, जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, सुरेंद्र मोदी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष जय नंदन मेहता, मुखलाल मेहता, सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता, हरिहर मेहता, निर्मल कुमार, महामंत्री अनिल मेहता, निरंजन कुमार, अंजू यादव, छत्रधारी मेहता, कंचन मेहता समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## कांग्रेस के गारंटी कार्ड को जन-जन तक पहुंचा रहे



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी निसार खान कांग्रेस द्वारा जारी घोषणापत्र में पांच न्याय युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के साथ पच्चीस गारंटी कार्ड को गठबंधन के कार्यकताओं संग जन-जन तक पहुंचा रहे।


**Format C-1**

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs Union of India & Anr.)

Name and address of Candidate:____________________

Name of Political Party: **BHARATIYA JANATA PARTY**
(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election : **LOKSABHA-2024**

*Name of Constituency: **CHATRA**

I **KALICHARAN SINGH,** a candidate for the abovementioned election, declare for public Information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl.no. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of case(s) | Section of Acts concerned and brief descripiton of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CJM Chatra | Sadar PS Case no. 195/2022 | Pending | Sec. 13 of JMMC Act 2017, 21, 21 of MMDR Act 1957, 37 and 38 of Air Prevention and Control of Pollution Act 1981 |
| 2 | CJM Chatra | Complain Case No. 695/2020 | Pending | Section 21 Mines & Minerals Act 1957 Under 54(5) Jharkhand Mineral Regulation 2017 |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishement imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in palce of name of constituency.

**Format C-2**

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25 September. 2018 of hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 211 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr)

Name of Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**

*Name of the Election: **PARLIAMENTARY GENERAL ELECTION 2024**

Name of State/UT: **JHARKHAND**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name Of Court. Case No. & Status Of the Case (S) | Section of the acts concerned & Brief Description of offence (s) | Name Of Court & Date (S) Of Order (S) | Description Of Offence(S) & Punishment Imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 09, Jamshedpur | Samir Kumar Mohanty | SDJM Ghatsila C. No. GR867/2021, Charged Framed on 05/01/2008 | 147, 149, 341, 383, 353, 431 IPC | N/A | N/A | N/A |
| 2 | | | SDJM, Sadar at Spl. Court for MP/ MLA, Chaibasa C.No. GR 23/2020, Charge Not Framed | 379, 384, 353 IPC | N/A | N/A | N/A |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention The election concerned in place of name of constituency

JHARKHAND MUKTI MORCHA
CENTRAL COMMITTEE


# केंद्र सरकार के दबाव में बढ़ी है विस्थापन की समस्या : झमन प्रसाद

### पैसे के दम पर ही टिकट मिला है मनीष जायसवाल को

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** लोकसभा चुनाव को लेकर बड़कागांव के सिन्हा परिसर में इंडिया गठबंधन के नेताओं ने प्रेस वार्ता किया। सर्वप्रथम झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य झमन प्रसाद ने कहा कि भारत का लोकतंत्र व संविधान खतरे में है। केंद्र सरकार ईडी का गलत इस्तेमाल कर रही है। **केंद्र सरकार के दबाव के कारण**



**विस्थापन की समस्या बढ़ी :** 20 सूत्री के जिला सदस्य संजय तिवारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कटकमसांडी निवासी दीपू सिंह एवं सुरजीत सिंह भाजपा के कार्यकर्ता बनके कार्य किया। बानादाग में कोल डिपो खुलने के बाद दोनों कार्यकर्ता मनीष जायसवाल पास गए उन्होंने होटल में दोनों को बुलवाया। लेकिन उस होटल से आज तक वे दोनो कार्यकर्ता लापता है। जमीन, माफिया, शराब माफिया, बालू माफिया, शिक्षा माफिया, स्वास्थ्य माफिया हजारीबाग के भाजपा प्रत्याशी है। इतना ही नहीं खिरगांव के मुक्तिधाम के जमीन को उनके दलालों ने बेच दिया। जबकि वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा कंपनी के साथ कभी मिली भगत नहीं दिखी। सिन्हा को केंद्र सरकार के द्वारा गोंदलपुरा में अडानी कोल माइंस को खुलवाने का दबाव दिया जा रहा था जो उन्होंने नहीं किया इसलिए उनका टिकट कट। आगे उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल इलेक्ट्रोल बॉन्ड के जरिए 21 करोड़ चंदा दिया तब इन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट मिला। कोरोना काल में वरिष्ठ पत्रकार टीपी सिंह एवं शाद्वल कुमार के मौत के कारण आरोग्यं अस्पताल है। आरोग्यं अस्पताल मौत का सौदागर है। और आरोग्यं अस्पताल के पार्टनर कौन हैं यह आप सभी जानते हैं। उन्होंने आगे यह भी कहा कि एंजेल हाई स्कूल के बगल में गुही नदी को काटकर स्कूल का बाउंड्री बना दिया। मात्र 8:30 एकड़ जमीन की वजह से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया। जबकि उनके परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर जमीन नहीं है।

## सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर

गोला (आजाद सिपाही)। डीवीसी चौक में रविवार की सुबह एक ट्रेलर गाड़ी के चपेट के आने से नावाडीह गांव निवासी गुजना नायक पिता स्व‌‌ जगदम्बा नायक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि उक्त चौक के समीप युवक खड़ा था। इसी दौरान ट्रेलर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। युवक के दोनों पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। प्राथमिक उपचार समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करने के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया है। ट्रेलर गाड़ी और गाड़ी ड्राईवर को थाना परिसर में रखा गया है।

## आग में झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

गोला (आजाद सिपाही)। बरलंगा थाना क्षेत्र के उपरबरगा टोला असाडीबगान निवासी कविता देवी की मौत रिम्स में इलाज के दौरान रविवार को हो गई। बताया गया कि कविता कुछ दिन पहले अपने घर में खाना बनाने के क्रम में आग से झुलस गई थी। गंभीर अवस्था में उन्हें रिम्स रांची में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला का शरीर अस्सी फीसदी से अधिक जल गया था। वो पिछले एक सप्ताह से आइसीयू वार्ड में इलाजरत थी। परिजनों ने बताया कि कविता एक गैरसरकारी संस्था में पंचायत फेसिलेटर पद पर काम करती थी। महिला के मौत पर पूरे गांव में शोक की लहर है।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों के बीच भोजन का किया वितरण

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आये गरीब-असहायों को भोजन कराया गया। इस दौरान लगभग 150 गरीब-जरूरतमंदों के बीच पुरी-चना का वितरण करते हुए मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है, ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, उदयभान दुबे, प्रो. रामानुज सिंह, सुकरा करमाली, लखन राम, लालू उरांव, इम्तियाज अली मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

# मरीजों के सेहतमंद होने में नर्सों का महत्वपूर्ण योगदान : नीति बरेलिया

**अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों को किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा की ओर से अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। मौके पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल और नीतेश बरेलीया के नेतृत्व में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नर्सिंग होम की संचालिका डाक्टर निति बरेलिया थी।

मौके पर सचिव धीरज बंसल ने बताया कि इस दिवस ब्रिटिश नर्स फ्लोरल नाइटिंगेल के जन्मदिवस को समर्पित है। उन्होंने कहा कि मरीजों के सेहतमंद होने में नर्स महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। वहीं पूर्व अध्यक्ष नीलींद अग्रवाल ने कोरोना काल में फ्रंट लाइनर के रूप में काम करने वाली नर्सों की सेवाओं को नमन किया।

वहीं समारोह के दौरान संस्था के सदस्यों की ओर से नर्सों को पुष्प गुच्छ दे कर सम्मानित किया गया। डॉक्टर अस्पताल का दिमाग है, तो नर्स अस्पताल का दिल है। दिमाग बंद हो जाए तो दिल चलता रहता है, लेकिन दिल बंद हो जाये, तो दिमाग भी काम करना बंद कर देता है। यह विचार मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने विश्व नर्सिंग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में रखा। रविवार को बरेलिया अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष श्रींजय मेवाड़ ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में नर्स का बहुत बड़ा योगदान है। कॉलेज हमें डिग्री देते हैं, हम पढ़ाई करते हैं, लेकिन इंजेक्शन लगाने से लेकर कई तरह के काम अस्पताल में आने पर नर्स ही सिखाती हैं।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन को ही विश्व नर्सिंग दिवस के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि फ्लोरेंस नाइटिंगेल ही आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक थीं। जिसके चलते जनवरी 1974 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्स की ओर से 12 मई को विश्व नर्स दिवस मनाने की घोषणा की गयी। साथ ही फ्लोरेंस ने गरीब और बीमारों की मदद की।

### चिकित्सक भी नर्सों से ही सीखते हैं : डॉ राहुल बरेलिया

डॉ राहुल बरेलिया ने कहा कि सब कुछ पढ़ाई के दौरान किताबों से नहीं सिखा जाता है। डॉक्टर बनने की पहली सीढ़ी नर्स के पास से होकर जाती है। क्योंकि नर्स ही इंजेक्शन लगाना सिखाती है। नर्स शीला ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के बारे में विस्तार से बताया। नर्स सुमित्रा ने कहा कि फ्लोरेंस ने अपने नर्स के काम को बड़ी ही जिम्मेदारी से निभाया। उन्होंने लैंप लेकर सैनिकों की मदद की।

# मॉर्निंग वॉक में निकली महिला की सड़क हादसे में मौत



आक्रोशित ग्रामीणों ने किया दो घंटे तक सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज / चतरा ।** प्रखंड के हिरींग गांव निवासी और रामनारायण सिंह डिग्री कॉलेज के प्राचार्य तथा वर्तमान सांसद प्रतिनिधि प्रो. जैनेंद्र कुमार सिंह के छोटे भाई सुधीर कुमार सिंह उर्फ छोटु सिंह की 50 वर्षीय पत्नी सरिता देवी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी।

घटना उस समय घटी जब वह सुबह टहलने के लिए कॉलेज रोड के तरफ डुमरी स्थित राष्ट्रीय उच्च पथ 22 मुख्य मार्ग पर निकली थी। इसी दौरान हाईवा से साइड ले रहे ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय उच्च पथ 22 को जाम कर दिया। जिसके कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गयी। इसकी सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, दिलीप कुमार सिंह उर्फ कल्लू सिंह, मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी और स्थानीय मुखिया बृज किशोर सिंह सहित काफी संख्या में गणमान्य लोगों ने घटनास्थल पहुंचकर घटना की जानकारी लिया और शोक व्यक्त किया। पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने ट्रक और हाईवा चालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा मृतक के परिजनों को सरकार द्वारा उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## एक सप्ताह के अंदर दुर्घटना में आधा दर्जन से अधिक की मौत

**भोक्ता सत्यानंद भोक्ता ने पीड़ित परिवार से मिलकर किया आर्थिक सहयोग**

**15 मई के राजद नेता तेजस्वी यादव के कार्यक्रम को लेकर सभा स्थल का किया निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/ चतरा।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता एक दिवसीय दौरे पर हंटरगंज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने असमय निधन पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें आर्थिक सहयोग किया तथा इस दुःख की घड़ी में उन्हें ढाढ़स बंधाया। मंत्री ने प्रखंड के विभिन्न गांवो में दो माह के अंदर आधा दर्जन लोगों की मौत पर गहरा संवेदना व्यक्त किया तथा उनके परिजनों से मिलकर हर संभव सहायता देने और सहयोग करने का आश्वासन दिया। मंत्री ने सबसे पहले हिरींग गांव निवासी सुधीर सिंह के आवास जाकर सड़क दुर्घटना में आज उनकी पत्नी की मौत हो जाने की घटना पर दुःख व्यक्त किया। इसके बाद मंत्री खजुरिया गांव में बिजली करंट के चपेट में आने से मौत हो जाने पर उनके परिजनों से मिले और उन्हें सहयोग किया। ग्राम बलूरी गांव निवासी बिनय कुमार भोगता के भाई स्व अजय भोगता के निधन की घटना सुनकर उनके घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात की और ढाढ़स बंधाया। साथ ही उनके आत्मा के शांति की कामना की। इसके अलावा मंत्री ने इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों से अपील किया। 15 मई को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का कार्यक्रम को लेकर हंटरगंज हाई स्कूल के मैदान का निरीक्षण किया तथा मौके पर कई निर्देश भी दिए। इस कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार यादव, राजद के जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, प्रखंड की सूत्री अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, जिला परिषद सदस्य सुरेश पासवान सहित काफी संख्या में महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ता शामिल थें।

## भुरकुंडा में मातृ दिवस पर सत्संग का आयोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। संत निरंकारी मंडल भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में सत्संग भवन में रविवार को मातृ दिवस पर सत्संग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शाखा मुखी अशोक कुमार चौहान ने किया। मौके पर शाखा मुखी अशोक कुमार चौहान ने मातृ दिवस पर सभी माताओं को नमन करते हुए अगर मां ना होती तो मैं भी नहीं होता। उन्होंने तमाम लोगों से उठते-बैठते सोते-जागते मां का सम्मान करने की बात कही। श्री चौहान ने कहा कि अपने प्राणों की आहुति देकर भी मां का एहसान नहीं चुकाया जा सकता। मौके पर अमन चौहान, वकील राणा, सुरजीत सिंह, जगदेव मुंडा, जगदीश यादव, तुलेश्वर करमाली, तुषार, किरण देवी, राजकुमारी देवी, मुकूलता देवी, पुष्पा चौहान, कौलेश्वरी देवी, बिना देवी सहित दर्जनों महिला-पुरूष शामिल थें।

## इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश पटेल को जितायें: संजीव



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। देवरिया फुटबॉल ग्राउंड में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा देवरिया पंचायत की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष कलिंदर यादव और संचालन प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया उपस्थित थे। बैठक में इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के पुराने साथी राम लखन मुंडा तथा उनके दर्जनों समर्थक पुनः झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों की सरकार है इसमें गरीब-मजदूरों का कोई भला नहीं होने वाला है। मौके पर संजय वर्मा, हरिलाल बेदिया, राजेंद्र बेदिया, कलिन्दर यादव, उदय अग्रवाल, मुकेश राउत, प्रदीप साहू, शशिभूषण श्रीवास्तव, नरेश बेदिया, सन्नी यादव, सतीश यादव, रविंद्र मुंडा, रोहित सहित दर्जनों महिला-पुरूष मौजूद थें।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने की बनी रणनीति

मांडू (आजाद सिपाही)। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल को भारी मतो से विजय बनाने को लेकर प्रखंड के ग्राम पुंडी में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मेवालाल महतो व संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो उपस्थित थे। बैठक में हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने पर रणनीति व गहन विचार मंथन किया गया। साथ ही पुंडी पंचायत के सभी बूथों पर भारी मत से जीत दिलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से नरेंद्र रविदास, सुरेश मरांडी, सेवालाल महतो, मो हाजी यासीन अंसारी, साबिर अंसारी, मुस्लिम अंसारी, कमल महतो, तारकेश्वर महतो, पटेल चंद्र महतो, ताराचंद महतो समेत कई ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

# जेपी पटेल को जीत दिलाने को लेकर झामुमो की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल की जीत सुनिश्चित करने को लेकर झामुमो करमा जोन ने दिगवार में बैठक आयोजित की। आयोजित बैठक की अध्यक्षता भुनेश्वर महतो व संचालन मोहरलाल महतो ने की। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, प्रखंड सचिव सुरेशचंद्र पटेल, प्रखंड कोषाध्यक्ष राजनाथ महतो शामिल रहे। बैठक के दौरान करमा के चार पंचायत के झामुमो समर्थित नेता व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल की जीत सुनिश्चित करने को लेकर अपना अपना मंतव्य दिया। इस दौरान राजकुमार महतो ने कहा कि बूथ स्तर पर हर एक कार्यकर्ता को पूरी तन्यमता के साथ कार्य करने की जरूरत है। तभी कांग्रेस प्रत्याशी की जीत रिकॉर्ड मतों से होगी। वहीं, आगामी 20 मई को होने वाले चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में ईमानदारी पूर्वक कार्य करने के लिए जुट जाने का निर्देश दिया। तभी इंडिया गठबंधन के कांग्रेस का हाथ बदलेगा देश का हालात का संकल्प पूरा हो सकता है। इस अवसर पर टुकेश्वर महतो, रंजीत शर्मा, शशीकांत पटेल, खगेश्वर महतो, सुखदेव मुंडा, पुसन महतो, रामजी मुण्डा, लछु मुंडा, पवन महतो, सोहन लाल महतो, बंधु मुंडा, दुलारचंद महतो, विशेश्वर महतो आदि मौजूद रहे।

# आर्या स्लिमिंग एंड थेरेपी का रामगढ़ में शुभारंभ

# मदर्स डे पर संचालक की मां ने किया उद्घाटन

**अत्याधुनिक मशीनों से पूरे शरीर की जांच कर सही डाइटिशियन की दी जायेगी सलाह : राकेश आर्यन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के रामगढ़ महाविद्यालय स्थित जीएस कॉम्प्लेक्स में रविवार को आर्या स्लिमिंग एंड थेरेपी का शुभारंभ किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन मदर्स डे पर संचालक राकेश आर्यन की मां सावित्री देवी ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर की। मौके पर संस्थान के निदेशक सह आर्यन कंप्यूटर के संचालक राकेश आर्यन ने बताया कि आज समाज में मोटापा एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जिसके वजह से व्यक्ति को कई तरह की बीमारियों से जूझना पड़ता है। साथ ही लोगों को यह भी नहीं पता होता कि उन्हें कैसा भोजन करना चाहिए ताकि उनका स्वास्थ्य ठीक रहे। लोग जब बीमारियों के चपेट में आ जाते हैं तो बड़े-बड़े चिकित्सकों और अस्पतालों में जाकर लाखों रुपए खर्च कर देते हैं। उसके बाद भी उन्हें स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पाता है। इस प्रतिष्ठान में बेहद अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा न्यूनतम मूल्य पर इन समस्याओं का समाधान होगा। यहां पर आपका शारीरिक जांच के बाद उनकी थेरेपी की भी पूरी सुविधा यहां पर मौजूद है। इसके साथ यहां पर प्रतिदिन एक डाइटिशियन भी रहेंगी जो यहां आने वाले लोगों को यह बताएंगे कि उन्हें कैसा भोजन करना चाहिए। निरंतर थेरेपी और डाइटिशियन के सलाह पर भोजन करने के बाद लोगों के स्वास्थ्य में आमूलचूल परिवर्तन आ चुका है। उन्होंने बताया कि मदर्स डे पर अपनी मां सावित्री देवी के हाथों से अपने प्रतिष्ठान का उद्घाटन कराना सौभाग्य की बात है। वहीं, शिवांगी प्रिया ने बताया कि सिर्फ बड़े शहरों में दी जाने वाली सुविधा को भी रामगढ़ में लाया जा रहा, इसका लाभ रामगढ़वासी उठाये। इस अवसर पर सुषमा देवी, गीता देवी, संगीता देवी, संजय बनारसी, पीयूष कोटेचा, संजय मिश्रा, अनिल कुमार सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## चुनावी कार्यक्रम को लेकर भाजपा की बैठक



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। चुनावी कार्यक्रम को लेकर रविवार को भाजपा जिला चुनाव कार्यालय ला मैरिटल में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कैंट मंडल प्रभारी रंजीत पांडे उपस्थित हुए। बैठक में कार्यक्रम के लिए वार्ड नंबर 5 और 6 चयनित किया गया। बैठक में सभी वार्डों के प्रभारी संयोजक सह संयोजक, सभी बुथ अध्यक्ष उपस्थित हुए। बैठक में कार्यक्रम स्थल का चयन किया गया। वार्ड नंबर 5 में संजीत सिंह, ममता गढा छोटकी मुरम मरई टांड़ में तथा वार्ड नंबर 6 में मुखिया पूर्णी देवी के घर के पास रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी बुथ अध्यक्ष को अपने बूथ कमेटी के साथ उपस्थित होने का आवाहन किया गया है। बैठक में मुख्य रूप महेंद्र प्रजापति, मोहन पांडेय, संतोष शाह, सुशांत पांडे, ऋषिकेश सिंह, अजीत गुप्ता, मिथिलेश मंडल, सुरेंद्र कुमार शर्मा, वरुण सिंह, सत्यजीत चौधरी, सत्यजीत सिंह, अरविंद सिंह, संजय श्रीवास्तव, अविनाश सिंह, बृजेश पाठक, सुजीत छाबड़ा आदि लोग उपस्थित हुए।

## प्रशासन ने चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग को होम वोटिंग करायी



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड सह अंचल प्रशासन के नुमाइंदे पतरातू सीओ अमित भगत की अगुआई में रविवार को शत प्रशिक्षण दिव्यांग को भी लोकतंत्र के महापर्व में शामिल करने के उद्देश्य से चुनाव आयोग के निर्देश पर होम वोटिंग कराया गया। बताया गया की प्रखंड के सुदूर बटुका गांव निवासी मनोज कुमार भोक्ता के घर पहुंचकर उनकी बेटी प्रियंका कुमारी जो चलने फिरने में असमर्थ है। उसका होम वोटिंग कराया गया। इसके बात बैलेट पेपर को बक्से में बंद कर सील कर जिला मुख्यालय भेज दिया गया। वोट दिलाने के लिए वोटर प्रियंका के शयन स्थल के पास ही वोट देने के लिए गोपनीयता बनाए रखने के लिए जो व्यवस्थाएं की जाती है। वह सब व्यवस्थाएं की गयी। मौके पर संजय साहू, पंकज करमाली, प्रभाकर मिंज (चंचल) सहित बीएलओ और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## मां होती हैं जन्नत का फूल, इनका सम्मान आवश्यक : मो मुस्तफा मजीद



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। डीएवी बरकाकाना ने मनाया मदर्स डे समारोह। समारोह के दौरान मातृ सत्ता रुपी माताओं का स्वागत वर्ग द्वादश की बच्चियों ने तिलक टियारा और बैच लगाकर किया।समारोह में मंच संचालन की भूमिका में स्वेता यादव के साथ शांभवी पाठक, आफरीन कौशर, भार्गवी झा, जयश्री राय ने निभाई।समारोह के दौरान विद्यालय के शिक्षक ए के ठाकुर ने विद्यालय प्राचार्य मो मुस्तफा मजीद को हरित पौध प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि बच्चों के लिए जो मां का त्याग होता है, वह अतुलनीय है। मां शब्द से जो शक्ति मिलती हैं वह किसी और में नही क्युकी मां तो जन्नत का फूल है, सर आंखों पर उनके चरणों की धूल है। इस अवसर पर शिक्षक रंजीत सिंह ने माताओं के सम्मान में तू कितनी अच्छी है, तू कितनी भोली है, प्यारी प्यारी है, ओ मां, ओ मां, गीत प्रस्तुत किया। शिक्षक बिनोद कुमार ने स्वरचित कविता सुनायी। समारोह के दौरान उपस्थित माताओं ने फैशन शो और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस दौरान वर्ग द्वादश की सृष्टि की मां ने गीत प्रस्तुत किया।

## सीसीएल अस्तपताल में मनाया गया नर्स दिवस



समारोह में मौजूद संगठन के लोग और अस्पताल परिवार

भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। बरका-सयाल प्रक्षेत्र के सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में रविवार को सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ से सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ द्वारा समारोह पूर्वक विश्व नर्स दिवस मनाया गया। समारोह में संगठन के सदस्यों द्वारा रजनी गुलाब एक्का, शिशिर डे, रेखा कुमारी, सुमन नाथ, नेहा मिंज, शालिनी बारला, नेहा हेवरेगे, रजनी कुजूर आदि नर्स बहनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ राजेश, राम विनय त्रिपाठी, ललन प्रसाद ने नर्स दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नर्सों की सेवाभाव कई मायनों में सराहनीय है। लोग पर्व-त्योहार के दिन छुट्टी मना रहे होते हैं जबकि डॉक्टर व नर्स को ड्यूटी बजाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों नर्सों की जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है। समारोह में सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य शशि भूषण सिंह ने डॉ राजेश को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि डॉ. व नर्स एक-दूसरे के अनुपूरक हैं। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय सुरक्षा बोर्ड के सदस्य श्रीकांत गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय अध्यक्ष हरिनाथ महतो ने किया। मौके पर संतोष पांडेय, नौशाद आलम, रंजन, राजेंद्र, फारूक रजा सहित समस्त अस्पतालकर्मी मौजूद थें।

## टेलर और कंटेनर के बीच टक्कर, चुटूपालू घाटी में पलटा मछली लदा ट्रक

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़-बोकारो राष्ट्रीय राजमार्ग देश पर एक टेलर और कंटेनर के बीच भीषण टक्कर हुई। इस हादसे में दोनों गाड़ियां बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हुई, लेकिन कोई जान माल की क्षती नहीं हुई। जानकारी के अनुसार कंटेनर डीएल 01जे-8538 की टक्कर टेलर पीबी05ए-9211 के बीच हुई। इस हादसे में कंटेनर का ड्राइवर इंदौर निवासी सुनील यादव और टेलर का ड्राइवर हजारीबाग जिले के बरकट्ठा निवासी हलीम खान घायल हो गये। दोनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल रामगढ़ में किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार कंटेनर पर टायर लदा हुआ था। उसे सूरत से कोलकाता ले जाया जा रहा था। जबकि टेलर उड़ीसा से स्पंज आयरन लेकर रामगढ़ के आलोक स्टील प्लांट के लिए जा रहा था। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को सडक के किनारे कराया। **घाटी में पलटा मछली लदा ट्रक :** दूसरी ओर चुट्टूपालू घाटी में मछली लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में ट्रक चालक व खलासी मामूली रूप से घायल हो गया। इस मामले में रामगढ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि दोनों ही घटना में चालक व खलासी को हल्की-फुल्की चोट लगी है।

# जंक फूड का त्याग जरूरी

हमारा स्वास्थ्य अच्छे और संतुलित पौष्टिक आहार पर निर्भर करता है। इससे न केवल वजन बढ़ने का खतरा कम हो सकता है, बल्कि डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, स्ट्रोक और कैंसर जैसी बीमारियों को भी रोका जा सकता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद नयी दिल्ली की रिपोर्ट के अनुसार अस्वास्थ्यकारी आहार के कारण भारत में 56.4 प्रतिशत लोग बीमार पड़ जाते हैं, जिससे अपने भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों को शामिल करके बचा जा सकता है। इस रिपोर्ट में मोटापा और मधुमेह जैसे रोगों से बचाव के लिए खान-पान संबंधी 17 दिशा-निर्देश दिये गये हैं, जिनमें तेल, चीनी का कम इस्तेमाल करना और प्रोटीन सप्लीमेंट से बचना शामिल हैं। राष्ट्रीय पोषण संस्थान हैदराबाद की निदेशक डॉ हेमलता द्वारा भारतीयों के लिए आहार संबंधी दिशा-निर्देश शीर्षक से तैयार इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पौष्टिद्क आहार और शारीरिक गतिविधि कोरोनरी हृदय रोग और हाइपरटैंशन को कम करने के अलावा टाइप-2 मधुमेह को 80 प्रतिशत तक रोक सकती है। स्वस्थ जीवन के लिए जंक फूड से बचना भी जरूरी है। एक ब्रिटिश मैडीकल जर्नल में प्रकाशित एक महत्वपूर्ण अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 34 वर्षों तक लगभग 44000 वयस्कों के खान-पान और स्वास्थ्य संबंधी विस्तृत जानकारी लेने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि अधिक मात्रा में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने वाले लोगों में जल्दी मृत्यु होने का खतरा अन्यों की तुलना में अधिक था। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड वे होते हैं जिनके प्राकृतिक स्वरूप में काफी हद तक बदलाव कर दिया जाता है। इन खाद्य पदार्थों में आमतौर पर चीनी, नमक, वसा और आर्टीफिशियल एलीमेंट की मात्रा अधिक होती है। पैकेज्ड स्नैक्स, डिब्बा बंद फूड, नूडल्स, इंस्टैंट सूप, कोल्ड ड्रिंक आदि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की श्रेणी में आते हैं। तेजी से हो रहे शहरीकरण और बदलती जीवन शैली के परिणामस्वरूप प्रोसैस्ड फूड (जंक फूड) की खपत अधिक होने तथा पौष्टिक खाद्य पदार्थों की खपत में निरंतर कमी आने से उसी अनुपात में लोगों का स्वास्थ्य भी बिगड़ने लगा है। इसलिए निरोगी और स्वस्थ जीवन जीने के लिए जंक फूड का त्याग और बेहतर आहार अनुशासन का पालन करना जरूरी है।

**तेजी से हो रहे शहरीकरण और बदलती जीवन शैली के परिणामस्वरूप प्रोसैस्ड फूड (जंक फूड) की खपत अधिक होने तथा पौष्टिक खाद्य पदार्थों की खपत में निरंतर कमी आने से उसी अनुपात में लोगों का स्वास्थ्य भी बिगड़ने लगा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नर्सों की सराहनीय सेवा को मान्यता प्रदान करने हेतु भारत में परिवार एवं कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की शुरुआत की गयी थी, जिसका वितरण प्रति वर्ष इसी दिन किया जाता है। इस अवसर पर प्रतिवर्ष देश में महामहिम राष्ट्रपति नर्सिंग कर्मियों को उनकी ईमानदारी, समर्पण तथा करुणा के साथ प्रदान की गयी निःस्वार्थ सेवा हेतु इस पुरस्कार से सम्मानित करते हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 1973 से लेकर अब तक 250 से भी अधिक नर्सों को इस पुरस्कार से सम्मानित कर चुका है।**

# प्रशिक्षित नर्सों की कमी से जूझ रहे कई देश

**योगेश कुमार गोयल**

**समाज** के लिए नर्सों के योगदान को चिन्हित करने के लिए प्रतिवर्ष 12 मई को विश्व नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति में दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह दिवस हमारी नर्सें, हमारा भविष्य, देखभाल की आर्थिक शक्ति थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस विषय के निर्धारण का उद्देश्य नर्सिंग और इसके महत्व के बारे में लोगों की धारणाओं को बदलना है। दरअसल नर्सिंग प्रायः वित्तीय सहायता की कमी के कारण बाधित होती है, इसलिए यह विषय इसे बदलने में मदद करने के प्रयासों के लिए निर्धारित है। यह विषय कोरोना महामारी से सीखे गए सबक पर भी आधारित है और उभरती चुनौतियों से निपटने तथा विश्वभर में स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य देखभाल को आगे बढ़ाने की वैश्विक आकांक्षाओं को रेखांकित करता है।

नर्सों की सराहनीय सेवा को मान्यता प्रदान करने हेतु भारत में परिवार एवं कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की शुरुआत की गयी थी, जिसका वितरण प्रति वर्ष इसी दिन किया जाता है। इस अवसर पर प्रतिवर्ष देश में महामहिम राष्ट्रपति नर्सिंग कर्मियों को उनकी ईमानदारी, समर्पण तथा करुणा के साथ प्रदान की गयी निःस्वार्थ सेवा हेतु इस पुरस्कार से सम्मानित करते हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 1973 से लेकर अब तक 250 से भी अधिक नर्सों को इस पुरस्कार से सम्मानित कर चुका है। इस पुरस्कार में 50 हजार रुपये नकद, प्रशस्ति पत्र तथा मेडल प्रदान किया जाता है।

**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 1973 से लेकर अब तक 250 से भी अधिक नर्सों को इस पुरस्कार से सम्मानित कर चुका है।**



**भारत में विदेशों के लिए नर्सों के पलायन में कमी आने के बावजूद रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण रोगी और नर्स के अनुपात में अंतर बढ़ा है। देश में इस समय करीब 1100 की आबादी पर एक नर्स है। हालांकि विश्वभर में प्रशिक्षित नर्सों की मांग को देखते हुए भारत में भी युवाओं का इस पेशे की ओर रुझान काफी बढ़ा है।**

ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका तथा कनाडा जैसे कई देशों में तो अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस का आयोजन पूरे एक सप्ताह तक किया जाता है।

वास्तव में यह दिवस स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों के योगदान को सम्मानित करने तथा उनसे संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस का पहला प्रस्ताव 1953 में डोरोथी सुथरलैंड (यूएस स्वास्थ्य, शिक्षा और कल्याण विभाग) द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जिसे अमेरिकी राष्ट्रपति ड्वाइट डी आइजेनहोवर द्वारा मान्यता प्रदान की गयी थी। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पहली बार 1965 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेस (आइसीएन) द्वारा मनाया गया और जनवरी 1974 से यह प्रतिवर्ष 12 मई को नोबेल नर्सिंग सेवा की शुरुआत करने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाने लगा, जिनका जन्म 12 मई, 1820 को हुआ था।

अस्पतालों में भर्ती मरीजों की चौबीसों घंटे देखभाल का उत्तरदायित्व नर्सों पर ही रहता है। इसलिए उनसे उम्मीद की जाती है कि वे रोगियों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ उनकी बीमारी को नियंत्रित करने में मित्रवत व्यवहार करें तथा उनके प्रति स्नेहशीलता का परिचय दें। यही कारण है कि रोगियों की उचित देखभाल के लिए नर्सों का शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक स्तर पर शिक्षित, प्रशिक्षित तथा अनुभवी होना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। नर्सिंग एक ऐसा कार्यक्षेत्र है, जिससे जुड़े लोग कभी बेरोजगार नहीं रहते। सरकारों व निजी अस्पतालों, सैन्य बलों, नर्सिंग होम, अनाथालयों, वृद्धाश्रमों तथा कुछ अन्य क्षेत्रों में ऐसे लोगों को रोजगार उपलब्ध हो ही जाता है।

दुनिया में अधिकांश देशों में आज भी प्रशिक्षित नर्सों की भारी कमी चल रही है, लेकिन विकासशील देशों में यह कमी और भी अधिक देखने को मिल रही है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अच्छे वेतनमान और सुविधाओं के लालच में आज भी विकासशील देशों से बड़ी संख्या में नर्सें विकसित देशों में नौकरी के लिए जाती हैं, जिससे विकासशील देशों को प्रशिक्षित नर्सों की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विकसित देश अपने यहां नर्सों की कमी को अन्य देशों से नर्सों को बुला कर पूरा कर लेते हैं और उनको वहां पर अच्छा वेतन और सुविधाएं देते हैं, जिस कारण नर्सें विकसित देशों में जाने में देरी नहीं करतीं।

दूसरी ओर विकासशील देशों में नर्सों को अधिक वेतन और सुविधाओं की कमी रहती है और आगे का भविष्य भी अधिक उज्वल नहीं दिखायी देता, जिस कारण वे विकसित देशों के बुलावे पर नौकरी के लिए चली जाती हैं। किसी भी देश में नर्सों की कमी उस देश की खराब चिकित्सा व्यवस्था बारे बताती है। नर्सों की कमी का सीधा प्रभाव नवजात शिशु और बाल मृत्यु दर पर पड़ता है। दरअसल अब सरकारी अस्पतालों में नर्सों को अच्छा वेतन और अन्य सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे उनकी स्थिति सुदृढ़ हुई है और यही कारण है कि भारत से प्रशिक्षित नर्सों का पलायन काफी हद तक रुका है।

भारत में विदेशों के लिए नर्सों के पलायन में कमी आने के बावजूद रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण रोगी और नर्स के अनुपात में अंतर बढ़ा है। देश में इस समय करीब 1100 की आबादी पर एक नर्स है। हालांकि विश्वभर में प्रशिक्षित नर्सों की मांग को देखते हुए भारत में भी युवाओं का इस पेशे की ओर रुझान काफी बढ़ा है। कुछ समय पहले तक नर्सिंग क्षेत्र पर महिलाओं का ही एकाधिकार माना जाता था, लेकिन अब महिलाओं के साथ पुरुष भी इस क्षेत्र में भागीदारी कर रहे हैं। नर्सिंग न केवल दुनियाभर में एक सम्मानजनक पेशा माना जाता है, बल्कि इसे दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य पेशे के रूप में भी जाना जाता है। यही कारण है कि सरकारों द्वारा भी नर्सिंग सेक्टर को प्रोत्साहन देने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं और अब देशभर में कई और जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी (जीएनएम) तथा ऑग्जिलरी नर्सिंग मिडवाइफरी (एएनएम) कॉलेज खोले जाने की योजना है, ताकि देश में प्रशिक्षित नर्सों की कमी को पूरा किया जा सके।

## जमशेदपुर की खबरें

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर बतायी मोदी सरकार की उपलब्धियां

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं का जनसंपर्क अभियान तेज कर दी।रविवार को जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ता लगातार जनसंपर्क के माध्यम से सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो को आशीर्वाद और समर्थन देने की अपील कर रहे हैं। जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा अंतर्गत गोलमुरी, सीतारामडेरा समेत अन्य मंडल क्षेत्रों में भाजपा कार्यकताओं ने सुबह-शाम सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान गोलमुरी मंडल क्षेत्र अंतर्गत विजय नगर, टाटा लाइन, न्यू टाटा लाइन, रामदेव बागान, देबुन बागान एवं सीतारामडेरा मंडल के कल्याण नगर, मुंडारी बस्ती, कान्हू भट्टा, आदर्श नगर समेत अन्य क्षेत्रों में पदयात्रा कर बुजुर्ग, युवा, महिलाओं, छात्राओं, दुकानदारों, मजदूरों के साथ समाज के अन्य वर्गों से मुलाकात कर आसन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में समर्थन देने एवं बिद्युत महतो को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की गयी। अभियान के दौरान भाजपा कार्यकताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। पार्टी के पुराने एवं नए कार्यकर्ता पूरे उमंग में एकजुट होकर जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों के दरवाजे पर दस्तक देकर उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियों के साथ सांसद बिद्युत महतो के उल्लेखनीय कार्यों को बताकर 25 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। अभियान के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद और बिद्युत महतो जिंदाबाद के नारे लगाकर जनसंपर्क अभियान सम्पन्न किया। मौके पर मिथिलेश सिंह यादव, पवन अग्रवाल, टुनटुन सिंह, खेमलाल चौधरी, मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, अजय सिंह, अप्पा राव, समाजसेवी शिवशंकर सिंह, प्रोबिर चटर्जी राणा, पंकज शर्मा, मोहम्मद नौशाद, सरबजीत कौर, मिथलेश साव, संतोष कुमार, रंजीत सिंह, अरुण मिश्रा, सतनाम सिंह, सजल भट्टाचार्य, उमेश साव, विकास दास, गौरव साहू, अतुल प्रभात, रामचंद्र प्रसाद, भगवान प्रसाद, नवीन शर्मा, ओम कश्यप, धर्मेंद्र प्रसाद, कमल वर्मा, जगन्नाथ प्रसाद, विपिन कुमार, पप्पू साव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा बर्मामाइंस मंडल ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के भाजपा बर्मामाइंस मंडल के द्वारा रविवार को इंदर सिंह बस्ती और सिद्धू कानू बस्ती में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान सांसद और प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के पक्ष में चलाया गया। इस दौरान लोगों से अपील की गयी की कि वे भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को वोट देकर मोदी को जिताये। और तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाये अभियान में लोगों के बीच प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत, मंडल महामंत्री सूरज सिंह, शशि सिंह, वर्मा कंसारी, उमेश, अशोक पांडे, धर्मनाथ नंदलाल, उज्जवल राय, घनश्याम पांडे वर्मा, राम मारडीह समेत अन्य भाजपा सदस्य उपस्थित रहे।

# कुशवाहा संघ ने छात्रावास का किया उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कुशवाहा संघ जमशेदपुर ने साकची स्थित गुरुनानक नगर में सभी समाज के विद्यार्थियों के लिए छात्रवास का शुभारंभ कर सरानीय पहल की।रविवार को कुशवाहा संघ जमशेदपुर में प्रोफेसर अयोध्या प्रसाद के द्वारा 14 कमरा में 28 विद्यार्थियों के लिए बने सभी प्रकार के सुविधाओं के साथ कुशवाहा छात्रवास का फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर समाज के सभी पदाधिकारी के साथ बुजुर्ग, महिलाएं व पुरुष शामिल रहे। सभी ने कुशवाहा संघ जमशेदपुर के द्वारा छात्रवास में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए उचित मूल्य पर कमरा उपलब्ध होने पर पदाधिकारी को बधाई दी। इस अवसर पर कमिटि के सदस्य रामानंद भक्त ने बताया शहर में व्यवस्थित छात्रावास की कमी है। विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कुशवाहा संघ ने जमशेदपुर में विद्यार्थियों के परेशानी को देखते हुए 14 कमरा के नए भवन का निर्माण कराया। प्रत्येक कमरे में दो- दो बेड लगाया गया है। लगभग 28 विद्यार्थियों को छात्रावास का उत्तम सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया सिर्फ कुशवाहा समाज ही नही बल्कि अन्य समाज के विद्यार्थियों को भी उचित मूल्य पर छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके आलावे समाज के जरूरतमंद विद्यार्थियों को कमेटी के निर्णय पर सहायता प्रदान की जाएगी।मौके पर शिव कुमार भक्त, सचिव राम कुमार सिंह, अनुप कुमार सिंह, राम भक्ता, परमेश्वर प्रसाद, त्रियोगी प्रसाद, राम कुमार, संजय कुमार सिंह, किशोरी प्रसाद, केपी सिंह, अतुल आनंद, ट्रस्टी गोपाल प्रसाद, महेश प्रसाद, सिद्धेश्वर प्रसाद, नगीना सिंह, वैधनाथ प्रसाद, श्याम किशोर सिंह,धन प्रसाद सिंह सहित समाज के सैकड़ो लोग शामिल रहे।

# केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने जमशेदपुर में योग उत्सव का आयोजन




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ योग के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जागरूकता के लिए चलाएं जाने वाले हंड्रेड डेज काउंटडाउन प्रोग्राम के अंतर्गत झारखंड के जमशेदपुर शहर में योगोत्सव के रूप में इसे मनाया गया। जमशेदपुर में यह कार्यक्रम इंडियन योग एसोसिएशन के एसोसिएट संस्था वर्ल्ड विजन फाउंडेशन के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर शहर में लगभग 50 स्थान पर 3000 से अधिक लोगों ने सुबह में 6:30 से 7:30 तक योग का अभ्यास किया। जिसमें रामकृष्ण मिशन स्कूल के 16 स्कूल और पतंजलि के योग केंद्र आर्ट ऑफ लिविंग के योग केंद्र गायत्री परिवार मंदिर के साथ-साथ जमशेदपुर के स्लम एरियाज के बच्चों को योग अभ्यास कराया गया। जमशेदपुर में स्थित सूर्य मंदिर एक आईकॉनिक प्लेस के रूप में घोषित किया गया था। अमित कुमार ने कहा कि यह 100 डेज काउंटडाउन प्रोग्राम के आयोजन का जमशेदपुर शहर में तृतीय वर्ष है आगे भी इस तरह का योग का कार्यक्रम इस इस शहर में आयोजित किया जाता रहेगा।

# भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा की होगी ऐतिसाहिक जीत : मलखान सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सिंहभूम संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा की ऐतिहासिक जीत होगी। यह कहना है ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह का। उन्होंने कहा कि आज राज्य में हर ओर बदलाव की लहर दिख रही है। वर्तमान झारखंड सरकार की नीति-सिद्धांतो पर उन्होंने जमकर निशाना साधते हुये कहा कि सिंहभूम संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी गीती कोड़ा की ऐतिहासिक जीत तय है। इतना ही नहीं, जिस तरह से पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं और आम लोगों में भाजपा के प्रति जोश-खरोश बना हुआ है उससे तय है कि आनेवाले विधान सभा चुनाव में भी भाजपा शत-प्रतिशत जीत का लक्ष्य करेगी। पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने इस संबंध में कहा कि झारखंड के 14 लोकसभा सीट को जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्य के समर्थन में जनता झारखंड के सिंहभूम संसदीय सीट समेत हर सीट पर भाजपा प्रत्याशी को वोट देगी और उनकी जीत सुनिश्चित करेगी। इस दौरान उन्होंने सोमवार 13 मई को भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में लोगों से भारी से भारी संख्या में मतदान करने की अपील की है।

# कंपनी प्रबंधन से संगठित व असंगठित मजदूरों को 100% मतदान कराने में सहयोग करने की अपील

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** लोक सभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इसके लिए चुनाव के दिन सभी कंपनी में कार्यरत मजदूरों को छुट्टी देने की बात है। सूत्रों की माने आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में कई औद्योगिक प्रतिष्ठान मतदान हेतु छुट्टी की घोषणा नहीं किया गया। जिसको लेकर मजदूरों ने जोहार झारखंड श्रमिक महासंघ के अध्यक्ष व यूथ इंटक नेता राजीव पाण्डेय से शिकायत की। मौके पर उन्होंने



कंपनी प्रबंधन व कारखाना निरीक्षक से वार्ता कर 100% मजदूरों को मतदान देने के लिए छुट्टी देने की बात कही। उन्होंने बताया यदि कोई कंपनी मजदूरों को संवैधानिक छुट्टी नहीं देती है तो वे लोग श्रम विभाग, कारखाना निरीक्षक या फिर मजदूर यूनियन अध्यक्ष से 9279970686 पर शिकायत कर सकते है।यूनियन हर संभव सहयोग करने व शिकायत पर कार्रवाई के लिए तैयार है। साथ ही उन्होंने कंपनी प्रबंधन से सरकार के दिशा निदेर्शों का अनुपालन कर संगठित व असंगठित मजदूरों को 100% मतदान कराने में सहयोग करने की अपील की।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 मई, 2024
www.azadsipahi.in
07

# मतदान कर्मियों को आवश्यक सामग्री के साथ मतदान केंद्रों पर किया गया रवाना

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मतदान कर्मियों को प्रस्थान करने से पूर्व दिये आवश्यक निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने को लेकर 80- गढ़वा और 81- भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया सेपन्न कराने को लेकर एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में बने डिस्पैच सेंटर से सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ सभी मतदान पदाधिकारी (पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी और तृतीय मतदान पदाधिकारी), सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। सभी डिस्पैच संबंधी प्रक्रिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय की उपस्थित और देख-रेख में निर्वाचन आयोग के एसओपी का अनुपालन करते हुए पोलिंग पार्टी डिस्पैच प्रक्रिया को संपन्न कराया गया। पार्टी मिलान करते हुए सभी मतदान कर्मियों को मतदान के लिए ईवीएम वीवीपीएटी समेत अन्य सभी आवश्यक सामग्री मुहैया करायी गयी और वाहन के माध्यम से सभी को निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए भेजा गया। मतदान कर्मियों की सुविधा हेतु डिस्पैच सेंटर पर विभिन्न काउंटर बनाये गये थे। जिनमें कार्मिक कोषांग फैसिलिटेशन सेंटर, हेल्पडेस्क, मेटेरियल कोषांग, ईवीएम कोषांग, चिकित्सा दल आदि। एसएसजेएस नामधारी कॉलेज में बनाये गये डिस्पैच सेंटर का और सभी मतदान कर्मियों को डिस्पैच करने आदि संबंधी कार्यों का सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन मुददत द्वारा भी जायजा लिया गया।

बताते चलें कि 13 मई 2024 को गढ़वा जिला अंतर्गत मतदान संपन्न कराया जाना है। जिसकी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। गढ़वा- 80 और भवनाथपुर- 81 को लेकर एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में बने डिस्पैच सेंटर से मतदान कर्मियों को अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना करने से पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने जॉइंट ब्रीफिंग किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी से मतदान प्रक्रिया को निर्वाचन आयोग के निहित निदेशों के अंतर्गत पूर्ण सतर्कता व सावधानी से संपन्न कराने की बात कही। ज्ञातव्य है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए पूरे पलामू संसदीय क्षेत्र- 13 के लिए रिसीविंग सेंटर जीएलए कॉलेज, मेदिनीनगर, पलामू में बनाया गया है। मतदान समाप्ति के पश्चात ईवीएम उक्त रिसीविंग सेंटर में जमा कराने को लेकर निदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा भी सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को अपने गंतव्य स्थल मतदान केंद्रों पर अपने-अपने पोलिंग पार्टी के साथ जाकर पूरी सतर्कता से कार्य करने की बात कही गयी। 13 मई 2024 को मतदान कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त श्री जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय और अन्य पदाधिकारियों द्वारा सभी मतदान पदाधिकारियों और पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं दी गयी।


डीसी और एसपी की देखरेख में पोलिंग पार्टी डिस्पैच प्रक्रिया को संपन्न कराया गया।

# जिला की सभी शराब दुकानें बंद रहेंगी




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-135 (ग) में निहित निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर, भा०प्र०से०, द्वारा आदेश जारी कर लोकसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर गढ़वा जिला के सम्पूर्ण क्षेत्र में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शुष्क दिवस को निम्नलिखित अवधि में गढ़वा जिला की सभी खुदरा उत्पाद शराब दुकानें और अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे तथा किसी प्रकार के होटल, रेस्तरा, क्लब इत्यादि प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्पिरिटयुक्त मादक लिकर या वैसी प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा न तो दिया जायेगा और न वितरित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड, रांची और आयुक्त उत्पाद, उत्पाद और मद्य निषेध विभाग झारखंड रांची से प्राप्त निदेश के आलोक में गढ़वा जिला और गढ़वा जिला के सीमावर्ती जिला में होने वाले लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदान की समाप्ति तक, मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुनर्मतदान के दिन शुष्क दिवस घोषित करने का निर्देश दिया गया है।

# डंडई में 60 मतदान केंद्रों पर आज करेंगे मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के कुल 60 मतदान केंद्रों पर आज सोमवार को कड़े सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोकसभा चुनाव का मतदान कराया जायेगा। जिसको लेकर मतदान कर्मी मतदान सामग्री के साथ पहुंच चुके हैं। सुबह के 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी जो शाम के 5 बजे तक चलेगा। प्रखंड क्षेत्र के 51403 मतदाता आज इन मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करंगे। चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। दुसरी तरफ इस भीषण गर्मी को देखते हुए मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी की गयी है। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि शांतिपूर्ण व भयमुक्त मतदान को ले सभी बूथों पर पर्याप्त पुलिस वालों को लगाया गया है।

# चिनियां और रमकंडा के 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के चिनियां और रमकंडा प्रखंड के 200 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। शनिवार को चिनियां प्रखंड के चिरका स्थित आईटीआई के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में चिनियां प्रखंड के तहते हेताड़कला के जगमोहन कोरवा, रामजतन कोरवा, शिवलाल कोरवा, शिवधारी कोरवा, दिलीप कोरवा, नरेश मिंज, सतनी देवी, चंपा देवी, देवन्ती देवी, बिगनी देवी, रामाधार कोरवा, विरेंद्र कोरवा, जमुनियां टांड, लावादाग से मोहन सिंह, श्रवण सिंह, राजनाथ सिंह, सुनील सिंह, सुखदेव सिंह, रमनी देवी, लक्ष्मनियां देवी, बोधनी देवी, कविता देवी, कमला देवी, पार्वती देवी, सीता देवी, मानमति देवी, घांसो देवी, रमकंडा प्रखंड के उदयपुर पंचायत से भाजपा पंचायत अध्यक्ष रमण विश्वकर्मा, विनय आदि का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के लिए काफी महत्वपूर्ण है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, राजकिशोर, दिलीप सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ठेकेदार ने कांडी बाजार में नाली की जगह नरक बना कर छोड़ दिया, सड़क पर पसरा गंदा पानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** एक बड़े ठेकेदार ने कांडी बाजार में नाली की जगह नरक बनाकर छोड़ दिया है। इस कारण बाजार मेन रोड से होकर हर आने जानेवालों को मल मूत्र मिले गंदे पानी के छींटों का सौगात मिल रहा है। इसे मुख्य सड़क व बाजार क्षेत्र में पसरे नाली के पानी को देखकर कोई सहज ही समझ सकता है। मालूम हो कि कांडी बाजार स्थित कर्पूरी चौक से मझिगावां कवलदाग होते भवनाथपुर टाउनशिप तक सड़क का निर्माण कार्य 6-7 वर्षों से चल रहा है। इस योजना के तहत कांडी में सड़क की दोनों तरफ करीब 3 हजार फीट लंबी नाली का निर्माण किया जाना था। जिसकी जगह मात्र बाजार में करीब 250 फीट लंबी बिना ढक्कन की नाली का निर्माण कराया गया। इस नाली का निर्माण भी त्रुटि पूर्ण है। बहाव की तरफ ही नाली ऊंची है। नतीजा है कि पानी बजाय आगे की ओर बहने के पीछे की ओर भरते जाता है। कचड़ा व गंदा पानी भरने के बाद सड़क पर व बाजार क्षेत्र में गंदगी का ओवरफ्लो होता है। तस्वीर में वहीं गंदा पानी सड़क पर पसरा हुआ दीख रहा है। कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद ने कहा इस विषय में ठेकेदार से कई बार कहा गया। प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया। लेकिन प्रखंड मुख्यालय की इस नारकीय स्थिति से किसी को कुछ लेना देना नहीं है। नाली से निरंतर फैल रही गंदगी कांडी के चेहरे पर लगा बदनुमा दाग है। बाहर से आनेवाला प्रत्येक व्यक्ति कांडी व कांडी वासियों पर गंभीर टिप्पणी करने से नहीं चूकता। दूसरी तरफ यह गंदगी कभी भी कांडी को महामारी की चपेट में डाल सकती है। पूर्व मुखिया ने कहा कि 5 वर्ष पर लोकतंत्र का महापर्व आया है। जिसे लेकर काफी संख्या में बाहरी अधिकारी, कर्मचारी व सुरक्षाबलों का आना जाना हो रहा है। ऐसे अवसर पर वे तमाम लोग कांडी के प्रति गंदी धारणा लेकर ही जायेंगे। क्योंकि चुनाव को ध्यान में रखकर भी इसकी सफाई कराना मुनासिब नहीं समझा गया। इस संबंध में सड़क निर्माण करा रहे पथ निर्माण विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर प्रदीप कुमार ने कहा चुनाव से इसका क्या संबंध है। मैं स्वयं इसकी हालत देखता हूं, आप भी वहीं रहिये।



# स्वीप कार्यक्रम के तहत मानव श्रृंखला का निर्माण और जागरूकता रैली का आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के ग्राम रंका खुर्द के बुथ नंबर 365 में स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को समूह की दीदीयों के साथ मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया और मतदाता जागरूकता के लिए शपथ दिलायी गयी और मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन एलएचबीआरपी सत्येंद्र कुमार के अगुआई में किया गया। इस अवसर पर गांव में घुम-घुम कर लोगों को अपना मतदान अवश्य करने और गांव के सभी लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने कराने का आग्रह किया गया और जागरूकता फैलायी गयी। इस मौके पर एलएचबीआरपी सत्येंद्र कुमार, एसबीएम रंका कॉर्डिनेटर रशीदा खातुन, समाजसेवी अमरेंद्र कुमार, बीएलओ कलावती देवी, सक्रिय महिला आशा देवी, जलसहिया और काफी संख्या में समूह की दीदी लोग रैली में शामिल थीं।

# कांडी प्रखंड के मतदान केंद्रों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां

**कांडी (आजाद सिपाही)।** पलामू लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कराने के लिए रविवार दोपहर तक कांडी प्रखंड के 89 मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गयी। सोमवार को प्रखंड के 83190 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर 9 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। जिसमें पुरुष मतदाता 43882 और महिला 39308 मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। जबकि इस लोकतंत्र के महा त्योहार में 5651 नये मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जो उनके लिए सर्वथा नया अनुभव होगा। इस संबंध में सहायक निवार्ची पदाधिकारी मोहम्मद आफताब आलम ने कहा कि प्रखंड में शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव कराने को लेकर 10 सेक्टर बनाये गये हैं। जहां पर मतदानकर्मियों के लिए सारी व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी है। प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी और उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटनियां इन दो बूथों को मॉडल बूथ बनाया गया है।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेने की अपील

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** मंडल के ग्राम पंचायत करियावा के ग्राम घघरी, बाराड़ीह, डहुवाटोला आदि गांवों में मतदाताओं से मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किये गये कार्यों को गिनाया। वहीं मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी ने बूथ अध्यक्ष, बूथ संयोजक, पंचायत अध्यक्ष सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि बिरनी प्रखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के 14 मई को संबोधित करेंगे। उसमें ज्यादा से ज्यादा लोग कार्यक्रम में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को सुनकर लाभ उठाएं। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से जयनगर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, महामंत्री यमुना प्रसाद, उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद मोदी, राजु साव, मंटु पंडित, विजय यादव, भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुनील सिंह, उमेश मोदी, परमानंद गिरी, मुरली सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कोडरमा घाटी में यात्री बस के पलटने से तीन घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत जिला मुख्यालय से 2 किलोमीटर दूर घाटी में दयान बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से तीन लोग घायल हो गए। बाकी सवारी बाल बाल बच गये। घायलों की पहचान मोहम्मद साबिर (40 वर्ष, ग्राम नवादा), अरबाज (6 वर्ष, ग्राम नवादा), मोहम्मद दाऊद (50 वर्ष, कोडरमा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दयान बस कोलकाता से सवारी बैठा कर बिहार की तरफ जा रही थी। कोडरमा घाटी में बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से तीन लोग घायल हो गए। इसके बाद पुलिस की मदद से आनन फानन में घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है। गाड़ी रोड पर पलटने से आधा घंटा तक रोड जाम रहा। इसके बाद क्रेन की मदद से गाड़ी को रोड से साइड कराकर परिचालन चालू किया गया।

# मदर्स डे पर माताओं को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय में सहाना रोड स्थित एडुमेटा द आई स्कूल में रविवार को मदर्स डे मनाया गया। इसमें स्कूल के बच्चों ने खूब मस्ती की, वहीं बच्चों की माताओं के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान क्विज, डांस, म्यूजिकल चेयर में मॉम्स ने हिस्सा लिया। आयोजन में मदर्स डे सेलिब्रेशन में मॉम्स के लिए म्यूजिकल चेयर, क्विज, बैलून बस्टिंग जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरस्वती देवी ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया और मदर्स डे पर हुए आयोजन की प्रशंसा की। निदेशक मधु कुमारी ने कहा कि नन्हे मुन्हे बच्चों की मम्मी ने आकर कार्यक्रम में उत्साह और उमंग भर दिया। उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह समर कैंप का आयोजन किया जायेगा और कुछ कार्यक्रमों में बच्चों की माताओं की भी भागीदारी होगी। स्कूल की एडमिन श्रुति राय ने बताया कि इस प्ले स्कूल में बच्चों को खेल के साथ शिक्षा दी जाती है। मौके पर स्कूल की निदेशक मधु कुमारी, विशिष्ट अतिथि शीला प्रसाद, तृप्ति सरकार, एडमिन श्रुति राय, टीचर्स में सपना, स्वाति, स्कूल कर्मी मनवा देवी, विकास, असगर के अलावा बच्चों में अदिति सिन्हा, दिव्यांश, परी वर्मा, अनिक्या दीप, वाणी पंडित, सूर्यांश, अपूर्वी बरनवाल, अर्णव, अभिवन, वैभव, विधि, रुद्र, ऋषित राज, एकाघरा, तृषिका, गोलू, काव्य सारांश और माताओं में वर्षा कुमारी, संगीता कुमारी, आकांक्षा सिन्हा, निकिता बरनवाल, आकृति राज, मुस्कान पंडित, किरण, सोनी सिंह, सोनिया देवी, पूजा रानी बरनवाल, विनीता आदि मौजूद रहीं।



# एंबुलेंस नहीं मिलने पर टोटो से ले गये शव

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को एम्बुलेंस नहीं मिलने पर शव को टोटो से ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि रविवार को मृतक के शव को घर ले जाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में एम्बुलेंस मांगा गया तो वहां उपस्थित स्वास्थ्य कर्मी सब हट गये। घंटों इंतजार के बाद टोटो ले जाकर शव को ले जाया गया। मृतक के परिजनों के अनुसार कलीडीह निवासी अकसवा देवी (75 वर्ष पति श्री साव) की तबियत बिगड़ने के बाद स्थानीय चिकित्सक के पास ले गए। जहां इलाज के दौरान स्थिति गम्भीर होने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया जहां डॉक्टर प्रियांशु बरनवाल ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के शव के लिए एंबुलेंस सेवा मांगा गया तो वहां उपस्थित स्वास्थ्य कर्मी सब खिसक गये। फिर एक घंटा बाद मृतक के परिजनों ने टोटो मंगाया और शव को ले गये।

# हुरूमगढ़ा अनुसूचित जाति नायक-घांसी समाज संघ पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** अनुसूचित जाति नायक (घांसी) समाज संघ पतरातु प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को जुगल नायक के भुरकुंडा हुरूमगढ़ा स्थित आवास में हुई। इसकी अध्यक्षता विकास कुमार नायक ने की। बैठक में शिक्षा, एकजुटता, समाज का उत्थान व मजबुती पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही प्रतिमाह 100 रूपया कोष जमा करने की शुरूआत के लिए समाज की सराहना की गयी। जिसमें पतरातु प्रखंड में जनसंपर्क करने, बैठक की समय सीमा तय करने, समाजिक जागरूकता फैलाने, खर्च और ब्यौरा का नियम बनाने, संस्था का पंजीकरण कराने और जिम्मेवारी निभाने सहित बैठक की तिथि और स्थान के नियम तय करने को ले विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से समाज को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही 2 जून रविवार को जुगल नायक के हुरूमगढ़ा स्थित आवास में पुनः बैठक करने की बात कही गयी। मौके पर जुगल नायक, प्रकाश नायक, बिनोद नायक, विकाश कुमार नायक, सिकंदर, किशुन, बाबूलाल, अमित, सूरज, राज, छोटेलाल, गणेश, कुंदन नायक सहित समाज के दर्जनों लोग मौजूद थें।

# कुरसे महादेव मंदिर में मंडा पूजा मनाने को लेकर चर्चा

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कुरसे महादेव मंदिर परिसर में रविवार को कुरसे के ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में मंडा पूजा 2024 के सफल आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता महेश सिंह और संचालन जनार्दन मुंडा और वीरेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि इस वर्ष का मंडा पूजा आगामी 28 मई की रात्रि में मंडा पूजा जागरण किया जायेगा। वहीं 1 को पाठ विवाह होगा। जबकि 9-10 जून को मंडा पूजा का आयोजन किया जायेगा। ग्रामीणों द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष सनी सिंह, सचिव संतोष कुमार यादव, कोषाध्यक्ष राजेंद्र तुरी को चुना गया। मौके पर धनेश्वर यादव, सहदेव ठाकुर, राणा प्रताप सिंह, प्रभु तुरी, दिनेश सिंह, राजकपूर सिंह, फुलेश्वर तुरी, हरिचरण करमाली, जयलाल सिंह, जगन्नाथ मुंडा, सुरेश प्रजापति, रामजन्म यादव, शंकर मुंडा, सुनील करमाली, सतीश सिंह, रमेश बेदिया, लालो यादव, एम सिंह, जूली करमाली, छेदी सिंह, पवन मुंडा, मनोहर करमाली आदि मौजूद थें।

## मंत्री ने बाबा खोनहर नाथ मंदिर में सपरिवार की पूजा-अर्चना

# क्षेत्र की खुशहाली और लोस चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने कामना की


बाबा खोंहर मंदिर में पूजा-अर्चना करते मंत्री और परिजन।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकर के पेयजल और स्वछता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवर को बाबा खोनहर नाथ मंदिर में अपने पुरे परिवार के साथ पूजा अर्चना किया। मंत्री ने पूजा अर्चना कर बाबा भोले नाथ से क्षेत्र की खुशहाली, सुख समृद्धि और लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने की कामना की। इस दौरान उन्होंने खोनाहर नाथ बाबा को जलाभिषेक किया। उन्होंने ने कहा कि बाबा खोनहर नाथ मंदिर ऐतिहासिक मंदिर है। बाबा खोनहर नाथ सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर अलम, परेश तिवारी, राजेश तिवारी, मुखिया संजय चंद्रवंशी, दिलीप गुप्ता, राजा सिंह, अविनाश दुबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


## मिथिलेश ठाकुर ने मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश में अमन-चैन और सुख-समृद्धि की कामना की


बाबा बंशीधर मंदिर में पूजा-अर्चना करते मंत्री।

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** प्रदेश के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को सपरिवार श्री बंशीधर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत दर्शन पूजन कर प्रदेश में अमन चैन और सुख समृद्धि की कामना की। आचार्य श्रीकांत मिश्र और आचार्य सत्यनारायण मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंचोपचार विधि से पूजन संपन्न कराया। दर्शन पूजन के बाद ट्रस्ट की ओर से मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और उनकी पत्नी को चुनरी ओढ़ा कर स्वागत किया गया। मौके पर जीपी परेश कुमार तिवारी, मनोज कुमार झा, अनुज तिवारी, सूर्यदेव मेहता और मंदिर ट्रस्ट के कई सदस्य उपस्थित थे।

# कुसुंभा में भाजपा की पाठ सभा



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के द्वारा नवादा और कुसुंभा पंचायत में पाठ सभा का आयोजन किया गया। जिसमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किये गये जनकल्याणकारी कार्यों और उनके संदेश को घर-घर पहचाने का किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, मधुसूदन प्रसाद, डोमन प्रसाद गुप्ता, प्रभु विश्वकर्मा, द्वारिका साव, बिसुन साव, भुवनेश्वर साव, संतोष साव, रोहित साव, भीमराम, विकास पांडे समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में चार गिरफ्तार

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरा गांव में चार युवकों ने एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता अपने स्वजनों के साथ भंडरा थाना में चार नामजद लोगों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। इधर भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने सभी नामजद चारों आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वही एक आरोपी को लोहरदगा जेल तथा तीन नाबालिक आरोपी को निरूद्ध करते हुए बाल सुधार गृह गुमला भेज दिया है। बताया जाता है कि विगत 8 मई की शाम भंडरा थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में विवाह समारोह चल रहा था। जिसमें दो नाबालिग बहनें विवाह समारोह से घर लौट रही थी। तभी चार युवकों ने जबरदस्ती एक नाबालिग को अपने साथ आम बगीचा में ले दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में भंडरा थाना पुलिस गांव के ही रामा उरांव के पुत्र धरमु उरांव (18 वर्ष) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही तीन अन्य नाबालिग आरोपियों को निरूद्ध किया गया है।

### संसदीय चुनाव के तहत सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक आज होगी वोटिंग

# लोहरदगा में 428 बूथों पर वोट डालेंगे 3.70 लाख वोटर

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के शेष 310 मतदान केंद्रों के लिए रविवार को सभी पोलिंग पार्टियां मतदान संपन्न कराने हेतु समाहरणालय परिसर लोहरदगा से सुरक्षित रवाना हो गयी। इससे पूर्व शनिवार को 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के 14 दुर्गम व सुदूरवर्ती क्षेत्र में अवस्थित मतदान केंद्रों के लिए 14 पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं थीं। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के समय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा सुरक्षित व त्रुटिरहित मतदान करने का संदेश पोलिंग पार्टियों को दिया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

**428 मतदान केंद्र में 370519 मतदाता करेंगे मतदान**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन के लिए लोहरदगा जिला में कुल 428 मतदान केंद्र निर्धारित हैं जिसमें 324 मतदान केंद्र 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र और 104 मतदान केंद्र 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र में अवस्थित हैं। लोहरदगा जिला में कुल मतदाताओं की संख्या 370519 है जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 186597 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 183920 और थर्ड जेंडर मतदाता 02 हैं। कुल मतदाताओं में से 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में 284107 मतदाता हैं। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 143366 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 140741 है। वहीं, 69-बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 86412 है जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 43231, पुरूष मतदाताओं की संख्या 43179 और थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 02 है।

**जिले में 05 यूनिक बूथ, 10 महिला बूथ**

72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किस्को प्रखण्ड में 09, कुडू प्रखण्ड में 10, कैरो प्रखण्ड में 05, सदर प्रखण्ड में 18, नगर परिषद क्षेत्र में 15 और भण्डरा प्रखण्ड में 09 समेत कुल 66 मतदान केंद्रों को पर्दा नशीन बूथ बनाया गया है। सदर प्रखण्ड लोहरदगा में कुल 10 मतदान केंद्रों ऐसे होंगे जहां सिर्फ महिला मतदानकर्मियों द्वारा मतदान कार्य संपन्न कराया जाएगा। यूनिक बूथों में 72- विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सरहुल थीम पर आधारित मतदान केंद्र राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय टाकू (पूर्वी भाग, बूथ संख्या-140), जनजातीय जीवनशैली पर आधारित मतदान केंद्र राजकीयकृत बुनियादी विद्यालय हिरही (पूर्वी भाग, बूथ संख्या-207) और राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय पझरी (बूथ संख्या-303) है। 69-बिशुनपुर (अंश) में जनजातीय जीवनशैली पर आधारित मतदान केंद्र में राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय सेरेंगहातु (बूथ संख्या-82) और जनजातीय कला व संस्कृति का दशार्ता राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय भैसमुंदो (पूर्वी भाग, बूथ संख्या-81) है जो यूनिक बूथों में शामिल हैं। इस प्रकार लोहरदगा जिला में कुल 05 यूनिक बूथ हैं।

**मतदान केंद्रों में रहेगी विभिन्न सुविधाएं**

सभी मतदान केंद्रों में टेंट की व्यवस्था की गयी है ताकि दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं व उनके साथ आये बच्चों को छाया प्रदान किया जा सके। दिव्यांग मतदाताओं के व्हीलचेयर की व्यवस्था की गयी है। जो मतदाता मतदान केंद्र तक पैदल आने में असमर्थ हैं उनके लिए वाहनों की व्यवस्था की गयी है। मतदाताओं की मदद के लिए वोलेंटियर्स की व्यवस्था की गयी है।

# खड़गे, सीएम और कल्पना सोरेन आज लातेहार में





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी 'कल्पना सोरेन' सोमवार की दोपहर 12:00 बजे लातेहार में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। यह चुनावी सभा लातेहार सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुंदरी ग्राम स्थित मैदान में महागठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी के पक्ष में चुनावी सभा मे भाग लेते हुए हाथ छाप में मतदान देने की अपील करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए लातेहार जिला कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मोतिउर रहमान ने बताया कि इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता झारखंड के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर क्षेत्रीय विधायक बैजनाथ राम तथा मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लातेहार।** लातेहार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के रवि कुमार ने रविवार को चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लातेहार जिले के विभिन्न मतदान केंद्रो का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अम्बाटीकर, राजकीयकृत मध्य विद्यालय, लातेहार बाजार, राजकीय बुनियादी विद्यालय, धर्मपुर और मनिका के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, नामुदाग, स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर लोकसभा चुनाव की तैयारी का जायजा लिया। चतरा लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है। इसे लेकर लातेहार जिले के मतदाताओं में काफी उत्साह है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्र के स्थल निरीक्षण एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया और पूरे उत्साह से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बीएलओ से वहां की तैयारियों को जाना। उन्होंने बीएलओ से मतदान केंद्र जागरूकता समूह, अब्सेंट, शिफ्ट एवं डेथ (एएसडी) सूची को सार्वजनिक रूप से पढ़वाकर वेरिफाई कराया। लातेहार जिले के मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को मतदान केंद्रों पर तैयारी की मामूली कमियों को दूर करने तथा एएसडी सूची की त्रुटियों में सुधार कराने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी से मतदान के लिए अपील की।

**पोस्टल बैलेट के लिए मतदाता सुविधा केंद्र का किया निरीक्षण**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गांधी इंटर कॉलेज, लातेहर स्थित पोस्टल बैलेट के लिए मतदाता सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। यहां सर्विस वोटर, आवश्यक सेवा से जुड़े वोटर द्वारा पोस्टल बैलेट से किये जा रहे मतदान से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गरिमा सिंह, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी-सह-नगर पंचायत पदाधिकारी राजीव रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष वोटरों ने ली शपथ**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई। के. रवि कुमार ने इस क्रम में वालेंटियर एवं रसोईया से बातचीत की। उनके दायित्वों को जाना और उन सभी का उत्साहवर्धन किया। लातेहार एवं मनिका के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया था। वहां बड़ी संख्या में सखी मंडल की महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने मताधिकार के इस्तेमाल के लिए घर वापस आये वोटरों का आभार व्यक्त किया।

# भंडरा प्रखंड में 54 मतदान केंद्र में 46855 मतदाता करेंगे वोट



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में 54 मतदान केंद्र में आज 46855 मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गयी है। सभी बूथों में मतदाता कर्मी पहुंच चुके है। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि भंडरा प्रखंड में बिशुनपुर विधानसभा में 24 मतदान केंद्र है। जिसमें पुरुष मतदाता 9513 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 9171 है। जबकि लोहरदगा विधानसभा के लिए 30 मतदान केंद्र है। जिसमें पुरुष मतदाता 14086 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 14085 है। उन्होंने बताया कि 80 प्लस वृद्ध व दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र भेजने के लिए सभी 54 बूथों। पर ऑटो की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने प्रखंड के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि देश के इस महापर्व में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। पहले मतदान फिर जलपान की बात कही ।

# बजरंग दल के युवक ने ब्लड डोनेट कर बचायी जान




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार सदर अस्पताल लातेहार में एक मरीज को अ पॉजिटिव बल्ड के कारण उनकी ऑपरेशन नहीं हो पा रही थी। उनके परिजन वाले काफी परेशान थे। तभी इसकी जानकारी मुझे मिली इसके बाद मैने तुरंत उनके परिवार वाले से संपर्क किया और ब्लड बैंक जाकर उन्हें अपना एक यूनिट ब्लड दिया बल्ड देने के पश्चात मुझे काफी खुशी महसूस हुई और मैं एक छोटा सा नेक कार्य किए व मरीज के परिवार वाले ने मुझे बहुत प्यार और बधाई दिये और उस मरीज के चेहरे पर मुस्कान आयी। बजरंग दल लातेहार के सौरभ साहू ने कहा कि हमारा ये 7वा रक्त दान है आप भी रक्त दान कर के देखो बहुत अच्छा लगता है, रक्त दान, महादान है, सौरभ कुमार साहू ने सभी युवाओं को रक्त दान करने की अपील की ओर कहा कि हम सभी युवा को ब्लड डोनेट करने की जरूरत है। ताकि हमारे रक्त से किसी की जान बच सके। मौके पर पवन गुप्ता हैप्पी साहू मौजूद रहे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जबरा फाइटर क्लब ने 95 रनों से जीता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरियातू।** प्रखंड के जबरा ग्राम स्थित कोठाटांड खेल मैदान में आयोजित डब्बल खस्सी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया जिसमें जबरा फाइटर क्लब ने 95 रन से जीत कर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। डब्बल खस्सी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला में बतौर मुख्य अतिथि लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम मौजूद रहे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला फाइटर कल्ब जबरा बनाम शिब्ला क्लब शिब्ला के बीच खेला गया। 20-20 ओवर के खेल में पहले बल्लेबाजी करते हुए फाइटर क्लब जबरा ने 130 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी शिब्ला क्लब शिब्ला ने महज 35 रन बनाकर आॅल आउट हो गयी। विजेता टीम को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रकाश राम ने खस्सी और सील्ड देकर पुरस्कृत किया। जबकि विशिष्ट अथिति के रूप में पंचायत के मुखिया राजीव भगत, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, देवनंदन प्रसाद, जोगेंद्र भोक्ता, सोनु प्रजापति, बहादुर गझू ने संयुक्त रूप से उप विजेता टीम को एक खस्सी देकर पुरस्कृत किया। मैन ऑफ द मैच अवध प्रजापति और मैन ऑफ द सीरीज सूरज ठाकुर को दिया गया। वहीं अंपायर का भुमिका अजीत प्रजापति ने निभाया। इससे पूर्व आये सभी अतिथियों को टूनामेंट समिति के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर रोहित ठाकुर, नरेश प्रजापति, टूर्नामेंट अध्यक्ष रंजीत प्रजापति, अवध प्रजापति, सूरज ठाकुर, राकेश प्रजापति के अलावा काफी संख्या में दर्शक और खिलाड़ी मौजूद रहे।

# अनियंत्रित हाइवा वाहन पलटा, कोई हताहत नहीं

**प्रफुल्ल पांडेय**



**मुरपा।** बालूमाथ-खेलारी मुख्य पथ स्थित मारंगलोइया स्कुल के पास रविवार को बुकरू साइडिंग से कोयला लोड हाइवा गाड़ी खेलारी की ओर जा रही थी। हाइवा वाहन नबंर जेएच 02 बी जे 9898 अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। सूत्रों के अनुसार वाहन दीपक कुमार साव का बताया जा रहा है। उस वाहन में सिर्फ चालक सवार थे जो खलारी की ओर से आ रही स्कार्पियो को साइड देने के दौरान हाइवा गड्ढा मे उतर गया जिससे वाहन निचे गिर गयी। उक्त वाहन मे कोयला लोड था जो भुरकुंडा रेलवे साइडिंग जा रहा था। जिसे ग्रामीणों और मुरपा पिकेट प्रभारी होसेन डोंग की मदद से सुरक्षित निकाल लिया गया। घटना के संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त हाइवा वाहन बुकरू साइडिंग से खेलारी की ओर जा रहा था कि इसी दौरान मारंगलोइया के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसे वाहन क्षतिग्रस्त हो गयी। वाहन का चारो पहिया ऊपर हो गयी थी। मौके पर मूरपा पिकेट पुलिस मौजूद रही।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

# परिजनों ने शव के साथ की सड़क जाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लातेहार।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र में शहर के अम्वाटिकर मोड़ के समीप शनिवार की शाम साढ़े सात बजे एक अज्ञात मोटरसाइकिल की टक्कर से अम्बाटिकर निवासी संजय राम गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रिम्स रेफर किया गया था, परंतु इलाज के दौरान संजय राम की मौत हो गयी। इधर इस संबंध में मृतक संजय के भतीजा नंदू राम ने लातेहार थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन उन्होंने लिखा है कि मेरे चाचा संजय राम बीते दिन अपने साइकिल से अम्वाटिकर मोड़ होते हुए अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अम्वाटिकर मोड़ के पास एक अज्ञात मोटरसाइकिल ने उन्होंने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके कारण वह घायल हो गये। जहां इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया गया, परंतु इलाज के दौरान ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने एन एच 39 पर लातेहार समाहरणालय गेट के समीप मुख्य पथ पर शव रख आवागमन बाधित जाम कर दिया तथा प्रशासन से मुआवजे की मांग करने लगे। बाद में प्रशासन के समझाने-बुझाने के बाद सड़क जाम समाप्त हुआ।

घटना की जानकारी होते ही लातेहार सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिन्हा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटाया। सड़क जाम शाम 5 बजे से करीब 6 बजे तक रहा। इस दौरान सड़क पर वाहनों का आवागमन बाधित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर संजय राम की मौत के बाद पत्नी समेत अन्य स्वजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया।

### संजय सेठ ने विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया

# देश आज मजबूर नहीं, मजबूत हाथों में है: संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने रविवार की सुबह मोरहाबादी मैदान में मॉर्निंग वॉकर्स के साथ मुलाकात की और शहीद संकल्प शुक्ला की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही अरगोड़ा, गुदरी रामनगर, हटिया, तिरिल बस्ती, रातू रोड, डोरंडा में जनसंपर्क अभियान चलाया। सांसद ने कहा कि आज देश मजबूत हाथों में है मजबूर हाथों में नहीं है। देश के प्रधानमंत्री ने भारतीय सैन्य बल को सुदृढ़ किया। पहले हम दूसरे देशों से सैन्य हथियार मांगते थे। लड़ाकू विमान तेजस खुद अपने देश में बना रहे हैं और दूसरे देश आज हमारे बने हुए फाइटर प्लेन ले रहे हैं। यह है विकसित भारत की ताकत। सांसद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में सभी 25 तारीख को अपना मतदान राष्ट्र के निर्माण के लिए करें और देश को मजबूती प्रदान करें। जनसंपर्क अभियान में विधायक समरी लाल, हेमंत दास, संजय जयसवाल, ललित ओझा, मुनचुन राय, विकास रवि, राजेश सिन्हा, मुकेश काबरा, हरि नारायण गुप्ता, रवींद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### राजद ने रांची लोस क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए बनायी 55 सदस्यीय टीम

# विधानसभा वार होगी नुक्कड़ सभा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** रांची लोकसभा चुनाव अभियान समिति की बैठक रांची संसदीय क्षेत्र के संयोजक राजेश यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। निर्णय लिया गया कि रांची लोकसभा चुनाव अभियान समिति के मनोनीत सदस्य रांची लोकसभा से इंडी गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में लोकसभा के सभी छह विधानसभा में आमसभा, नुक्कड़ सभा और रोड शो किया जायेगा। मुख्य संयोजक गौतम सागर राणा ने कहा कि प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को इंडी गठबंधन का उम्मीदवार न समझ उन्हें राजद प्रत्याशी समझ कर सहयोग करने की जरूरत है। इसी फॉर्मूले पर सभी साथियों को चुनाव में काम करने का संकल्प लिया जाना चाहिए। राजेश यादव ने कहा कि जल्द ही कार्यक्रम तय कर सूचित कर दिया जायेगा।

**इन्हें मिली विधानसभा स्तर पर जिम्मेवारी**

हटिया विधानसभा में कैलाश यादव-नंदन यादव के नेतृत्व में आमसभा और नुक्कड़ सभा की जायेगी। रांची विस क्षेत्र के चुटिया में मनोज पांडेय, आबिद अली के नेतृत्व में कार्यक्रम होगा। कैलाश यादव-आबिद अली, मनोज पांडेय, सदाकत अंसारी, मदन यादव, रामकुमार यादव, संजय टाइगर, सुधीर गोप, मोहर सिंह यादव, अर्जुन यादव, चंद्रशेखर भगत, साजिद आलम, जसीम अख्तर, चंद्रिका यादव, शौकत अंसारी, अभिषेक बिट्टू, इरफान अंसारी, मनोज अग्रवाल, सुग्रीव यादव, सुनील ठाकुर, मैनेजर राय, राम इकबाल चौधरी, मोहसिन अंसारी, मनोज शर्मा, बिट्टू शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## वृद्ध की कीटनाशक खाने से हुई मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत टुकुटोली दमकारा निवासी 60 वर्षीय मुंडला उरांव पिता स्व पति उरांव की शनिवार की रात कीटनाशक का सेवन के बाद सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार वृद्ध घर में अकेला था परिवार के सभी लोग खेत की ओर काम करने गये थे तभी वृद्ध ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। घर लौटने पर तीव्र गंध होने पर परिजन उससे पूछताछ किये लेकिन उसने कुछ नहीं बताया स्थिति खराब होने पर परिजन उसे बसिया रेफरल अस्पताल ले गये। जहां इलाज के उपरांत उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में शनिवार के रात 10:00 बजे उसकी मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक वृद्ध अक्सर शराब का सेवन करता था। इसी बात को लेकर परिजनों उसे बार-बार मना करते थे संभवतः इसी कारण उसने कीटनाशक का सेवन कर लिया।

# 950 मतदान केंद्रों पर आज पड़ेंगे वोट

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में सोमवार यानी आज मतदान किया जा रहा है। सभी मतदान कर्मियों को मतदान केंद्रों के लिए नियुक्ति पत्र, ईवीएम, वीवीपीएटी एवं निर्वाचन संबंधित आवश्यक सामग्रियों के साथ मतदान केंद्रों के लिए रविवार को ही रवाना कर दिया गया। इस दौरान गुमला स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज में बने डिस्पैच एवं रिसीविंग सेंटर से गत 11 मई को पी- 2 के लिए कुल 44 मतदान केंद्र के लिए मतदान पदाधिकारियों व कर्मियों को रवाना किया गया। वहीं 12 मई को पी-1 के लिए कुल 950 मतदान केंद्रों के लिए मतदान पदाधिकारियों व कर्मियों को नियुक्ति पत्र, ईवीएम, वीवीपीएटी एवं निर्वाचन संबंधित आवश्यक सामग्रियों के साथ मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया।



**हेलिकॉप्टर से बूथ तक पहुंचे 13 मतदान केंद्र के कर्मी**

इन 950 मतदान केन्द्र में से 13 मतदान केंद्र में वोटिंग कराने के लिए मतदाता पदाधिकारियों/कर्मियों को हेलिकॉप्टर द्वारा हेलेड्रोपिंग कराया गया। हेलेड्रोपिंग करने वाले मतदान पदाधिकारी व कर्मी की सुरक्षा के लिए भी बेहतर इंतजाम किए गये।

**डिस्पैच सेंटर में थीं बुनियादी सुविधाएं**

रविवार को पी-1 डिस्पैच के दिन डिस्पैच के दिन हजारों मतदान कर्मियों की भीड़ देखने को मिली। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर सभी के लिए प्राथमिक सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया था।

**दो बूथों को बनाया गया यूनिक बूथ**

ज्ञात हो कि इस बार गुमला जिला अंर्तगत बूथ संख्या 68-गुमला बूथ संख्या 51 और 69-विशुनपुर बूथ संख्या 152 को यूनिक बूथ बनाया गया है। यह मतदान केंद्र सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित पीवीटीजी ग्राम अंतर्गत है और यहां के शत प्रतिशत मतदाता पीवीटीजी समुदाय के हैं। उक्त दोनों ही मतदान केंद्रों का हमेशा से रिलोकेशन होता रहा है जिस कारणवश वहां के मतदाता अपने मतदान केंद्र में कभी मतदान नहीं कर पाते थे। यह पहली बार हुआ है कि बूथ संख्या 51 एवं बूथ संख्या 152 में मतदान का आयोजन बिना किसी रिलोकेशन के किया जा रहा है। दोनो ही मतदान केंद्रों को पारंपरिक रूप से सुसज्जित किया गया है ।




**महिला बूथ के लिए महिला बूथ कर्मी**

गुमला जिला अंतर्गत 105 महिला मतदान केंद्र बनाये गये हैं और 75 ऐसे मतदान केंद्र हैं जहां 2 महिला एवं 2 पुरुष मतदान कर्मियों को नियुक्ति की गयी है। उक्त सभी महिला मतदान केंद्र के महिला मतदान कर्मियों को शॉल एवं पुष्प माला के साथ सम्मानित कर के उनके मतदान केंद्र के लिए रवाना किया गया है। इसके अलावा जिले में एक पीडब्ल्यूडी मतदान केंद्र का भी गठन किया गया है।

**कई बूथों में बनाए गए हैं सेल्फी प्वाइंट**

मतदान केंद्र को आकर्षक और मजेदार बनाने के लिए कई भूषण में सेल्फी प्वाइंट की व्यवस्था की गई है इसके अतिरिक्त ऑन को पारंपरिक अंदाज में सजाया भी गया है साथ ही साथ में पेयजल व्हीलचेयर और अन्य बुनियादी सुविधाओ की व्यवस्था की गयी है।

**डिस्पैच सेंटर में डटे रहे डीसी, एसपी व डीएफओ**

डिस्पैच सेंटर में विधि व्यवस्था को बनाएं रखने एवं शांतिपूर्ण तरीके से डिस्पैच के कार्यों को पूर्ण करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह एवं जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल बिलकुल डटे रहे। मतदान कर्मियो को कोई कठिनाई न हो, इसके लिए काफी वैज्ञानिक तरीके से सारी तैयारियां की गयी थी। मौके पर जिले के सभी वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## ठनका गिरने से महिला की हुई मौत




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर के चेटर निवासी 48 वर्षीय बेबी देवी पति सुदर्शन सिंह की रविवार की शाम आसमानी बिजली की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक महिला चेटर में ही अपनी बेटी से मिलने उसके घर केमडे जा रही थी। हल्की-हल्की बारिश हो रही थी महिला पैदल ही खेत के रास्ते जाने लगी तभी बिजली चमकने लगी और वज्रपात हुआ। आसमानी बिजली महिला के सिर में गिरी इसके बाद महिला जमीन पर गिर गई घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। वहीं पास में बकरी लेकर लौट रही एक महिला घटना को देखी इसके बाद दौड़ते हुए उसके बेटे को घटना की जानकारी दी तत्काल बेटा स्कूटी से घटना स्थल पहुंचा और अपनी मां को स्कूटी में ही बैठा कर सदर अस्पताल लेकर आया जहां चिकित्सक ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। वही फिलहाल शव को शव गृह में रखा गया है। सोमवार को उसका पोस्टमार्टम किया जायेगा।

## दो मासूम बच्चों को छोड़ कर पिता फरार



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के तिगावल गांव से शनिवार की देर शाम पुलिस ने दो मासूम बच्चों को बरामद किया है। बताया जा रहा है कि चैनपुर पुलिस को सूचना मिली कि दो बच्चे पिछले तीन दिनों से तिगांवाल गांव में है। जिनके परिजनों का कुछ आता-पता नहीं है। जिसके बाद चैनपुर पुलिस ने उक्त दोनों बच्चे को अपने साथ चैनपुर थाना ले आई है। पुलिस की पूछताछ में बच्चों ने बताया कि हम दोनों भाई बहन हैं। लड़के का नाम आनंद कुमार और आयु 5 वर्ष है, वही लड़की का नाम रीता कुमारी है और उसकी आयु 4 वर्ष बताई जा रही है। आनंद कुमार ने बताया कि पिता का नाम महिल है माता का नाम रानी देवी है गांव रानीगंज है। बातचीत से दोनों बच्चे बिहार के लग रहे हैं। उसने बताया कि पिता हमें शादी घर जाने के नाम से लाकर छोड़ दिया और यहां से भाग गया है। चैनपुर पुलिस ने बताया कि दोनों मासूम बच्चों के गार्जियनों की खोजबीन की जा रही है।

## भुंभू में दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा के सुदूर भूम्भू महावीर मंदिर के दो दिनी वार्षिक महोत्सव पूजा पाठ हवन पूजन, भजन कीर्तन के साथ विधि विधान पूर्वक संपन्न हुआ। समापन सत्र में विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंह देव इस अवसर पर कहा हमारा सनातन धर्म आदिकाल का धर्म है, हमलोग उस धर्म और संस्कृति से सम्बन्ध रखते हैं जो भारतीय महाद्वीप में सदा से चला आ रहा है, लेकिन हमारे पूर्वजों इस महान धरोहर सनातन धर्म और संस्कृति को विधर्मियो के द्वारा लालची और स्वार्थी कुछ जयचंदों के सहयोग से मिटाने का प्रयास भी समय समय पर हुआ, हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक मानबिंदुओं को नष्ट करने का प्रयास हुआ। आज भी स्वार्थी तत्व समाज में फुट डालकर तोड़ने की दिशा में लगे हुए हैं हमारा देश विश्वशांति अध्यात्म अध्यात्म का केंद्र रहा है। समय



समय पर धर्म की स्थापना एवं विधर्मियो का नाश करने के लिए भगवान ने अवतार इस धरती पर लिया है। इस कलियुग में शक्ति संगठन में है, धर्मो रक्षति रक्षितः, धर्म की रक्षा करने से धर्म हमारी रक्षा करता है। विभिन्न कलखंडो में धर्म की रक्षा और विधर्मियो, स्वार्थी तत्वों का नाश हेतु इस धरती अनेक विभूतियों ने जन्म लिया और इस देश में धर्म की स्थापना कर सांस्कृतिक सबलता प्रदान की। जहां इस धरती पर हमारे प्रभु श्रीराम जन्म लेकर बुराइयों का नाश किया। वहीं योगिराज श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना की। इसी तरह धर्म की स्थापना के लिए अनेक महापुरुषों ने भारतीय भूमि में अवतार लिया, पर विधर्मी रक्तबीज की तरह कभी समाप्त नहीं हुए और समय समय पर वे अपना सर उठाते रहें और उनका साथ हमेशा से ही कुछ स्वार्थी जयचंदो ने दिया है उन बर्बर आक्राताओं ने हमारे मंदिरों, धार्मिक पहचान को नष्ट किये और आज भी प्रयास जारी है। भगवान श्रीराम के जन्मभूमि मंदिर को तोड़ा, श्रीकृष्ण जन्म स्थली मंदिर को तोड़ा गया, कशी विश्वनाथ को अपवित्र किया गया। ऐसे अनेक धार्मिक सनातनी स्थल हैं जिनको पहचान बदलने का प्रयास हुआ यह सब सनातन को नष्ट कर विधर्मी राज्य स्थापित करने के लिए किया गया। उस समय भी हमारे सनातनी समाज में एक से बढ़कर एक शक्तिशाली राजा राज करते थे परन्तु उन्हें एक दूसरे से कोई मतलब नहीं था। आक्रताओं से अलग अलग युद्ध होने के कारण सब के सब युद्ध में मारे गये। 500 वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद हमें श्रीराम जन्मभूमि पर पुनः हमने मंदिर स्थल को प्राप्त कर अपने समर्पण राशि से भव्य मंदिर का निर्माण कराया। इस अवसर पर विहिप जिलाध्यक्ष जी के द्वारा मंदिर समिति को जन्मभूमि अयोध्या में नव प्रतिष्ठित भगवान श्रीराम का चित्र भेंट किया गया, जिसे मंदिर में स्थापित किया गया। दो दिवसीय मंदिर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति के अलावा सभी ग्रामवासियों का बढ़ चढ़ कर सहयोग रहा।

## नर्स दिवस पर नर्सें सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** रविवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के मौके पर सदर अस्पताल के नर्सों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मारवाड़ी युवा मंच अध्यक्ष सौरभ बंसल और सचिव डॉ. रीतेश अग्रवाल के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सदर अस्पताल सिमडेगा के नर्सों का सम्मान किया। मंच के अध्यक्ष सौरभ बंसल ने बताया कि ब्रिटिश नर्स फ्लोरेंस नाइटेंगल के जन्मदिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मरीजों के सेहतमंद होने में नर्स महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। वहीं सचिव डॉ. रीतेश अग्रवाल ने कोरोना काल में फ्रंट लाइनर के रूप में काम करने वाली नर्सों की सेवाओं को नमन किया और कहा कि डॉक्टर अस्पताल का दिमाग है, तो नर्स अस्पताल का दिल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के सौरभ बंसल, डॉ० रीतेश अग्रवाल, दीपक मित्तल, गुलाब चंद्र जैन, बसंत शर्मा एवं सौरभ शर्मा के साथ अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## मिशन बदलाव के सचिव के सहयोग से मिला 2 यूनिट रक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव के महिला जिला सचिव सैयदा खातुन ने बताया की मरीज, मुस्कान परवीन, पति आदिल अंसारी पता शाहपुर बोम्बो टोली कोलेबिरा निवासी, कोलेबिरा में दो दिन से प्रसव के लिए एडमिट थी और कोलेबिरा से तीसरा दिन डॉक्टर के माध्यम से प्रसव के लिए गुमला सदर अस्पताल में रेफर किया गया। सैयदा खातून ने बताया कि बच्चा पेट में ही लैट्रिन कर देने के कारण तत्काल में ऑपरेशन किया गया और ऑपरेशन के बाद मरीज को ब्लड की कमी थी और होमोग्लोबिन भी बहुत कम होने के कारण पाँव भी फूल गया था। इसकी जानकारी तत्काल मिशन बदलाव की सय्यदा खातून को सुचना करने पर उसने हुसैन नगर निवासी मोहम्मद मुस्ताक आलम से संपर्क कर रक्तदान के लिए प्रेरित किया और उन्होंने ने मामलों को गंभीरता को समझते हुए तुरंत रक्तदान किया। मो मुश्ताक आलम ने युवाओं से अपील किया कि जब भी जरूरत पड़े तो रक्तदान के लिए अवश्य आगे आये। हमारा थोड़ा सा प्रयासों से एवं योगदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। सैयदा खातुन ने कहा कि हमारी पहली प्रथमिकता रहती है कि हमें किसी के जीवन बचाने में जब मौका मिले तो मदद के लिये आगे आना चाहिए और अल्लह को शुक्रिया कहना चहिए की ये नेक कार्य के लिये हमें चुना गया है।



## चैंबर के पूर्व अध्यक्ष ने बढ़-चढ़ कर मतदान करने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए मतदान जरूर करने का आह्वान किया है। कहा है कि सोमवार को अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर निर्भीक होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। उन्होंने कहा कि मतदाता ही समृद्ध भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक परम्पराओं के संवाहक हैं। मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही हमारा लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को अधिक समृद्ध बनाने, संवैधानिक कर्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है। चीनी ने कहा है कि लोकतंत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण सोपान है। उन्होंने प्रत्येक मतदाता से स्वतंत्र और निर्भय होकर मतदान अवश्य करने की अपील की है।



## वज्रपात से बुजुर्ग की मौत




**गुमला (आजाद सिपाही)।** टोटो थाना क्षेत्र के डुमरला डांडटोली निवासी चुयां उरांव (62) की मौत शनिवार की अपराहन वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गयी। पुलिस को सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में मृतक का भतीजा चरवा उरांव ने बताया कि गत शनिवार की अपराहन 2.30 बजे मेरे चाचा चुयां उरांव घर से कुछ दूर पर बंधे अपने मवेशियों को बारिश के कारण खोलने के लिए गये थे। जहां मवेशियों को खोलने के क्रम में अचानक तेज बारिश के साथ वज्रपात होने से उसकी चपेट में आने से घटनास्थल पर उनकी मौत हो गयी।

## 15 प्रत्याशियों के भाग्य आज हो जायेंगे इवीएम में बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आज 15 प्रत्याशियों के भाग का फैसला मतदाता करेंगे। इन 15 प्रत्याशियो में माना जा रहा है कि मुकाबला त्रिकोणीय होने की संभावना है। इन 15 प्रत्याशियों में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार गिरजानंद उरांव जिनका चुनाव चिन्ह हाथी छाप है। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार समीर उरांव हैं जिनका चुनाव चिन्ह कमल छाप है। कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुखदेव भगत हैं जिनका चुनाव चिन्ह हाथ है। पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी बिहारी भगत हैं जिनका चुनाव चिन्ह फलों से युक्त टोकरी है। भागीदारी पार्टी में मनी मुंडा उम्मीदवार एयरकंडीशनर छाप से चुनाव मैदान में डटे हैं। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी महेंद्र उरांव चुनाव चिन्ह बाल एवं हंसिया छाप से से चुनाव लड़ रहे हैं। लोकहित अधिकार पार्टी के उम्मीदवार रामचंद्र भगत हैं जो चुनाव चिन्ह सेव छाप से चुनाव लडेंगे। निर्दलीय उम्मीदवार अर्जुन टोप्पो, चुनाव चिन्ह केतली, अर्पण देव भगत जिनका चुनाव चिन्ह कैंची, चमरा लिंडा जिनका चुनाव चिन्ह बल्लेबाज. पवन तिग्गा जिनका चुनाव चिन्ह फूलगोभी छाप, मरियानूस तिग्गा जिनका चिन्ह हॉकी और बॉल छाप, रंजीत भगत जिनका चुनाव चिन्ह फुटबॉल खिलाड़ी छाप, सनिया उरांव जिनका चुनाव चिन्ह अलमारी छाप और स्टेफन किंडो जिनका चुनाव चिन्ह आरी छाप है।

## मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लगातार दो-तीन दिनों से हो रही बारिश से नगर परिषद की लचर व्यवस्था की पोल खुल रही है। शहर में जगह-जगह जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिससे लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में कई जगह सड़क के बीच छोटी पुलिया बनाई गई है लेकिन नगर परिषद के इंजीनियर द्वारा पुलिया को ऊंचा कर दिया गया है जिससे सड़क पर जल जमा होकर तालाब जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पैदल तो पैदल वाहन चालकों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## इडी जांच में खुलासा, रांची-कोलकाता में जमीन रिकॉर्ड से हो रही छेड़छाड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में जमीन घोटाले मामले की प्रवर्तन निदेशालय (इडी) जांच कर रही है। इडी की जांच में पता चला है कि झारखंड में भू-माफियाओं का एक रैकेट सक्रिय है, जो रांची और कोलकाता में जमीन के रिकॉर्ड से छेड़छाड़ करने में लगा है। जमीन को गैरकानूनी तरीके से कब्जा करने के लिए पहले स्वामित्व के मूल भूमि रिकॉर्ड से या तो छेड़छाड़ की जाती है या छिपाया जाता है। इसके बाद जाली भूमि अभिलेखों के आधार पर, ऐसी जमीन को दूसरे को बेच दिया जाता है। जमीन घोटाले मामले में इडी ने अब तक झारखंड के 266 करोड़ की संपत्ति को अस्थायी रूप से अटैच किया है। साथ ही इस मामले में 25 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

### जमीन घोटाला मामले में इडी ने 55 ठिकानों पर की छापेमारी

**इडी सूत्रों के अनुसार जमीन घोटाला से जुड़े मामलों में 55 ठिकानों पर छापेमारी और नौ सर्वेक्षण किये गये थे। इस दौरान भू-राजस्व विभाग की जाली मुहरें, जाली भूमि दस्तावेज, उनके बीच अपराध की आय के वितरण के रिकॉर्ड, जालसाजी करते हुए तस्वीरें, सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने जैसे कई सबूत उजागर किये गये। तलाशी के दौरान इडी ने 1.27 करोड़ कैश भी बरामद किये। वहीं अब तक इडी ने हेमंत सोरेन, छवि रंजन, आइएएस (पूर्व डीसी, रांची), भानु प्रताप प्रसाद (राजस्व उप-निरीक्षक), अमित कुमार अग्रवाल, प्रेम प्रकाश सहित 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि भूमि घोटाला मामलों में जांच के तहत वर्तमान में इडी ने तीन अभियोजन शिकायत भी दर्ज की गयी है।**

## आदिवासी विरोधी बयान पर माफी मांगें खड़गे: प्रतुल

**नोटों का पहाड़ मिलने के बाद भी खामोशी क्यों**

**क्या आलमगीर आलम से इस्तीफा देंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से झारखंड यात्रा के दौरान सार्वजनिक रूप से विभिन्न मुद्दों पर गलतबायनी करने के लिए माफी मांगने की मांग की। पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने राम मंदिर का शुद्धिकरण करने की बात को



कहकर कांग्रेस के आदिवासी-ओबीसी विरोधी रवैया को दिखा दिया है। एक आदिवासी बेटी राष्ट्रपति पद पर और एक पिछड़ा समाज से प्रधानमंत्री, इनको पच नहीं रहा है। राम मंदिर के शुद्धिकरण की बात कर रहे हैं और वह भी तब जब हाल ही के दिनों में राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने वहां की यात्रा की थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी प्राण प्रतिष्ठा में यजमान के रूप में शरीक हुए थे। सरना धर्म कोड पर मल्लिकार्जुन खड़गे से जानना चाहा कि जब तत्कालीन सांसद सुदर्शन भगत ने 22 अगस्त 2013 को पत्र लिखकर सरना धर्म कोड को लागू करने की मांग की थी। आदिवासी कल्याण मंत्री वी किशोर चंद्रदेव ने 11 फरवरी को जवाब देते हुए कहा था कि सरना धर्म कोड लागू करना प्रैक्टिकल नहीं है। आज कांग्रेस सरना धर्म कोड लागू करने की मांग कर रही है।

**कांग्रेस रामद्रोही है:** प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस रामद्रोही है। यूपीए की तत्कालीन सरकार ने 13 सितंबर 2007 में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अस्तित्व को सर्वोच्च न्यायालय में एफिडेविट करके नकारा था और रामायण को एक काल्पनिक ग्रंथ बताया था। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को इस मुद्दे पर भी अपनी झारखंड यात्रा के दौरान माफी मांगनी चाहिए।

### पूरी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है

**प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के घर से नोटों का पहाड़ निकला। क्या पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस मुद्दे पर अपनी खामोशी तोड़ेंगे। जांच पूरी होने तक आलमगीर आलम से इस्तीफा लेंगे। प्रतुल ने कहा कि पूरी की पूरी गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है।**

**पलामू लोस सीट पर मतदान आज : बूथों के लिए रवाना हुए मतदान कर्मी, डीसी ने सभी को दिया निर्देश**

# निष्पक्ष चुनाव कराना अब आपकी जिम्मेवारी है ऑल दी बेस्ट : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा सीट पर सोमवार को को मतदान होना है। जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। शनिवार को 213 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी को मतदान सामग्री के साथ रवाना किया गया था। इसी क्रम में रविवार को भी जिले के 1257 बूथों के लिये पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत दुर्गम बूथों पर मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से भेजा गया। गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में बनाये गये डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी, जहां गर्मी के मद्देनजर मतदान कर्मियों के बीच वोआरएस का वितरण किया।

## शिविर कार्यालय में सुबह से डटे रहे डीसी

अहले सुबह से ही शुरू हुए डिस्पैच कार्यों का खुद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन निगरानी करते नजर आये। उनके साथ सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी समेत जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन उपस्थित रहीं। इस दौरान वे डिस्पैच के लिए बनाये गये विभिन्न काउंटर का निरीक्षण कर कई निर्देश दिये। दूसरी ओर गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज से डिस्पैच होने के पश्चात पाटन के किशुनपुर व पड़वा के बटसारा पहुंचे मतदानकर्मियों का बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।


चुनाव से पूर्व मतदान कर्मियों को रवाना करते जिला निवार्ची पदाधिकारी सह डीसी शाशि रंजन।

### मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल पर संपूर्ण रोक: डीसी

**डिस्पैच के पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने सभी पोलिंग पार्टी को ब्रीफ किया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के अंदर किसी को भी मोबाइल फोन ले जाने पर संपूर्ण रोक रहेगा। यह आप सभी सुनिश्चित करें। मॉक पोल के संबंध में जारी निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का पालन करें। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने पोलिंग पार्टी के साथ एक व्हाट्स ग्रुप बनायें, ताकि आपस में कम्युनिकेश करने में सहूलियत हो।उन्होंने सभी से कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराना अब आपकी जिम्मेवारी, ऑल द बेस्ट।**

## पहले करें मतदान फिर जलपानः कुमार अरविंद



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पलामू सहित चार जिलों में सोमवार को होने वाले मतदान को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। वहीं शतप्रतिशत मतदान कराने के लिए जुटे हैं। इस दौरान हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमार अरविंद बेदिया ने सभी बूथों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। सरसोत पंचायत सचिवालय भवन में स्थित बूथ संख्या 328-29 और सरसोत हाई स्कूल में स्थित 330-31 का जायजा लेने के दौरान कुमार अरविंद बेदिया ने सभी मतदाताओं से सोमवार को अपने अपने मतदान केंद्रों पर जा कर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का सम्मान करते हुए पहले करें मतदान फिर जलपान। मतदान केंद्र का जायजा लेने के दौरान मतदान केंद्र दंडाधिकारी मितेश कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर विगेश कुमार राय आदि उपस्थित थे।

**लालू की बेटी रोहिणी ने पीएम मोदी से की अपील**

## अंकल, मेरे लिए भी आकर थोड़ा रोड शो कर दीजिए



**भाजपा नेताओं ने मुझे 'आदर्श बेटी' बोला थाः रोहिणी आचार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** सारण से राजद प्रत्याशी और लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने लोकसभा चुनाव के बीच अपने रुख से माहौल को हल्का कर दिया है। रविवार को पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो से ठीक पहले उन्होंने पीएम से उनके पक्ष में भी प्रचार करने की गुजारिश कर दी। उन्होंने कहा कि वह भी एक बेटी हैं। लिहाजा उनके लिए सारण में आकर रोड शो करें। रोहिणी ने चाय पर चर्चा के लिए भी मोदी को न्योता दिया है। पीएम का 13 मई को सारण जाने का कार्यक्रम है।

रोहिणी आचार्य ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि चूंकि वह भी एक बेटी हैं, लिहाजा उनके पक्ष में भी आकर प्रचार कर दीजिए। उन्होंने याद दिलायी कि कैसे पिता को किडनी डोनेट करने के बाद भाजपा के नेताओं ने भी उन्हें 'आदर्श बेटी' बताया था। रोहिणी ने पीएम को 'अंकल' कह कर संबोधित किया। रोहिणी ने आगे कहा कि डॉ निशिकांत दुबे ने कहा था कि भगवान रोहिणी आचार्य जैसी आदर्श बेटी सभी को दे। मैं तो अपने भगवान से लड़ता हूं कि मुझे रोहिणी जैसी बेटी क्यों नहीं दी। राजद प्रत्याशी ने कहा कि पीएम अंकल, आइए ना, हम लोग चाय पर कुछ चर्चा भी करते हैं। इस दौरान रोहिणी आचार्य ने भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आप लोग बेटा (रूडी) को तो देख लिये। पिछले 10 साल में उन्होंने क्या किया। केंद्रीय मंत्री के पद से उन्हें क्यों हटाया गया, जरा यह भी बता कर जायें। मैं लोगों से अपील करती हूं कि बेटा को देख लिया, अब इस बेटी को मौका दें।

# लोकतंत्र के मजबूत निर्माण में सभी की सहभागिता अत्यावश्यक है, इसलिए मतदान अवश्य करें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने जिलेवासियों से अपील की कि लोकसभा चुनाव के महात्योहार के मौके पर सोमवार को आपकी वृहद सहभागिता अत्यावश्यक है, अन्यथा लोकतंत्र जिन सिद्धान्तों के आधार पर परिपक्व होता है, उसकी पूर्ति होना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हमे उम्मीद है कि आप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निवार्चन की गरिमा को बनाये रखते हुए निभिर्क होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी से अनुरोध है कि आप अपने मतदान केंद्र पर मतदान के दिन अवश्य जायें और लोकतंत्र की सफलता, गतिशीलता एवं समावेशी-समतामूलक समाज की परिकल्पना को साकार करने में देश हित में सोमवार को अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें।

अगर किसी को पास मतदाता पहचानपत्र नहीं है, तो इन दस्तावेजों की मदद से मतदान कर सकते हैं। इसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित, पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

# मतदान करनेवालों के लिए प्रतिष्ठानों में उपहार के साथ निःशुल्क ई रिक्शा सेवाः आनंद शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** होटल ज्योतिलोक सभागार में शहरी क्षेत्र का वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की विशेष बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सोमवार को दिव्यांग, असहाय व 60 वर्ष से ऊपर वृद्धि के लिए जिनके पास कोई बूथ में जाने आने का साधन नहीं है उन्हें चेंबर निशुल्क ई-रिक्शा उपलब्ध कराएगी। जिसके लिए शहर को 7 जोन में बांटा गया है। जिसमें चैनपुर शाहपुर एरिया के लिए मोबाइल नंबर 9102276973, 6200205418 बैरिया एरिया के लिए 6207026814, 6206564674 रेडमा एरिया के लिए 878916396, 8210873905 जेलहाता एरिया के लिए 9801303676, 7903431693 मुख्य बाजार एरिया के लिए 9852528787, 7004539398,7352768400 साहित्य समाज एरिया के लिए 7870450244, 9430395672 और वेलवाटिका एरिया के लिए 7766969834, 7004691055 पर 30 मिनट पूर्व फोन कर लोकेशन एवं वोट देने जाने वाले का वोटर कार्ड व्हाट्सएप करते हुए ई-रिक्शा की सुविधा ली जा सकती है। चेंबर अध्यक्ष ने बताया आनंद मोटर्स, टाटा मोटर्स,शगुन जेम्स एंड ज्वेलरी, शुभ लक्ष्मी ज्वैलरी, बिहारी लाल एंड संस, प्रिंट एक्सप्रेस सेवा, साईं फर्नीचर, प्लैटिनम आफ फैमिली मार्ट, दिल्ली दरबार, तृप्ति रेस्टोरेंट, शिवाय ब्लू,जोहर ब्रेड, सेकंड होम मार्ट ग्रॉसरी शॉप द्वारा 13 एवं 14 मई को वोट देकर सेल्फी लेने वाले लोगों के लिए उंगली पर चुनाव आयोग का इक दिखाने पर उपरोक्त प्रतिष्ठानों में दो दिनों तक आकर्षक डिस्काउंट दिया जा रहा। खासकर माही केक की ओर से जो युवा प्रथम बार वोट देने जा रहे और उनके जन्मदिन 13 या 14 मई को होने पर उन्हें मुफ्च में केक दिया जाएगा। सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से शपथ लेते हुए रणनीति बनाई कि अपने अगल-बगल के 10 घरों को कल वोट के लिए प्रोत्साहित करेंगे। बैठक का संचालन सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। एग्जीक्यूटिव बैठक में उपस्थित राजदेव उपाध्याय, कृष्ण अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, संजय भगत, सुबोध गुप्ता, राजीव कुमार सिंह, अमित आनंद, सुधांशु शेखर पाठक, अनवर हुसैन, मनीष भिवानिया, राकेश सोनी, उदय शंकर दूबे, चंदू गुप्ता, काशी प्रसाद, त्रिदेव उपाध्याय, सोनू गुप्ता, नंदकिशोर भाटिया व भूपेंद्र सिंह उपस्थित थे।



# गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर ने किया कथारा व बोकारो थर्मल के ग्रामीण क्षेत्र का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कथारा।** गिरिडीह लोकसभा सीट से लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्यासी ज्ञानेश्वर प्रसाद उर्फ गुड्डु साव बेरमो विधानसभा अंतर्गत कथारा एवं बोकारो थर्मल के आसपास ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया। इस क्रम में वे जन समस्याओं से अवगत हुए और अपने पक्ष में वोट मांगे। दौरे के कर्म में उनके साथ लोकहित, अधिकार पार्टी के बोकारो जिला संयोजक जोधन नायक ने बताया कि पार्टी के प्रति रुझान बढ़ रहा है। इस अवसर पर समाजसेवी वीरेंद्र प्रसाद साव, विनोद कुमार साव सुनील सिंह, गुड्डु साव कलीम अंसारी, दिनेश्वर नायक, रहीम अंसारी, अब्दुल रजाक, नकुल नायक,सुरेश साव प्रदीप साव ,सुभाष बरनवाल बसंत साव आदि लोगों से रू-ब-रू हुए। यहां दुलारचंद नायक, अनिल नायक, सूरज नायक, प्रीतम नायक, हीरालाल नायक, पंचम प्रजापति, घनश्याम नायक, प्यारे लाल तूरी, बालेश्वर नायक, गोविंद रविदास आदि लोगों की उपस्थिति रही।




## नर्सों के बिना स्वास्थ्य समाज की कल्पना संभव नहीं : कैलाश ठाकुर

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर हिंद मजदूर किसान यूनियन ढोरी के अध्यक्ष सह विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर ने सीसीएल ढोरी के केंद्रीय अस्पताल में कोल इंडिया में कार्यरत नर्सों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। इस अवसर में अनुबंध नर्सों ने कहा कि हमलोगों का अनुबंध 14 मई को समाप्त हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि नर्सों के बिना स्वास्थ्य समाज का कल्पना संभव नहीं है। बेरमो अनुमंडल में एकमात्र जीवनरक्षक केंद्रीय अस्पताल ढोरी सीसीएल कोल इंडिया एकमात्र विकल्प हैं। इससे पूर्व सीसीएल के सीएमडी ओर वर्तमान कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद ने नर्सों कि कमी को देखते हुए अनुबंध पर नर्सों की कमियों को दुर कियें थें। मैंने अपने युनियन के मध्यम से कोल इंडिया चैयरमैन को पत्राचार कियें हैं।

**स्पोर्ट्स**



चेन्नई सुपर किंग्स ने आइपीएल 2024 के प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखी है। रविवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को पांच विकेट से हरा दिया।

# चेन्नई सुपर किंग्स ने राजस्थान को 5 विकेट से हराया, गायकवाड ने नाबाद बनाए 42 रन



**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आइपीएल-2024 के प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखी हैं। टीम ने मौजूदा सीजन के 61वें मुकाबले में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत से आइपीएल के पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर आ गई है। चेन्नई के पास 13 मैचों के बाद 14 अंक हो गए हैं। दिन के पहले मैच में एमए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 141 रन बनाए और चेन्नई को 142 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में चेन्नई ने 18.2 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। सीएसके की ओर से कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने नाबाद 42 रन की पारी खेली। वहीं सिमरजीत सिंह ने 3 विकेट लिए। उन्हें इस परफॉर्मेंस के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुन गया।

### जडेजा ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड से आउट हुए

राजस्थान के लिए रियान पराग ने 35 बॉल पर नाबाद 47 रन की पारी खेली। उनके अलावा ध्रुव जुरेल ने 28, यशस्वी जायसवाल ने 24 और जोस बटलर ने 21 रन बनाए। चेन्नई की ओर से सिमरजीत सिंह ने 3 विकेट लिए। उनके अलावा तुषार देशपांडे ने 2 विकेट झटके। वहीं लक्ष्य का पीछा कर रही चेन्नई के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने बनाए। उन्होंने 41 बॉल पर नाबाद 42 रन की पारी खेली। उनके अलावा रचिन रवींद्र ने 27, डेरिल मिचेल ने 22 और शिवम दुबे ने 18 रन बनाए। राजस्थान की ओर से रविचंद्रन अश्विन ने 2 विकेट झटके। नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल को 1-1 विकेट मिला। वहीं रवींद्र जडेजा ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड से आउट हुए।

# ईशा-अनीष का शानदार प्रदर्शन ओलंपिक ट्रायल में दर्ज की दूसरी जीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला निशानेबाज ईशा सिंह और अनीष भानवाला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक ट्रायल में दूसरी जीत दर्ज की। ईशा ने महिला 25 मीटर पिस्टल और अनीष ने पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल में रविवार को जीत हासिल की। अनीष ने दिल्ली में इसी स्पर्धा का पहला ट्रायल जीता था, जबकि ईशा ने भी दिल्ली में कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के दूसरे ट्रायल में जीत दर्ज की थी।

### अनीष ने बनाया दबदबा

पुरुष रेपिड फायर पिस्टल फाइनल में अनीष ने दबदबा बनाया। उन्होंने पांच निशानों की शुरूआती तीन सीरीज में सभी सटीक निशाने लगाए। उन्होंने 36 अंक के साथ खिताब जीता। विजयवीर सिद्धू 31 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अंकुर गोयल ने 19 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। आदर्श सिंह और भावेश शेखावत क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। ये सभी 10 निशानेबाज सोमवार को ओलंपिक चयन ट्रायल के चौथे और अंतिम ट्रायल में हिस्सा लेंगे।

वहीं, मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी (एमपीएसएसए) रेंज में ईशा ने महिला 25 मीटर पिस्टल ट्रायल में पहली जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में 43 अंक जुटाए। उनका स्कोर इसी महीने बाकू विश्व कप में कोरिया की किम येजी के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से एक अंक अधिक है। मनु भाकर 40 निशाने लगाकर दूसरे स्थान पर रहीं जबकि रिद्धम सांगवान ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सिमरनप्रीत कौर बरार और अभिदन्या पाटिल ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। शुरूआती टीम ट्रायल के बाद महिला स्पोर्ट पिस्टल में मुन ने ईशा पर बढ़त बना रखी है, जबकि पुरुष रेपिड फायर पिस्टल में अनीष दूसरे स्थान पर चल रहे विजयवीर से काफी आगे हैं।

## इंडी गठबंधन के नेताओं ने की गिरिडीह लोस प्रत्यासी का स्वागत

**कथारा (आजाद सिपाही)।** इंडी गठबंधन की ओर से गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार मथुरा प्रसाद महतो से मिलकर चुनावी रणनीति पर व्यापक चर्चा हुई। हमारा बूथ सबसे मजबूत के तहत योजना बनाकर कार्य किए जायेंगे। प्रतिनिधि मंडल में शामिल यूनियन के नेताओं को प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि लोकसभा में कोयला के मजदूरों का आवाज बनूंगा। मजदूर हितों की रक्षा होगी। वर्तमान की केंद्र सरकार पूर्व में मिल रहे सुख सुविधाओं पर लगातार हमले कर रही है। यह एक ऐसा अवसर है कि श्रमिक जमात अपने अधिकार की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करें। मैं कोयला मजदूरों के बीच में जाकर अपने पक्ष में मतदान करने का अपील करूंगा। जब भी लोग मेरी जरूरत होगा मैं हमेशा उपलब्ध रहूंगा। वर्तमान सांसद की तरह नदारद नहीं रहूंगा।

### ब्रह्मर्षि समाज ने ढुल्लू महतो का किया अभिनंदन, समाज के समर्थन का दिया भरोसा

# लोगों का कर्ज चुकाऊंगा: ढुल्लू

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** ब्रह्मर्षि समाज की ओर से रविवार को सहजानंद नगर स्थित सहजानंद सरस्वती सेवा ट्रस्ट सभागार में बैठक हुई, जिसकी अगुवाई ट्रस्ट के अध्यक्ष सह धनबाद सहकारी बैंक के अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने की। इसमें धनबाद लोकसभा केंद्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का अभिनंदन किया गया। इस दौरान ढुल्लू महतो ने ट्रस्ट के अभिभावकों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद अपने संबोधन में कहा कि ब्रह्मर्षि समाज के अभिभावकों का मुझे सदैव मार्गदर्शन व आशीर्वाद मिला है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस बार चुनाव में भी उनका आशीर्वाद मिलेगा। मैं विश्वास दिलाता हूं कि इस स्नेह और आशीर्वाद का कर्ज आजीवन सम्मान व सेवा करके निभाने का प्रयास करूंगा।

**ढुल्लू महतो के जन्मदिन पर काटा गया केक**

ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने कहा कि ब्रह्मर्षि समाज का इतिहास रहा है कि जो सत्य व धर्म के मार्ग पर चलता है ब्रह्मर्षि समाज उसका मार्गदर्शन और सहयोग करता है। ढुल्लू महतो को आश्वस्त करते हैं कि इस चुनाव में भी ब्रह्मर्षि समाज का आशीर्वाद मिलेगा। दूसरी ओर, बरवाअड्डा में कुशवाहा समाज की ओर से ढुल्लू महतो का अभिनंदन किया गया। ढुल्लू महतो को पुष्पगुच्छ देकर उनके जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर बधाई देते हुए समाज का समर्थन देने का आश्वासन देते हुए विजयी होने का आशीर्वाद दिया। इस असर पर ढुल्लू महतो ने कहा कि यहां मिले स्नेह व आशीर्वाद पाकर अभीभूत हूं। आपके हर सुख दुःख में सदैव खड़ा रहूंगा। वहीं, जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले ढुल्लू महतो धनबाद विधानसभा अंतर्गत सरायढेला में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। जहां कार्यकर्ताओं ने ढुल्लू महतो को सम्मानित किया।

## नयी बहाली पर रोक लगाना भाजपा सरकार की बड़ी भूल : अनूप सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** कोल इंडिया में कर्मियों की नए बहाली पर रोक केंद्र की भाजपा सरकार की बड़ी भूल है। महिला वीआरएस पर भी रोक लगा दिया गया। भाजपा अगर फिर से केंद्र की सत्ता में काबिज हुई तो रिटायर कर्मियों को मिलने वाले पेंसन को भी बंद कर दिया जायेगा। उक्त बातें बेरमो विधायक सह धनबाद लोकसभा केंद्र की आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पति अनूप सिंह ने कही। वे रविवार को बस्ताकोला में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नए युवा पीढ़ी को सरकारी एवं कोयला उद्योग में रोजगार दोबारा कांग्रेस की सरकार ही उपलब्ध कराएगी। कोल इंडिया के कर्मियों के मेडिकल अनफिट सहित अन्य सुविधा को दोबारा शुरू किया जाएगा। इस मौके पर राहुल सिंह, रॉकी पासवान, शत्रुघ्न पासवान,, अभिषेक शर्मा, संजय पासवान, सतीश कुमार, संजय राम और शुभम पासवान आदि मौजूद थे।

## पहले लड़े थे गोरों से, अब लड़ेंगे चोरों से : दुर्गा दास



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** धनबाद लोकसभा केंद्र से आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह के समर्थन में कांग्रेस नेत्री दुर्गा दास ने निरसा प्रखंड क्षेत्र के मडमा मडमा बस्ती में रविवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व जिला परिषद सदस्या, प्रदेश सचिव सह पीसीसी डेलिकेट सह चंदनकयारी विधान सभा प्रभारी दुर्गा दास ने मडमा के वस्ती के ग्रामीणों से कहा कि अपमा कीमती मतदान कर एक अच्छे व कमर्ठन प्रत्यासी को चुनें, ताकि आपके हर सुख-दुख में वो आपके पास खड़ा रहे। लाभकारी योजनाओं से जनता को लाभावित करने में सहयोग करे। दुर्गा दास ने पत्रकारों से कहा कि पहले लड़े थे गौरव से अब लड़ेंगे चोरों से। इस मौके पर अमन राजक, प्रर्दीप गोप आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रत्याशी सीपी चौधरी ने किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** एनडीए गठबंधन के आजसू प्रत्याशी सह सांसद चंद्रप्रकाश (सीपी) चौधरी ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में चुनावी रणनीति को मूर्त रूप देने के लिए बाघमारा विधानसभा के महुदा में शनिवार की देर शाम अपने पहले चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया। उन्होंने भाजपा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह एवं कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी तैयारियों पर चर्चा कर आगामी कार्यक्रम के संबंध में विचार-विमर्श कर रणनीति बनाई। इस दौरान शेखर सिंह के नेतृत्व में उनके समर्थकों ने गिरिडीह सीट पर प्रचंड जीत का दम दिखाया। वहीं, प्रत्यासी चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि बाघमारा विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। विकास के बल पर प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन बहुत बड़े अंतर से गिरिडीह में इस बार भी जीत दर्ज करेगी। जबकि मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह ने कहा कि बाघमारा विधानसभा सहित संपूर्ण देश में माहौल भाजपा के पक्ष में है। देश में एक बार पुनः भाजपा भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। मौके पर रोशनलाल चौधरी, धनेश्वर महतो, सुभाष राय, अनिल उपाध्याय, शिबू महतो, मुकुंद महतो, मटुक मिश्रा, उगा कुमारी, राजीव सिंह, गुड्डु अंसारी, उषा देवी आदि मौजूद थे।

## 'अबकी बार 400 पार' का लक्ष्य ही भाजपा का संकल्प : विवेक

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को लोकसभा सोशल मीडिया वॉलंटियर की बैठक हुई। जिसका संचालन लोकसभा सोशल मीडिया संयोजक विक्रांत उपाध्याय ने किया। इस बैठक में प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी एवं सोशल मीडिया हाईटेक के झारखंड प्रभारी विवेक सिंह मुख्य अतिथि के रुप मे उपस्थित थे। राहुल अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश के विकाश के लिए कार्य कर रहे हैं। उनका साथ देना हर कार्यकर्ताओ की जिम्मेदारी बनती है। उनके 10 वर्षो के कार्य की उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाना ही हमलोगों का मुख्य उद्देश्य है, ताकि देश के हर नागरिक को उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी मिल सके। उनके विचारों और कार्यों को देशवासियों तक पहुंचाने का सब से सुलभ माध्यम सोशल मीडिया है। आज चुनाव का दौर है और मोदी जी को फिर से एक बार प्रधानमंत्री बनाना ही मुख्य लक्ष्य है। इस लिए धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भारी मतों से विजयी बनाकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। वहीं, विवेक सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफार्म है जिस से दुनिया के किसी कोने मे भी कही का खबर मिनटों मे पहुंचाया जा सकता है। आज से, बल्कि अभी से ही सभी लोग सोशल मीडिया पर सक्रिय होकर कार्य शुरू कर दें। अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पार करना ही संकल्प है। इस लिए अभी से अपने-अपने कामों में जुट जाना है। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, जिला मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थ सारथी, सुशील सिंह, सोशल मीडिया सह संयोजक बृजनंदन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## माकपा धनबाद लोस सीट पर अनुपमा सिंह के लिए तेज करेगा जनसंपर्क



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की बोकारो लोकल कमेटी की बैठक रविवार को सेक्टर 9 में हुई। जिसकी अध्यक्षता कुमार सत्येंद्र ने की। बैठक में धनबाद लोकसभा केंद्र से आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में जनसंपर्क अभियान तेज करने का निर्णय किया गया। अपने 'बोधन में जिला सचिव भागीरथ शर्मा ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगियों को पराजित कर केंद्र में एक धर्मनिरपेक्ष सरकार का गठन सुनिश्चित किए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सांसद की निष्क्रियता और लोकसभा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के प्रति उनकी उदासीनता के चलते मतदाताओं में भारी आक्रोश है। इस्पात का महत्वपूर्ण क्षेत्र होने के बावजूद भाजपा सांसद ने पिछले 10 सालों से इस क्षेत्र को और पीछे धकेल दिया है। बेरोजगारी और पलायन यहां चरम पर है। विस्थापन और विस्थापितों के प्रति इनकी बेरुखी जगजाहिर है। कार्पोरेट घरानों की ओर से यहां उपलब्ध खनिज की लूट के लिए आदिवासियों और अन्य गरीबों की जमीन हथियाने के खिलाफ सांसद की रहस्यमय चुप्पी से आम मतदाता काफी नाराज हैं। माकपा का मानना है कि 18वीं लोकसभा का चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश की राजनीति जिस चौराहे पर खड़ी है इस चुनाव का नतीजा उसकी दिशा तय करेगा। इस चुनाव में हमारे संविधान का धर्मनिरपेक्ष चरित्र, जनवाद और देश का संघीय ढांचा सभी कुछ दाव पर लगा हुआ है। बैठक को लोकल कमेटी सचिव राज कुमार गोराई ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मो अब्बास, आरएन सिंह, शंकर पोद्दार, आर बी सिन्हा, भूदेव प्रसाद सिंह, विजय कुमार आदि मौजूद थे।

## बागडिगी बस्ती के 5000 ग्रामीणों ने 'पानी नहीं तो वोट नहीं' का नारा लगा दी मतदान बहिष्कार की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनसार/झरिया।** धनबाद जिला प्रशासन शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर लगातार अभियान चला रहा और लोगों से अपील भी कर रहा हैं। चुनावी प्रचार के शोर में अब चुनाव बहिष्कार के नारे भी सुनाई पड़ने लगे हैं। इसी बीच झरिया विधानसभा अंतर्गत बागडिगी बस्ती के लगभग 5 हजार ग्रामीणों ने सरकार के उदासीन रवैया के कारण मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। 'पानी नहीं तो वोट नहीं' आंदोलन कर रहे हैं। ग्रामीण प्यास बुझाने के लिए इधर उधर भटकने को मजबूर हैं। कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार भी लगाई, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका, जिसके बाद इन लोगों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला लिया है। ग्रामीणों ने हाथों में तख्तियां लेकर पानी, सड़क और बिजली नहीं तो वोट नहीं के नारेबाजी भी की। वहीं दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि पिछले कई वर्षों से हम सभी ग्रामीण जल संकट से जूझ रहे हैं। हालात यह है कि बस्ती में पीने का पानी नहीं होने के कारण इधर-उधर भटकते हुए तीन किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जार का पानी खरीद कर गुजर बसर करने को मजबूर हैं। बस्ती के ग्रामीण नयन चक्रवर्ती ने कहा कि सरकार के उदासीन रवैया के कारण बागडिगी बस्ती के ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं। बस्ती में न सही से सड़क है न ही बिजली-पानी हैं। साथ ही बीसीसीएल की तानाशाही रवैया से हमलोग परेशान हैं। बरारी बस्ती में एक मात्र सरकारी सड़क था, जहां बीसीसीएल ने वहा बेरियर लगा दिया है। इमरजेंसी एंबुलेंस बस्ती में नही आ सकता हैं। पानी, नाला, बिजली, सड़क की समस्या को दूर नहीं करने पर मतदान बहिष्कार कर रहे है।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावक-अध्यापक बैठक जरूरी



**स्वामी विवेकानंद में स्कूल में अभिभावक-अध्यापक संपर्क कार्यक्रम संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** स्वामी विवेकानंद प्लस-टू हाई स्कूल में रविवार को शिक्षक-अभिवावक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों के अभिवावक व शिक्षक उपस्थित हुए। इस दौरान बच्चों के पाठ्यक्रम व अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों के बारे में विचार-विमर्श किया गया। शिक्षा व्यवस्था में सुधार, संसाधनों का उपयोग एवं आधुनिक शिक्षा को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। संपर्क के क्रम में स्कूल के सचिव एस हुसैन द्वारा छात्रों के अभिवावकों से शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए विचार विमर्श भी मांगा। उन्होंने बताया कि स्कूल में समय-समय पर अभिभावक-अध्यापक मीटिंग का होना भी अति आवश्यक है, ताकि बच्चों के अभिभावक और अध्यापक आपस में साथ बैठकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के बारे में आपसी तालमेल कर सकें। वहीं, उप प्राचार्य प्रेम कुमार रवानी ने कहा कि अभिवावकों, छात्रों एवं शिक्षकों के सहयोग से ही शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा। इस मौके पर स्कूल के सचिव एस हुसैन, प्राचार्य एस कुमार, उपप्राचार्य प्रेम कुमार, शिक्षकों में भागीरथ सिंह, राहुल राय, देवेंद्र प्रसाद साव, ममता कुमारी, करुणा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## अवैध कोयला लदे दो हाइवा जब्त, तीन गिरफ्तार

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप जनार्दनन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उपाधीक्षक (विधि व्यवस्था) दीपक कुमार के नेतृत्व में धनबाद और बैंकमोड़ की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए शनिवार देर रात धनबाद थाना अंतर्गत बस स्टैंड के समीप से अवैध कोयला लदे दो हाइवा को जब्त किया। दोनों वाहनों से करीब 40 टन कोयला भी जब्त किया गया है। साथ ही पुलिस ने तीन आरोपितों को भी गिरफ्तार किया है। उनके नाम गोविंद कर्माकर, संतोष भुइयां और नारायण बाउरी है।

### मातृत्व दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा ने किया जनसंवाद कार्यक्रम

# मोदी सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने की कर रही हर मुमकिन कोशिश: विधायक सुनीता चौधरी





आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** गोमिया प्रखंड के हजारी बस्ती में रविवार को भाजपा महिला मोर्चा गोमिया प्रखंड की ओर से मातृत्व दिवस पर महिलाओं के बीच जन संवाद कार्यक्रम का आयोजित किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ के विधायक सुनीता चौधरी के अलावा भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गिरजा देवी, भाजपा गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के सह संयोजक डॉ सुरेंद्र राज, विहिप के जिलाध्यक्ष अभय सिंह, मुखिया तारामणि देवी उपस्थित थीं। इस अवसर पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि मातृत्व शक्ति देश में पुरुषों के साथ मिलकर कई महत्वपूर्ण कर रही हैं और केंद्र की मोदी सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त व मजबूत बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित किया जा रहा है। उन्हें रोजगार से भी जोड़ा जा रहा है। कहा कि पूरे देश में चुनाव चल रहा है और गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के प्रत्यासी चंद्रप्रकाश चौधरी चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने पुनः केंद्र में मोदी सरकार के गठन के लिए एनडीए प्रत्यासी को मतदान करने की अपील की। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सह बेरमो प्रमुख गिरजा देवी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा गरीबों एवं महिलाओं के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसमें प्रधानमंत्री उजवल्ला योजना के तहत गरीब महिलाओं को घर घर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराई गई है और बचत के लिए जन धन योजना के तहत सभी महिलाओं का बैंक में खाता खोलवाया गया है। संवाद कार्यक्रम को भाजपा के डॉ सुरेंद्र राज, विहिप के अभय सिंह, बसंती देवी, संध्या रानी, आशा देवी आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर केशव मणि प्रसाद, जिप सदस्य धनेश्वर महतो, पियूष चौधरी, अमृतलाल मुंडा और किशोर वर्मन आदि उपस्थित थे।


## एग्यारकुंड के आदिवासी और बाउरी टोला में भी ग्रामीणों ने दी 'पानी नहीं तो वोट नहीं' की चेतावनी



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के गोपीनाथपुर पंचायत में आदिवासी टोला और बाउरी टोला के ग्रामीणों ने पानी नहीं तो वोट नहीं का नारा देते हुए वोट बहिष्कार की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने कहा कि आज तक जितने भी जनप्रतिनिधि वोट मागने के लिए आये, सभी ने काम निकल जाने के बाद छलावा ही किया है। मतदान के समय जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे कर जाते है और मतदान खत्म होने के बाद सुधि लेने तक नहीं आते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि पानी और ग्रामीण रोड की समस्या से वे लोग त्रस्त हैं। निरसा विधानसभा क्षेत्र मे 'दो डैम होते हुए भी पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के गोपीनाथपुर पंचायत में आदिवासी टोला और बाउरी टोला के ग्रामीणों जान जोखिम में डालकर ढेर किलो मीटर की दूरी से खुदिया खदान से महिला एवं पुरुष गंदे पानी से प्यास बुझाने को मजबूर हैं। झारखंड सरकार के माध्यम से एवं एग्यारकुंड प्रखंड के जरिये जल नल योजना के तहद पानी के बेवस्था किया गया था, लेकिन किसी मे भी पानी नही मिलता है, जल नल योजना लूट खसोट की योजना बन गयी है। जितने भी चापाकल है सब खराब है। अगर किसी जनप्रतिनिधियों का वोट लेना हो तो पहले पानी दे तब वोट ले, अन्यथा पानी नहीं तो वोट नहीं। वोट बहिष्कार का नारा लगाने वालों में गोपीनाथपुर पंचायत के उपमुखिया विश्वनाथ बाउरी, समाजसेवी बजरंग बाउरी, वार्ड सदस्य 9 के पति एवं आदिवासी टोला और बाउरी टोला के ग्रामीण महिला और पुरुष शामिल थे।

# पीएम मोदी 20 को फिर ओड़िशा आयेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री मोदी 20 तारीख को फिर ओड़िशा आयेंगे। इस यात्रा के दौरान वह पुरी में रोड शो करेंगे। वह कटक और अंगुल में भी सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करेंगे। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोलक महापात्र ने दी जानकारी। इसी तरह केंद्रीय मंत्री अमित शाह 15 तारीख को ओड़िशा दौरे पर आने वाले हैं। अपनी यात्रा के दौरान शाह राउरकेला, कंटाबांजी, सोरडा में समाबेश करेंगे। इसी तरह राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 17 तारीख को ओड़िशा का दौरा करेंगे। वह सुंदरगढ़, हिन्जिली और पद्मपुर का दौरा करेंगे और समावेश करेंगे। बता दें कि मोदी इस महीने दो बार ओड़िशा का दौरा कर चुके हैं। मोदी ने 6 मई को ओड़िशा में चुनाव प्रचार शुरू किया था।

# आज ओड़िशा के 28 विधानसभा क्षेत्रों में सात बजे से होगी वोटिंग






आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में सोमवार 13 मई को पहले चरण का मतदान होगा। वोटिंग सुबह 7 बजे शुरू होगी। इसी चरण में ब्रह्मपुर, कलाहांडी, नबरंगपुर और कोरापुट संसदीय क्षेत्रों और इसके अंतर्गत आने वाले 28 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। इसलिए बूथ के लिए गए पोलिंग पार्टी ईवीएम, वीवीपैट और संबंधित उपकरण के साथ। इसके लिए सभी स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय अपनाए गए हैं. इसके लिए शनिवार को शाम 5 बजे प्रचार खत्म हो गया . राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) और संबंधित जिला प्रशासन ने मतदान के लिए सभी तैयारियां कर ली हैं।

राज्य में पहले चरण के मतदान के लिए कुल 7,303 मतदान केंद्र (बूथ) बनाये गये हैं और इनमें से 60% बूथों पर वेबकास्टिंग की जायेगी। बूथ पर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत वोट प्राप्त करने के लिए चौदह अतिरिक्त मतदान केंद्र बनाये गये हैं। 1264 संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान की गयी है, जबकि 662 की पहचान आदर्श मतदान केंद्रों के रूप में की गयी है। 715 मतदान केंद्रों पर केवल महिला पोलिंग कर्मचारी हैं और 39 मतदान केंद्रों पर केवल भिन्नक्षम कर्मचारी नियोजित हुए हैं।

सीइओ निकुंज बिहारी धल ने बताया कि इस चरण में, 4 लोकसभा सीटों के लिए 37 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि 28 विधानसभा सीटों के लिए 243 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

# 17000 पुलिसकर्मी चुनाव में लगाये गये हैं : डीजीपी




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में पहले चरण का मतदान सोमवार को है। इस बीच पुलिस महानिदेशक अरुण कुमार षाड़ंगी ने रविवार को पुलिस सेवा भवन में चुनाव के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर एक संवाददाता सम्मेलन किया। उन्होंने कहा कि 4 संसदीय क्षेत्रों और 28 विधानसभा क्षेत्रों में सुरक्षा को प्राथमिकता दी गयी है। 9 जिलों में 6,282 स्थानों पर 7298 मतदान केंद्र हैं। इनमें से 537 मतदान केंद्र माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में हैं।

डीजीपी ने बताया कि कल के मतदान के लिए कुल 17,000 पुलिस बल तैनात किये जायेंगे। अर्धसैनिक बलों की 104 कंपनियां और एसएपी की 66 कंपनियां होंगी। 600 मोबाइल पार्टी विभिन्न बूथों की निगरानी करेंगे। एक मोबाइल पार्टी 10 से 12 बूथों पर जायेगा और रिपोर्ट लेगा। जिन 9 जिलों में चुनाव होने जा रहे हैं, वहां 51 चेक पोस्ट हैं। आंध्र और छत्तीसगढ़ से जुड़ी इन जांच चौकियों पर सीसीटीवी लगे हैं। चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार 210 फ्लाइंग स्क्वाड और 195 निगरानी दलों को तैनात किया गया है।

मतदान समाप्त होने के बाद इवीएम को 15 स्ट्रांग रूम में रखा जायेगा। अर्धसैनिक इवीएम इनर सर्कल का प्रभारी होगा और एसएपी बाहरी सर्कल का प्रभारी होगा। जिन 9 जिलों में चुनाव होने हैं, उनमें से 6 जिले नक्सल प्रभावित हैं। डीजीपी अरुण कुमार षाड़ंगी ने कहा कि इसलिए मतदान दल की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किये गये हैं।

## नक्सलियों ने पोस्टर लगाया

**भुवनेश्वर।** राज्य में पहले चरण का मतदान सोमवार को है। मतदान के एक दिन पहले माओ पोस्टर देखा गया। रविवार को कलाहांडी जिले के एम रामपुर थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 59 के केंदु घाटी के पास सड़क किनारे कई स्थानों पर माओ के पोस्टर लगाये गये। इस पर के-केबीएन डिविजनल कमेटी, भा.क.पा. (माओवादी) लिखा गया है

## आम सूचना

मैं मनोज कुमार पिता बाबुराम महतो, ग्राम हुटुप, पोस्ट इरबा, थाना ओरमांझी, जिला रांची (रांची लोकसभा) का निवासी एवं बहुजन समाज पार्टी का उम्मीदवार हूं। मेरे विरूद्ध देश के किसी भी थाना में किसी भी प्रकार की प्राथमिकी-मुकदमा दर्ज नहीं है।

# संदेशखाली में भाजपा और टीएमसी के बीच हुई झड़प



- तृणमूल बोली- वीडियो सामने आने के बाद भाजपा बौखलायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में रविवार को भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प का एक वीडियो सामने आया है। इसमें भाजपा का पट्टा पहले हुए कुछ महिलाएं कुछ युवकों को पीटती हुई नजर आ रही हैं। टीएमसी नेता सुकुमार महतो ने कहा-खुलना इलाके के मुद्दों को लेकर एक बैठक हो रही थी। भाजपा के लोग आए और हमारे कार्यकर्ताओं की पिटाइ शुरू कर दी। टीएमसी ने वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा-संदेशखाली में गढ़े गये झूठे नैरेटिव से भाजपा के लोग बौखला गये हैं। आप खुद देखिए कि कैसे भाजपा की सांसद प्रत्याशी रेखा पात्रा के नेतृत्व में जिन महिलाओं ने पैसे लेकर झूठ बोले थे। वे हमारे कार्यकर्ताओं को बेरहमी से पीट रही हैं। भाजपा संदेशखाली का सच सामने आने के बाद ध्यान भटकाने के लिए ये सब कर रही है। अगर वे डरे हुए नहीं होते तो कानून-व्यवस्था अपने हाथ में क्यों लेते। इस महीने संदेशखाली के दो वीडियो वायरल हुए हैं। इसमें भाजपा नेता संदेशखाली की घटना को खुद साजिश बता रहे हैं। महिलाओं ने भी पैसे लेकर झूठ बोलने की बात स्वीकार की है।

# सीएम योगी ने काशी विश्वनाथ धाम में किया दर्शन-पूजन, काल भैरव का लिया आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की सुबह श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर व काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने बाबा विश्वनाथ का विधि-विधान से दर्शन-पूजन व जलाभिषेक किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो और नामांकन के क्रम में सीएम योगी काशी में थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को चुनाव प्रचार के लिए निकलने से पहले काशी कोतवाल बाबा काल भैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रविवार को काशी दौरे का दूसरा दिन था। शनिवार की शाम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की आरती में शामिल हुए। इसके बाद दोनों नेताओं ने देर रात तक बैठक कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काशी से नामांकन और रोड शो की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए भाजपा कार्यकताओं को बूथ जीतने का भी मंत्र दिया। मान्यता है कि रविवार के दिन काशी कोतवाल काल भैरव के दर्शन से विशेष फल मिलता है। रविवार को काशी से चुनाव प्रचार के लिए कई जनपदों में जाने से पहले गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने दिन की शुरूआत काल भैरव के मंदिर में दर्शन से की। इसके बाद वे देवाधिदेव बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे।

# प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर बाबूलाल मरांडी ने किया जनसंपर्क

आजाद सिपाही संवाददाता



जनसंपर्क में झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

**धनवार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 मई को बिरनी प्रखंड के ग्राम पेशम में आगमन को लेकर धनवार विधानसभा में रविवार को झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने जनसंपर्क किया। बाबूलाल मरांडी ने पूर्णनगर, मकड़िहा, कुबरी, कोशामाही, करगाली, गोरहंद, चट्टी, बेको, नवागढ़, धर्मपुर, गादी, माधोपुर, हेमरोडीह आदि दर्जनों गांव का भ्रमण कर जनसंपर्क कर पीएम मोदी के स्वागत के लिए लोगों को उपस्थित होने को कहा। जनसंपर्क में मुख्य रूप से चुन्नू कांत, सुनील अग्रवाल, पवन साव, उदय और संजय साहू आदि उपस्थित थे।

# शीतलापल्ली परिसर में घुटना का सफल प्रत्यारोपण

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** चिकित्सा विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल शीतलापल्ली ने घुटने प्रत्यारोपण की पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जो रोगियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में अत्याधुनिक चिकित्सा उपचार के रूप में उभरा है।

प्रक्रिया का संचालन करने वाले अस्पताल के हड्डी रोग विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ रंजीत कुमार पात्र ने कहा कि इस सर्जरी के बाद मरीज को कब्ज से छुटकारा मिल जाता है। उन्होंने कहा कि इसी तरह, गठिया की समस्याओं के कारण घुटने का दर्द भी पूरी तरह से दूर हो जाता है।

घुटने के पूर्ण प्रतिस्थापन में घुटने से क्षतिग्रस्त हड्डी और उपास्थि को हटाना और घुटने के सामान्य कार्य को बहाल करने के लिए एक प्रोस्थेसिस प्रत्यारोपित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है।

डॉ पात्र ने कहा कि एक महिला मरीज एक साल से अधिक समय से अपने दाहिने घुटने में सूजन और समस्याओं के साथ अस्पताल आई थी। उस वक्त वह ठीक से चल भी नहीं पाते थे। गहन जांच के बाद पता चला कि उन्हें ऑस्टियोआर्थराइटिस हो गया है और उनके दाहिने घुटने की हड्डी खराब हो गई है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही उनमें एनीमिया, रक्तचाप और हाइपोथायराइड की समस्या भी पायी गयी। जब उनकी चिकित्सीय स्थिति, गंभीर ऑस्टियोपोरोसिस और हड्डियों के नुकसान के कारण उनके संपूर्ण घुटने के प्रतिस्थापन की योजना बनाई गई, तो घुटने के प्रत्यारोपण को सावधानीपूर्वक रखा गया और हड्डी के सीमेंट से बदल दिया गया।

डॉक्टर पात्र ने बताया कि मरीज को सर्जरी के दौरान या बाद में कोई परेशानी नहीं हुई। इस सर्जरी में अस्पताल के एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉ शारदा प्रसन्न दाश और अन्य ओटी के कर्मचारियों ने सहयोग कीए थे।

अस्पताल के निदेशक देबप्रसाद दास ने कहा कि पिछले एक महीने में हड्डी रोग विभाग ने लगभग 25 सर्जरी की हैं, जिनमें कूल्हे का प्रतिस्थापन और घुटने का पूर्ण प्रत्यारोपण शामिल है। उन्होंने कहा कि इसमें ईएनटी, स्त्री रोग और मूत्र विज्ञान विभागों के रोगियों की विभिन्न सर्जरी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी को उद्घाटन किए गए अस्पताल में छह मॉड्यूलर ओटी और 40 आइसीयू बिस्तर हैं।







VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |


मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**